e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 161
बुधवार
14.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपका आज का परिणाम आपके अतीत के किये हुए कर्म है, भविष्य बेहतर बनाना है तो आज के फैसलों को बदल दो।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 37°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### ओडिशा में टाटा स्टील पावर प्लांट में स्टीम लीकेज, 19 घायल

**ढेंकनाल** : ओडिशा के ढेंकनाल जिले के मेरामुंडली में टाटा स्टील पावर प्लांट में स्टीम लीक हुआ है. कई कर्मचारियों को कटक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट होने से कम से कम 19 लोग घायल हो गए. बताया जा रहा है कि यह हादसा मंगलवार को निरीक्षण कार्य के दौरान दोपहर 1 बजे हुआ. एएनआई के मुताबिक टाटा स्टील ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के ढेंकनाल में टाटा स्टील मेरामंडली वर्क्स में स्टीम निकलने के कारण बीएफपीपी2 पावर प्लांट में दुर्घटना की खबर से हमें दुख हुआ है. इस हादसे ने निरीक्षण कार्य के दौरान और साइट पर काम करने वाले कुछ लोगों को प्रभावित किया है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में ले जाया गया.

### बेहद गंभीर चक्रवात का रूप लिया बिपरजॉय

**नई दिल्ली** : चक्रवात 'बिपरजॉय से भारी नुकसान होने की आशंका है और गुजरात के कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिले इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी. आईएमडी के अनुसार, चक्रवात 'बिपरजॉय के एक बेहद गंभीर चक्रवात के रूप में 15 जून की शाम को जखाऊ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र तथा कच्छ के तटों को पार करने की संभावना है. इस दौरान 125-135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर अधिकतम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलने के आसार हैं.

### उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर** : सुरक्षाबलों ने मंगलवार को उत्तरी कश्मीर में एलओसी के साथ सटे मच्छल सेक्टर में घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार व अन्य साजो-सामान भी मिला है। मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों को अपने तंत्र से पता चला था कि मच्छल सेक्टर में स्वचालित हथियारों से लैस आतंकियों का एक दल घुसपैठ के लिए उचित अवसर की तलाश में है। इसके आधार पर पुलिस ने सेना के साथ मिलकर मच्छल सेक्टर में उन सभी इलाकों में विशेष नाके स्थापित किए जो घुसपैठ की दृष्टि से संवेदनशील कहे जाते हैं। मंगलवार सुबह डोबानाड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने घुसपैठियों को देखते ही ललकारा। उन्होंने घुसपैठियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही उन्होंने फायरिंग कर दी, ताकि घेराबंदी तोड़ भाग सकें। जवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायर किया और मुठभेड़ शुरू हो गई।

### शाह ने चक्रवात बिपरजॉय की तैयारियों को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री से की चर्चा

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवात बिपरजॉय की तैयारियों को लेकर मंगलवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से वर्चुअल माध्यम से चर्चा की है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ-साथ राज्य के आठ संभावित प्रभावित जिलों के सांसद, जो चक्रवात से प्रभावित हो सकते हैं, वो भी बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के दौरान शाह ने राज्य की ओर से चक्रवात से निपटने के लिए की गई तैयारियों को लेकर चर्चा की और केन्द्र की ओर से हरसंभव मदद की बात कही है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोमवार को चक्रवात से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र और गुजरात के मंत्रालयों और एजेंसियों के साथ बैठक की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेला के तहत 70 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

# केंद्र सरकार की नई पहचान है रोजगार मेला : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेला के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 70 हजार से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया. रोजगार मेले में संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह रोजगार मेले एनडीए और भाजपा सरकार की नई पहचान बन गए हैं. मुझे खुशी है कि बीजेपी के शासन वाली सररकारें भी लगातार इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कर रही हैं. जो लोग इस समय सरकारी नौकरी में आ रहे हैं उनके लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण समय है. आपके सामने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है.पीएम मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना से करोड़ों युवाओं को मदद मिली है. स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसे अभियानों से युवाओं का सामर्थ्य और ज्यादा बढ़ा है. सरकार से मदद पाने वाले ये नौजवान अब खुद अनेक युवाओं को नौकरी दे रहे हैं. आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है. भारत को लेकर विश्वास और हमारी अर्थव्यवस्था पर इतना भरोसा पहले कभी नहीं रहा. तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है. झारखंड के रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जन मुंडा व धनबाद में अनपूर्ण देवी ने भी नियुक्ति पत्र का वितरण किया।

### भारत आज ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है

भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एक दशक पहले की तुलना में ज्यादा स्थिर, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है. राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरूपयोग. पुरानी सरकारों में यही पहचान बन गई थी, लेकिन आज भारत सरकार की पहचान उसके निर्णायक फैसलों से हो रही है, आज भारत सरकार की पहचान उसके आर्थिक और प्रगतिशील सामाजिक सुधारों से हो रही है. एक तरफ परिवारवादी पार्टियां हैं, भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां हैं, देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां हैं. उनका रास्ता है रेट कार्ड जबकि हम युवाओं के भविष्य को सेफ गार्ड करने का काम कर रहे हैं. रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं, जबकि हम आपके संकल्पों को साकार करने में लगे हैं. आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को सेफ गार्ड करने में लगे हैं.

**रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व धनबाद में अनपूर्णा देवी ने सौंपा नियुक्ति पत्र**



**देश के 130 जिलों में प्रत्येक घर में नल से जल आता है**

उन्होंने कहा कि हमारे जल जीवन मिशन पर 4 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं. जब यह मिशन शुरू हुआ तो ग्रामीण इलाकों के 100 घरों में से 15 घरों में ही नल से जल आता था। लेकिन आज इस मिशन के जरिए 100 में से 62 घरों में पाइप से पानी आने लगा है. आज देश के 130 जिलों में, सभी गांवों के प्रत्येक घर में नल से जल आता है.

### देशभर में 43 जगहों पर हुआ रोजगार मेला का आयोजन

रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 43 जगहों पर हुआ. केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं. नए कर्मचारियों को वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखापरीक्षा और लेखा विभाग और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में नियुक्त किया गया है.

# पलामू पुलिस लाइन में दो जवानों की अचानक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले मेदिनीनगर में दर्दनाक घटना सामने आई। जहां पुलिस लाइन में दो जवानों की अचानक मौत हो गई। दोनो जवान बिहार के आरा व लखीसराय जिला के निवासी थे। बताया जा रहा है कि एक जवान की मौत हार्ट अटैक से और दूसरे जवान की मौत बीमारी से हुई। मृतक जवान प्रकाश किरण बिहार के लखीसराय के रामपुर थाना क्षेत्र के निवासी था।

वही दूसरा जनार्दन सिंह बिहार के आरा निवासी था। बताया जा रहा है कि जनार्दन सिंह शराब का आदी था। वह पुलिस लाइन के फैमिली क्वार्टर में रहता था।

सोमवार रात अचानक उसकी तबीयत खराब हुई। इसके बाद आनन-फानन में साथी जवानों और परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। जवान प्रकाश किरण पलामू पुलिस लाइन के पोटाहाट बैरक में रहता था। मंगलवार सुबह बैरक में उठकर उसने साथी जवानों से बातचीत की और पानी भी पिया। पानी पीने के कुछ देर उसकी सांस तेजी से ऊपर नीचे होने लगी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

**दोनो जवान बिहार के आरा व लखीसराय जिला के निवासी थे।**

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी चंदन कुमार सिन्हा एवं डीएसपी सुरजीत कुमार पुलिस लाइन पहुंचे। घटना की पुष्टि करते हुए पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि एक जवान की मौत बीमारी से जबकि दूसरे की हार्ट अटैक से होने की आशंका है।

पुलिस मामले में छानबीन में जुटी है। दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई। दोनों जवानों का शव पोस्टमार्टम एनएमसीएच में होने के बाद दोनों मृतक जवानों को पुलिस लाइन में सलामी दी गई। तत्पश्चात शव को परिजनों को सौंपा दिया गया।

# दिल्ली से लेकर जम्मू तक भूकंप के तेज झटकों से कांपी धरती




एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ से 30 किमी दक्षिण पूर्व में रिक्टर पैमाने पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया।जम्मू-कश्मीर के डोडा में आज दोपहर 1ः33 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। श्रीनगर के एक स्थानीय निवासी ने कहा कि भूकंप से स्कूली बच्चे डर गए। दुकानों में मौजूद लोग बाहर निकल आए।


यह डरावना था। यह पिछले हफ्ते आए झटकों से ज्यादा तेज था।।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. ओपी मिश्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में आज 5.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप के झटके हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और आसपास के सभी इलाकों में महसूस किए गए।

कहा कि मंगलवार की दोपहर 1:33 बजे जम्मू-कश्मीर के डोडा में 5.4 रिक्टर स्केल का एक भूकंप आया। 5.4 की तीव्रता का भूकंप मध्यम से ताकतवर भूकंप की श्रेणी में आता है। कई क्षेत्रों में झटके महसूस किए गए हैं। 4 से 4.4 रिक्टर पैमाने तक के भूकंप की दोबारा संभावना बनी हुई है। इस भूकंप का चक्रवात बिपरजॉय से कोई संबंध नहीं है।

भारत के उत्तरी हिस्से में जहां मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए वहीं पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन में भी मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में था।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ ऑयल टैंकर, 4 की मौत

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दुर्घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये जिनका एक स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है. मैं उनके कुशल होने की प्रार्थना करता हूं.**



एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां एक ऑयल टैंकर दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह दुर्घटना कितनी भीषण थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हादसे के बाद हाईवे में ही आग लग गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है, वहीं तीन लोग घायल हैं। हाईवे के एक साइड पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है और सिर्फ एक ही तरफ से वाहनों को निकाला गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना लोनावाला और खंडाला के बीच घटी। टैंकर में कोई रासायनिक पदार्थ भरा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के बाद टैंकर में आग लगी और रसायन में विस्फोट होने से निकले अंगारे सड़क पर चल रहे वाहनों पर गिरने लगे। लोनावाला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क पर चल रहे चार वाहन चालक इस घटना में घायल हो गये और तीन की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों में एक व्यक्ति टैंकर में सवार था। वहीं टैंकर में सवार दो लोग घायल हो गये। अफसरों ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और आग पर काबू पा लिया गया है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दुर्घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये जिनका एक स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है. मैं उनके कुशल होने की प्रार्थना करता हूं.उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस, राजमार्ग पुलिस, आईएनएस शिवाजी के कर्मी और दमकल कर्मी घटनास्थल पर तैनात हैं और आग पर काबू पा लिया गया है.

# हरियाणा सरकार ने मानी किसानों की मांगें

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र** : हरियाण सरकार ने आखिरकार किसानों की सभी मांगों को मान लिया। प्रदेश सरकार सूरजमुखी को 6400 रुपये में खरीदने पर तैयार हो गई है। यानि किसानों को अब सूरजमुखी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा। वहीं,जेल में बंद सभी किसानों को भी बुधवार को रिहा कर दिया जाएगा। किसान संगठन सरकार के फैसले से खुश हैं। बता दें कि किसानों ने पहले दौर की वार्ता के बाद प्रशासन से कहा था कि अब अल्टीमेटम खत्म हो गया है और सारी बात अब धरना स्थल पर होगी। इसके बाद, किसानों की प्रशासन के साथ दूसरे दौर की बातचीत हुई। जो काफी सकारात्मक रही। इसी बैठक में किसानों और प्रशासन के बीच सहमति बन गई। इससे पहले, मंगलवार को दोपहर में किसानों की लोकल कमेटी की प्रशासन से मीटिंग हुई थी। जिसे वह अचानक छोड़कर निकल गए। किसानों ने कहा कि प्रशासन हमें लॉलीपॉप दे रहा है। उन्होंने कहा कि 4 बजे तक का समय था, लेकिन प्रशासन हमारे बीच नहीं पहुंचा। किसानों ने कहा कि अगर प्रशासन बातचीत करना चाहता है तो धरने पर आकर बात करे। प्रशासन के साथ बैठक के बाद किसान संगठनों ने फैसला लिया कि जीटी रोड जाम रहेगा। इसी के साथ, प्रदेश सरकार से कोई भी बात सिर्फ संयुक्त किसान मोर्चा करेगा। वहीं, भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन लंबा चल सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि किसान आंदोलन के लिए तैयार रहें।

किसानों की ओर से धरना स्थल पर ही खाना, पानी और चाय का प्रबंध किया गया। पानी और चाय के लिए अलग से टेंट लगाया गया। किसानों के लिए सुबह मीठे पानी का टैंकर मंगवाया गया। जीटी रोड पर लगे टेंट में तेज धूप के चलते गर्मी से बचने के लिए बड़े कूलर मंगवाए गए। सुबह लगाया टेंट छोटा पड़ने पर दोपहर में इसे और बढ़ाया गया। इसके साथ ही पानी और चाय के लिए अलग से टेंट लगवाया गया। किसानों की भीड़ के सामने टेंट छोटा पड़ने पर जीटी रोड के साथ लगते ताऊ देवीलाल पार्क में पेड़ों के नीचे भी किसान झुंड बनाकर बैठे रहे।

**सूरजमुखी पर एमएसपी देने के लिए राजी**



**जेल में बंद किसान भी होंगे रिहा**

# जेल में बंद हुर्रियत नेता अयाज अकबर की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

**श्रीनगर** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद हुर्रियत (जी) के नेता अयाज अकबर की श्रीनगर के शाल्टेंग इलाके में स्थित संपत्ति कुर्क की है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने अचल संपत्ति पर कुर्की का नोटिस चिपकाया है, जिसमें लिखा है कि जनता के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मौजा शाल्टेंग तहसील श्रीनगर में मोहम्मद अकबर खांडे पिता अब्दुल रहमान खांडे निवासी मलोरा, इमाम-उल-बाना मस्जिद के पास, सर्वेक्षण संख्या, 31 के तहत 1 कनाल और 10 मरले भूमि पीएस परिमपोरा, श्रीनगर जम्मू-कश्मीर को अबदी देह के रूप में आरसी-101 20177 एनआईए/डीएलआई में 31 मई, 2023 के एनआईए कोर्ट के अदालती आदेश के तहत संलग्न किया गया है। उल्लेखनीय है कि अयाज अकबर पिछले छह वर्षों से नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। अयाज अकबर की पत्नी का इस साल अप्रैल में कैंसर से जंग हारने के बाद निधन हो गया था।



# गंभीर बीमारी से पीड़ित चार को पलामू उपायुक्त ने किया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। **उपायुक्त ने गंभीर बीमारी से ग्रसित चार लोगों को की आर्थिक मदद :** जनता दरबार मे लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने धर्मेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से बीस हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह पांकी थाना क्षेत्र के सुरेंद्र उरांव ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की गुहार लगाया। सुरेंद्र ने उपायुक्त को बताया कि उनकी मां टीवी की बीमारी से ग्रसित है और एक फेफड़ा भी खराब हो चुका है, जिस पर उपायुक्त ने सुरेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से ईलाज हेतु दस हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह गठिया रोग से जूझ रहे डाल्टनगंज के सोनी कुमारी और रेहला थाना क्षेत्र के सोहन राम को उपायुक्त ने ईलाज हेतु दस -दस हजार रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया। सोहन राम परिवार समेत गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जनता दरबार में तरहसी प्रखंड के संजय कुमार व बिगावन यादव ने उपायुक्त से सहायक शिक्षक का सत्र 2019-20 के बकाया मानदेय भुगतान कराने का गुहार लगाया। इसी तरह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के ममता देवी ने उपायुक्त से पीएम आवास दिलाने का गुहार लगाई। इसी तरह तरहसी प्रखंड के प्रमोद कुमार रवि, नावा जयपुर थाना क्षेत्र के नजबुलाह और तरहसी प्रखण्ड क्षेत्र के विकास यादव ने अपने मुहल्ले में उपायुक्त से डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के रविशंकर सिंह ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋष्ठा दिलाने का अनुरोध किया। इसी तरह हरिहरगंज प्रखंड के क्षेत्र के ग्राम अकौनी के ग्रामीण जनता ने उपायुक्त से शिकायत किया कि अभी तक आधे गांव में बिजली नही पंहुची है, जिस पर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपके इलाके में बिजली की व्यवस्था की जाएगी। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# पंडवा बीडीओ ने मनरेगा से बन रहे कुआं की जांच किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** मझीगांव में मनरेगा से बन रहे कुआं की जांच पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने किए। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड के मझीगांव पंचायत अंतर्गत मझीगाव में मनरेगा से बन रहे कुआं की जांच पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने मंगलवार को किया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उपस्थित लोगो के बीच कहा की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा की योजना है मनरेगा की योजना के तहत मजदूरों को साथ मिलता है उन्होंने लाभुको को मनरेगा के तहत बन रहे कुआं को पूरा कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया की मनरेगा योजना के तहत निर्माण कुआं का मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे इस दौरान उन्होंने निर्माण कुआं की जांच की साथ ही लाभुक से जानकारी लिया। साथ ही लाभुक नरेश प्रजापति ने कहा की लगातार कुछ दिनों से काम लगातार चल रहा है इसी तरह चलता रहा तो जल्द निर्माण पूरा हो जाएगा। इस मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा के अलावा बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, पंचायत सेवक नरेंद्र कुमार पांडेय समेत कई लाभुक भी उपस्थित थे।

# चैनपुर में बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए हर जगह चलाया गया विशेष अभियान




**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल श्रम के खिलाफ चैनपुर में चलाया गया विशेष अभियान, 6 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त।चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर बाजार गढ़वा रोड समेत अन्य इलाको में बाल श्रम पदाधिकारी ऐतवारी महतो के नेतृत्व में बाल श्रम को लेकर विशेष अभियान चलाया गया इस अभियान के तहत कुल 6 बाल श्रम को मुक्त कराया गया और इनकी काउंसलिंग की जा रही है। इस मौके पर बाल श्रमिक के अध्यक्ष ऐतवारी महतो ने बताया की बाल श्रम कानूनी अपराध है, कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों ना हो बाल श्रम करवाते पकड़े गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जब तक श्रमिकों की स्थिति अच्छी नहीं होगी तब तक बाल श्रम पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। बाल श्रम जैसे अपराध को रोकने के लिए जिले में विश्व बाल श्रम निषेध जागरूकता रैली निकाली गई।उन्हें असाध्य रोग की चिकित्सा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समतुल्य राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे को विद्यालय ले जाने की जरूरत है। 6 से 14 साल के बच्चे को बाल श्रम नहीं कराया जा सकता है। 14 से 18 साल के बच्चे को कठोर नियोजन नहीं लाया जा सकता है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा,बाल दल गठित कर बाल श्रम करते बच्चे को भी विमुक्त किया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को सरकार द्वारा चल रहे श्रमिकों की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिए। इस करवाई में बाल श्रम पदाधिकारी के साथ चाइल्ड लाइन अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# परीक्षाफल से असंतुष्ट उपायुक्त ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय के वार्डन पर किया कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन, आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। **कस्तूरबा बालिका विद्यालय के दो वार्डन पर कार्रवाई करने के निर्देश :** मैट्रिक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विश्रामपुर व लेस्लीगंज के तत्कालीन वार्डन के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये. विश्रामपुर व लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मैट्रिक के रिजल्ट में संतोषजनक परिणाम नहीं आने के कारण उपायुक्त ने यह निर्णय लिया.उन्होंने कहा कि कस्तूरबा के सभी विद्यालयों में बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, सभी वार्डन यह सुनिश्चित करें। **विद्यालयों में बेंच, डेस्क, पोशाक या अन्य सामग्री स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन से ही लेना सुनिश्चित करें : उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने स्कूल प्रबंधन समिति को स्कूलों में बेंच, डेस्क, पोशाक या अन्य सामग्री की आपुर्ति के लिये बाहर की एजेंसी से कार्य लेने के बजाय जेएसएलपीएस के स्थानीय स्वयं सहायता समूह से काम करवाने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि इस कार्य से स्थानीय महिलाओं को रोजगार में सहूलियत होगी.उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में विद्यालयों में किसी भी तरह की सामग्री की आपुर्ति स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन के माध्यम से ही होना चाहिए। **बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी कस्तूरबा बालिका विद्यालय के स्कूल में बगैर सूचना दिए कोई शिक्षिका अनुपस्थित पायीं गयी तो संबंधित वार्डन को सस्पेंड किया जायेगा।

# राशन कटौती की शिकायत पर होगी कानूनी कार्रवाई : प्रमुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रमुख चन्द्रावती देवी की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गरीबों को मिलने वाली साड़ी, धोती, राशन, आधार सिडिंग सहित अन्य मामलों पर चर्चा किया गया। इस बैठक में उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नसीहत देते हुए प्रमुख ने कही की आप लोग अपनी कार्यशैली में तत्काल सुधार लाएं। आपलोगों के द्वारा हरेक लाभुकों से राशन कटौती की सूचना प्राप्त है। आप जहां से वितरण सामग्री का उठाव करते हैं,वहां भी मैं (गोदाम में) जा कर आपलोगों का जायजा ली हूँ, वहां से आपलोगों का कोई कटौती नही किया जाता है,तो फिर आपलोग यहां लाभुकों से कैसे कटौती कर सकते हैं। अगर ऐसी शिकायत पुनः दुबारा मिलती है तो सम्बंधित डीलरों पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी। आपलो ससमय सामग्री का उठाव करते हुए समय पर सभी लाभुकों के बीच सामग्री का वितरण करना सुनिश्चित करें। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने भी कहा कि मैं आपलोगों से अपेक्षा करता हूँ कि आपलोग सही ढंग से सामग्री का वितरण करें। यह जो अनाज आता है गरीबों के हक के लिए आता है, आपलोग मानवता का परिचय देते हुए कार्य करें। साथ ही प्रखंड कर्मियों को अन्य कार्यो में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उक्त बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुशील कुमार पाठक, विधायक प्रतिनिधि बिक्रमा सिंह, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद, उदय प्रसाद केतार मुखिया प्रमोद कुमार, प्रभुनारायण गुप्ता, गुड्डी देवी, सुनील बैठा, अरुण बैठा, गोपाल बैठा, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, परखण्डकर्मी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बाइक दुर्घटना में दो जख्मी

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्ह मोड़ के समीप मंगलवार को दो बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे के करीब मुकुंदपुर निवासी संजय वियार के पुत्र रोहित वियार केतार की ओर से अपने घर को आ रहे था वही दासीपुर निवासी शोभा साह के पुत्र मिथिलेश गुप्ता भवनाथपुर की ओर से अपने घर को आ रहा था इसी बीच कोल्ह मोड़ के समीप दोनों बाइकों का आमने सामने का टक्कर हो गया। जिससे रोहित वियार एवं मिथिलेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से स्वास्थ्य उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा गया।

# पीएम किसान विशेष शिविर का नहीं हो रहा है व्यापक प्रचार प्रसार



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि निदेशक झारखंड के निर्देशानुसार पीएम किसान के 14 वी किस्त जारी करने को लेकर भारत सरकार के सभी लाभार्थियों के लिए पीएम किसान/जे के आर एम वाई योजना के तहत लाभ प्राप्त करना जारी रखने के लिए ई केवाईसी, लैंड सेटिंग, और आधार सीडिंग करना अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशानुसार सभी शेष लाभुकों का 12.06.2023 से 23.06.2023 तक पंचायत वार जागरूकता अभियान और विशेष शिविर आयोजन करके ई केवाईसी लैंड सीडिंग, और आधार सीडिंग का कार्य सीएसपी संचालक एवं भारतीय डाक भुगतान बैंक के अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाना है। उसी के आलोक में पीएम किसान योजना से लंबित लाभुकों का ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, एवं आधार सीडिंग का कार्य करने हेतु बी ओ, बीटीएम, एटीएम, भीएलडब्ल्यू एवं कृषक मित्र को विशेष शिविर का आयोजन करने एवं उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया है। परंतु व्यापक प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण इक्की दुक्की किसान ही कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं जिससे सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ क्षेत्र के किसान को लक्ष्य के अनुकूल जानकारी के अभाव में नहीं मिल पा रहा हैं। **क्या कहते हैं बीटीएम केतार :** केतार बीटीएम ओम प्रकाश ने बताया कि संबंधित कृषक मित्र के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार में रुचि कम ली जा रही है वही गर्मी की बढ़ती तापमान व लू के कारण किसान कम पहुंच रहे हैं।

# चकरी गांव में आज भी आदिम जनजाति के लोग पीते हैं कुएं का गंदा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड के तसरार पंचायत के चकरी गांव में विकास से कोसों दूर है। जहां चकरी गांव ऐसे है जहां विकास का नामोनिशान नहीं है। यहां रहने वाले ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। सरकारी बाबू अपने कुर्सी छोड़कर गांव का दौरा करना नहीं चाहते। ग्रामीण सरकारी बाबू के पास दौड़-दौड़ कर परेशान हो गए। लेकिन कई गांव में अब तक शुद्ध पानी भी नसीब नहीं है। ऐसा ही एक गढ़वा जिला के डंडई प्रखंड अंतर्गत तसरार पंचायत के चकरी गांव में रहने वाले ग्रामीणों को पिछले कई वर्षो से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। चापाकाल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को कुंआ का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। वहीं गांव से तीन किमी की दूरी पर है। इस गांव में 25 परिवार रहते हैं। जिनकी आबादी करीब सवा सौ हैं। गांव में तीन हैंडपंप है,वर्षो से खराब है। एक हैंडपंप से गंदा पानी निकलता है। एक चापाकल ठीक है लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। जिस कारण चकरी के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए लगभग आठ सौ मीटर की दूरी तय कर खेत में बने एक कुआं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। उस कुंआ में बारिश का पानी के साथ गंदा पानी घुस जाता है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया टिफिन बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाजनसंपर्क अभियान में मंगलवार को वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ दीनदयाल सभागार मेदिनीनगर में टिफिन बैठक किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल में कई ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं देश के विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। पार्टी ने भी महाजनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का प्रयास कर रही है। पलामू संसदीय क्षेत्र में भी सड़क पुल पुलिया का निर्माण सहित एनएच 75 और एनएच 98 में कार्य जारी है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक कॉलेज, केंद्रीय, नवोदय, एकलव्य, विद्यालय का निर्माण कराया गया है। बिजली के क्षेत्र में बड़े पावर ग्रिड लगे वही सोलर प्लांट लगाने के लिए पलामू एवं गढ़वा मे स्वीकृति मिल गई। पानी सप्लाई के लिए भी वर्षो से पैसा आकर पड़ा हुआ है। रेलवे तीसरी लाइन निर्माण एवं रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए इंटरसिटी एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन जारी है। केंद्र कि मोदी सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य-? पीएम आवास योजना, शौचालय योजना, जनधन योजना, अन्न योजना, किसान योजना, आयुष्मान भारत जन औषधि सहित विभिन्न योजनाओं से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। कार्यकर्ताओं से अपील है कि मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं के बारे में घर-घर तक जाकर बताएं ताकि लाभार्थियों को इसका लाभ हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने किया संचालन विभाकर नारायण पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनाश वर्मा ने किया। टिफिन बैठक को श्याम नारायण दुबे मुकेश निरंजन सिन्हा परशुराम ओझा अमलेश्वर दुबे उदय शुक्ला दुर्गा जोहरी ने भी संबोधित किया। बैठक में परफूल सिंह शिव कुमार मिश्रा विजय ओझा सोमेश सिंह नरेंद्र पांडे विनोद सिंह अमित तिवारी मंगल सिंह सीटू गुप्ता रूपा सिंह लवली गुप्ता सुमन गुप्ता बसंती देवी ज्योति कुमारी सुमन देवी मंजू गुप्ता नीलिमा झा जिला परिषद प्रमोद सिंह रामलव चौरसिया धर्मदेव यादव बबलू शर्मा किशोरी पांडे अजय तिवारी दिलीप तिवारी श्याम जी चौधरी जय दुबे राघवेंद्र तिवारी अरविंद गुप्ता राकेश दुबे छोटू सिन्हा दीपक सिंह नंदलाल गुप्ता आनंद सिंह भोला पांडे वीरेंद्र प्रसाद अनुज पांडे अमित आनंद सुनील तिवारी पंकज तिवारी चेतन आनंद अलग दुबे मनोरंजन दुबे सरवन गुप्ता राजहंस अग्रवाल मनीष भिमानी पंकज शर्मा सुमन कुमार भीषम चौरसिया ज्ञान धन चौरसिया पंकज तिवारी प्रदीप बाबुल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, 4 घन्टे सड़क जाम

**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। शहरी क्षेत्रों में आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है जहां बाईपास सड़क फोर लाइन निर्माण हो रहा है जिसमें तेज वाहनों को परिचालन भी हो रहा है लोगों में वाहनों की परिचालन में जागरूकता लाने की जरूरत है साथी सावधानी से टू व्हीलर चलाना होगा नहीं तो आने वाले दिन भी सड़क दुर्घटना का कारण बनता रहेगा। मंगलवार के सुबह 10:00 बजे छतरपुर नौडीहा बाजार रोड में मनदेया नदी के पास सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने किया हाईवे फोर लाइन के साथ मेन रोड 98 छतरपुर, सरईडिह मोड़ को जाम कर दिया। जिससे गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। मृतक की पहचान शाहपुर सरईडीह निवासी अख्तर अंसारी (27 वर्ष ) के रूप में हुई है जो अपने गांव से छतरपुर आ रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित हाइवा ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई जिससे मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही लोगों ने प्रशासन से हाईवे ट्रक का परिचालन नियंत्रित रूप से करने एवं मुआवजे की मांग कर रहे थे।

# बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा को एस. आई. एस. देगा रोजगार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला गढ़वा के प्रशासन के सहयोग से सिक्यूरिटी स्किल्स कॉन्सिल ऑफ इंडिया एवं सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज लि0 द्वारा गढ़वा जिले के सभी प्रखंड परिसर में बहाली कैंप लागाया जा रहा है। 14 जून को खरौंधी थाना परिसर,15 जून को केतार थाना परिसर, 16 जून को कांडी थाना परिसर में, 17 जून को भवनाथपुर थाना परिसर में, 18 जून को विशुनपुरा थाना परिसर, 19 जून को मंझिआंव, 20 जून को धुरकी थाना परिसर, 21 जून को नगर उटारी थाना परिसर, 22 जून को रमना थाना परिसर, 23 जून को डंडई थाना परिसर, 24 जून को मेराल थाना परिसर, 25 जून को चिनिया थाना परिसर, 26 रंका को थाना परिसर, 27 जून को भंडरिया थाना परिसर, 28 जून को रमकंडा थाना परिसर, 29 जून को डंडा थाना परिसर, 30 जून को बरडीहा थाना परिसर, 01 जुलाई को गढ़वा थाना परिसर में कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें जवानों का शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और आवेदन फॉर्म शुल्क रुपए 350 लिया जाएगा, जिसकी जीएसटी सहित रसीद भी दी जाएगी। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेन्ट्ल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में 1 मास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में आने पर उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद उनके 1 माह की ट्रेनिंग के लिए ट्रेनिंग किट और भोजन के लिए अभ्यर्थी से शुल्क लिया जाएगा। एक मास की भोजन, आवासन और कीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें पी0 टी0, ड्रील, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी0 आई0 पी0 सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादी का प्रशिक्षण प्रदान करके security & intelligence service ltd में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए भर्ती पदाधिकारी रमेश कुमार जसवाल ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ, योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास, उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष तक ही होनी चाहिए। भर्ती अधिकारी ने आगे बताया कि जिले के बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी जवानों को एस. आई. एस. इंडिया लि0 जो आई0 एस0 ओ0 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरान्त उम्मीदवारों को एस. आई. एस. के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अन्तर्गत अन्य भत्ता योग्यतानुसार पी. एफ. सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, गेच्यूटी, ई. एस. आई, ग्रुप इन्श्यारेंस, मेडिकल, आवास व मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आई. पी. एस. देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानान्तरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं भोजन की सुविधा दी जाती है।

# छोटू हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक की घनिष्ठा की जांच करें पुलिस : विधायक डॉ. मेहता

➲मृतक छोटू के परिजनों से मिलकर विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने दी आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को मृतक छोटू चंद्रवंशी के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया। बताते चलें कि 11 जून की रात अज्ञात अपराधियों ने चाउमीन दुकानदार छोटू चंद्रवंशी उर्फ ननकू चंद्रवंशी को गोली मारकर हत्या कर दिया था। घटना से गुस्साए लोगों ने थाना का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया था। मंगलवार की सुबह पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता मृतक छोटू के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। जहां विधायक डॉ मेहता ने मृतक छोटू के परिजनों को 30 हजार आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया। विधायक डॉ. मेहता ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घटना में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि छोटू चंद्रवंशी हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक के घनिष्ठा की जांच जरूरी है। ताकि घटना का उद्भेदन किया जा सके। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि छोटू हत्याकांड में जिन व्यक्ति का नाम सामने आया है, उन्हें पूर्व विधायक का वर्षो से संरक्षण प्राप्त हैं। छोटू चंद्रवंशी हत्याकांड में रोहित सिंह और मल्लिक सिंह का नाम सामने आया है। रोहित सिंह और मल्लिक सिंह एक बड़ा टेरर है। रोहित सिंह और मल्लिक सिंह का नाम आते ही क्षेत्र के लोग कांपने लगते हैं। इन दोनों का पूर्व विधायक का संरक्षण वर्षो प्राप्त हैं। एक सप्ताह पूर्व रोहित सिंह और मल्लिक सिंह दुकान हटाने की धमकी छोटू को धमकी दिया था। एक सवाल के जबाव में विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि चार साल के अंतराल में इस तरह की पहली घटना है। कहा कि चुनाव नजदीक आते ही क्षेत्र में दहशत पैदा करने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर छोटू हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक की आपसी घनिष्ठा की जांच की मांग करेंगे। ताकि पांकी विधानसभा में अपराधियों का संरक्षण देने वालों के चेहरे से नाकाम उतर सके। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि छोटू हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक की घनिष्ठा की जांच की जाए तो कई चौकाने वाला मामले सामने आएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पांकी विधानसभा में अमन चैन हमेशा कायम रहेगा। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पूर्व विधायक सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। एक गरीब परिवार के बेटे को गोली मारकर छीन लिया गया और बाद में नाटक किया जा रहा है। जो बेहद दुखद घटना है। गौरतलब हो कि 11 जून की मध्य रात्रि को अज्ञात अपराधियों को चाउमीन दुकानदार छोटू चंद्रवंशी को गोली मारकर हत्या कर दिया गया है। चाउमीन बेचकर छोटू घर परिवार चलाता था। छोटू की हत्या के बाद परिजनों का बुरा हाल है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली सरकार के आदिवासी मामले के मंत्री से मिले आप प्रतिनिधि

**रांची :** मंगलवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव आबिद अली, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत और प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनद से मुलाकात की।प्रतिनिधि मण्डल ने उन्हें आदिवासी शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया।राज कुमार आनद दिल्ली सरकार के कद्दावर नेताओं मेसे एक हैं।जिनसे मिला कर आप प्रतिनिधि ने कहा की झारखण्ड के हजारों आदिवासी लड़कियां रोजगार के नाम पर बहला फुसला कर दिल्ली लाई जाति हैं और यहाँ वे शोषण की शिकार होती हैं उनकी सामाजिक सुरक्षा देने का आप काम करे। इसके अतिरिक्त अनेक सामाजिक मुद्दों पर भी विचार विमर्श हुए। कैबिनेट मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए इन सभी मुद्दों पर पहल करने की आश्वासन दिया।

### रांची में बदमाशों ने मेडिकल दुकान में की फायरिंग

**रांची :** जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के माया इंटरप्राइजेज मेडिकल स्टोर में अपाची बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और फायरिंग कर फरार हो गये। घटना मंगलवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक सवार अपराधी मेडिकल स्टोर पहुंचे। एक अपराधी बाइक से उतरकर मेडिकल स्टोर गया और वहां फायरिंग की। हालांकि, फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी है। इसके बाद भागने के क्रम में एक फायरिंग कुल दो फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है । फायरिंग क्यों की गई इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

# बिट्टू हत्याकांड : 5 अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते 6 जून 2023 को बरियातू थाना अंतर्गत एडलहातू ट्ंटो चौक सरकारी कुआं के पास मोटरसाइकिल में आए अज्ञात अपराधियों द्वारा बिट्टू उर्फ तनवीर अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

इस मामले में नजमा खातून ने बरियातू थाना में मामला दर्ज कराई थी। इस मामले का उद्भेदन एसएसपी किशोर कौशल ने 5 दिन बाद कर दिया है। एसएसपी एक विशेष टीम भी गठित किया था जिसमें सदर डीएसपी, बरियातू थाना प्रभारी सहित टेक्निकल सेल के भी पुलिस अफसर शामिल थे। इस मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार और मोटरसाइकिल, मोबाइल आदि जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में रोहन कुमार उर्फ रोहन श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ , अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह , अंकुश कुमार सिंह उर्फ लकी शामिल है ।

वहीं एक सिपाही का बेटा बीड़ी उर्फ रोहित मुंडा सहित अभिषेक मलिक, शुभम विश्वकर्मा फरार है । गोली शुभम विश्वकर्मा ने ही चलाई थी।

### तीन महीने पहले बना था प्लान

बिट्टू उर्फ तनवीर अहमद कालूलामा के हत्या में इसका नाम शामिल हुआ था । बताया गया था इसने ही कालूलामा की रेकी की थी, जब कालू लामा बरियातू थाना से हाजिरी देकर बाहर निकल रहा था । इसके बाद वह मोराबादी गया था ,और इसी दौरान गैंगवार हुआ था, जिसमें जनवरी 2022 में कालूराम की हत्या हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने बिट्टू तनवीर को पहले गिरफ्तार किया था और जेल भेजा था। जेल से निकलने के बाद तनवीर शादी करके अपने परिवार के साथ था , लेकिन इस बीच इन लोगों को धमकाने का भी काम कर रहा था।

इसी दौरान दो-तीन महीने पहले ही बिट्टू की हत्या का प्लान जेल में बना लिया गया था । बिट्टू की हत्या के लिए अंकित कुमार को एदलहातू टीओपी और दीपक कुमार सिंह को बिट्टू के घर का रेकी करने का काम सौंपा गया था । 3 जून को जेल में बंद राज वर्मा के निर्देश मिलने के बाद दीपक कुमार सिंह , अंकुश कुमार सिंह, राज वर्मा के ही निर्देश पर इस घटना को अंजाम दिया था।



### कौन कौन दिया घटना को अंजाम

एक मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे 160 पर दुर्गा उ्अभिषेक मल्लिक था, दुर्गा गाड़ी चला रहा था और अभिषेक मालिक के पास पिस्तौल था, दूसरे मोटरसाइकिल पर रोहन श्रीवास्तव और रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी था, रोहन गाड़ी चला रहा था, बीड़ी उर्फ रोहित मुंडा के पास पिस्तौल था। घटना को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे 160 रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01 सीजी 1881फर्जी नंबर और पल्सर 150 मोटरसाइकिल संख्या जेएच01 बीएम32 65 फर्जी नंबर था।

एक लावारिश अवस्था में बरामद और डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद आरिफ के यहां से एक मोटरसाइकिल को छुपा दिया गया था पुलिस ने वहां से मोटरसाइकिल को जब्त कर डोरंडा थाना में रखा है।

### अमन सिंह से संपर्क

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बिट्टू उर्फ तनवीर का अपराधिक इतिहास रहा है ,वह लव कुश शर्मा के लिए काम करता था, कालूलामा हत्या मामले में बिट्टू उर्फ तनवीर रेकी करने के मामले में जेल जा चुका है।

बिट्टू की हत्या का उद्भेदन कर लिया गया है पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जो फरार है, उसे भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी ।

### घटना को अंजाम दिया है

इस घटना में रोहन, आरिफ ,अंकित कुमार , दीपक कुमार , अंकुश कुमार गिरफ्तार हो गया है। वहीं शुभम विश्वकर्मा ,अभिषेक मल्लिक, बीड़ी उर्फ रोहित फरार है।

दीपक ,रोहन, बीड़ी ,शुभम ये सभी पहले भी धवन राम, प्रीतम गोलीकांड और धनबाद के बरवाड़ा गोली कांड में संलिप्त हैं।

बताया जा रहा है कि धनबाद के कुख्यात अपराधी अमन सिंह गिरोह से भी यह लोग जुड़े हुए हैं । पुलिस अभी पूरी तरह से पता लगा रही है। इन पांचों का संपर्क अमन सिंह से कैसे और कब हुई है। किस तरह से अमन के संरक्षण में यह सब काम कर रहा था, इन सब की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

### पुलिस ने की बरामदगी

छापामारी के दौरान पांच अपराधियों की गिरफ्तारी के दौरान 7. 6 5 एमएम देसी पिस्तौल मैगजीन ,7.65 एमएम का जिंदा गोली 3 ,पल्सर 150 मोटरसाइकिल जेएच01 बीएम32 65 फर्जी नंबर , अपाचे 160 मोटरसाइकिल जेएच01 सीजी 1881फर्जी नंबर। बिना सिम का मोबाइल , आरिफ, रोहन , दीपक कुमार के पास से मोबाइल बरामद किया गया है।

### छापेमारी दल में शामिल

सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन कुमार, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एदलहातू टीओपी प्रभारी वाहिद अंसारी , खेल गांव ओपी प्रभारी मनोज कुमार महतो , तकनीकी प्रभारी शाह फैसल सहित सतीश कुमार, हेमंत सिंह, हसनैन अंसारी, सुजीत, लक्ष्मण , शैलभ कुमार , अंशु उपाध्याय, विद्यासागर ,प्रीति लाकड़ा, अशोक उरांव आदि शामिल थे।

## पुलिस एसोसिएशन महासंघ चुनाव से पहले संसद शिबू सोरेन से लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को आगामी झारखंड पुलिस एसोसिएशन (महासंघ) चुनाव के मद्देनजर प्रांतीय अध्यक्ष प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू के नेतृत्व वाली टीम जिसमें उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो, उपाध्यक्ष राजीव रंजन गुप्ता, महामंत्री पद के प्रत्याशी बालेश्वर प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी रोहित कुमार रजक, संयुक्त सचिव संजीव कुमार तथा संगठन सचिव के प्रत्याशी निर्मल कुमार यादव के द्वारा दिसोम गुरू शिबू सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से औपचारिक मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चेन छिनताई में चार गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में 8 जून 2023 को समय करीब 05.30 बजे जेल मोड़ के पास दो स्कूटी सवार अपराधकर्मियों के विरुद्ध चेन छिनकर भाग जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। उक्त घटना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा पुलिस उपाधीक्षक नगर रांची दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राप्त स्कुटी रजि0 न0- जेए01ईआर- 4540 को बारमद कर जब्त किया गया। वहीं मो आसिफ को गिरफ्तार किया गया। आसिफ के पहचान पर ही मो0 ओवंस सेकेण्ड स्ट्रीट हिन्दपिढी थाना हिन्दपिढी, और अजमल अंसारी लाह फैक्ट्री रोड नियर भट्टी चौक हिन्दपिढी थाना हिन्दपिढी , मो0 नसीम लाह फैक्ट्री रोड नियर भट्टी चौक हिन्दपिढी थाना हिन्दपिढी और मनोज कुमार पीस रोड लालपुर, थाना लालपुर को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि चेन छिनताई करने के बाद दुकानदार मनोज कुमार के एम0के0 ज्वेलर्स दुकान पर बेचा गया था वहां से बरामद किया गया तथा बिक्री से प्राप्त तेरह हजार पाँच सौ रु0 अजमल अंसारी के पास से बरामद कर लिया गया।



**छापामारी दल में शामिलः** पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉंची दीपक, पुनि सह थाना प्रभारी, दयानन्द कुमार, पुअनि उत्तम कुमार राय आदि शामिल थे।

## लोस व विस चुनाव की तैयारी को लेकर भाकपा करेगी बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए 2024 के लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के चिन्हित करने राज्य में जल जंगल जमीन की हिफाजत एवं लूट भ्रष्टाचार के विरोध में जन आंदोलन की तैयारी के लिए 16 जून 2023 को रांची सी पी आई कार्यालय में राज्य कार्यकारिणी की बैठक एवं रामगढ़ में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कॉ.डी राजा , राष्ट्रीय सचिव झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अंजान, डॉ भालचंद्र कांगो , कॉमरेड नारायणा ,पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा भाग लेंगे । बैठक की तैयारी के लिए पूरे जोर-शोर से रांची से रामगढ़ तक बड़े काफिले के साथ स्वागत करने की तैयारी की जा रही है । महेंद्र पाठक ने बताया कि राज्य में लोकसभा, विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए मंथन किया जाएगा। सीटों को चिन्हित कर प्रत्याशी तय कर चुनाव की मैदान में उतारा जाएगा ।

राज्य में सांगठनिक राजनीतिक चर्चा के लिए केंद्रीय नेतृत्व 3 दिन झारखंड में रहेगा। प्रेस वार्ता में राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जारी किया 11वीं कक्षा का रिजल्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जैक झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 11वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। काउंसिल अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने रिजल्ट जारी किया है। रिजल्ट ऑनलाइन जारी किया गया है। रिजल्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि सभी जिले का परिणाम अच्छा रहा है। हमें और बेहतर की उम्मीद के साथ कोशिश कर सकते हैं। बोर्ड की ओर से जारी रिजल्ट के मुताबिक 11वीं का रिजल्ट 98.15 प्रतिशत रिजल्ट रहा।



11वीं में 6780 बच्चे फेल कर गए, जबकि 9984 बच्चे अनुपस्थित रहे।

**कोडरमा अव्वल, रांची 23वें स्थान परः** 11वीं के रिजल्ट में कोडरमा जिला अव्वल रहा है। इस जिले का पासिंग प्रतिशत 99.74 है। दूसरे स्थान पर हजारीबाग जिला है। यहां का रिजल्ट 99.51 प्रतिशत है। 99 फीसदी से अधिक रिजल्ट वाले जिले में बोकारो, सिमडेगा, लातेहार और गुमला शामिल है।

नीचे पायदान में रांची और पश्चिम सिंहभूम रहा है। रांची का रिजल्ट 96.65 प्रतिशत और प. सिंहभूम का रिजल्ट 96.20 प्रतिशत रहा।

रांची के जिले का स्थान 23वें नंबर पर है।

## मारवाड़ी कॉलेज में डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण में नामांकन शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर सुशील कुमार अंकन ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए मारवाड़ी कॉलेज में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में नामांकन शुरू हो गया है।

इस कोर्स में नामांकन के लिए 2 स्तर पर कला , विज्ञान अथवा वाणिज्य किसी भी विषय से 45 प्रतिशत प्राप्तांक होना अनिवार्य है। इस कोर्स में कुल 25 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ही नामांकन होगा। उन्होंने कहा कि यह दो सेमेस्टर में विभक्त एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है। प्रत्येक सेमेस्टर में लगभग 15 हजार रुपये नामांकन फीस लगते हैं। वर्ष भर में दो मिड सेमेस्टर और दो फाइनल परीक्षाएं होती हैं।



इस कोर्स के पहले सेमेस्टर में डिजिटल फोटोग्राफी , कैमरा, लेंस, एक्सपोजर, कम्पोजिशन, फील्ड ट्रैनिंग तथा दूसरे सेमेस्टर में फिल्म निर्माण के अंतर्गत स्क्रिप्ट लेखन, स्क्रीनप्ले लेखन, फिल्म की शूटिंग, कैमरा हैंडलिंग , लाइटिंग, फिल्म सम्पादन, संगीत और ध्वनि प्रभाव मिश्रण आदि सिखाए जाते हैं।

चूंकि, यह ऐड ऑन कोर्स है इसलिए इसमें किसी भी कॉलेज के अध्ययनरत इच्छुक विद्यार्थी, नौकरी पेशा व्यक्ति, घरेलू महिला या अन्य कोई भी दाखिला ले सकता है। बशर्ते कि वह 45 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया हो।

## निलंबित इंजीनियर की पत्नी और पिता ने ईडी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत याचिका ईडी कोर्ट में दाखिल की है। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मंगलवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। ईडी की ओर से टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) में वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल था। इसके बाद कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल




**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के रांची- टाटा राजमार्ग के बरगांवा जैक गेट के समीप सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में उत्तम राम (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बरियातू का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात कार की चपेट में आने से पैदल चल रहा उत्तम राम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे गंभीर अवस्था में रिम्स भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# झारखंड को बिचौलियों ने किया बदनाम : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को एक के बाद एक किये गये तीन ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने हेमंत के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और दूसरे राज्यों में झारखंड की बन रही छवि और झारखंड की शराब नीति पर हुए घोटाले को लेकर निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज 1000 करोड़ खनन घोटाले के प्रमुख आरोपित पंकज मिश्रा की तबीयत खराब होने की खबर है। कैदी के रूप में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत से अनुरोध है कि वे यूज एंड थ्रो मत करें। पंकज को यूं ही उसके हाल पर भगवान भरोसे मत छोड़ियै। पंकज को बेहतर इलाज मुहैया कराने का इंतजाम कराइये।



बाबूलाल मरांडी ने दूसरे राज्यों में बन रही झारखंड की छवि की चर्चा करते हुए ट्वीट किया, पिछले दिनों जब मैं मध्यप्रदेश के दौरे पर था तब कई बार लोगों के झारखंड के संदर्भ में पूछे गए प्रश्नों पर असहज हो गया।पत्रकार बंधुओं के साथ आम लोग भी जब मिल रहे थे तो उनका एक ही प्रश्न था, झारखंड में क्या हो रहा है? हेमंत सोरेन भी इस महालूट में शामिल हैं क्या? उनकी भी गिरफ्तारी होगी?

मैं उनसे इतना ही कहता था कि झारखंड को लुटेरों ने लूटा है लेकिन सबका हिसाब हो रहा है। कुछ का बाकी है जो आने वाले दिनों में होगा। एक झारखंडी होने के नाते मन बहुत तकलीफ से भर जाता है कि देश में हमारे राज्य की छवि को कुछ बेईमान अफ़सरों, दलालों-बिचौलियों और साहब के गिरोह ने बदनाम कर दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की शराब नीति पर भी निशाना साधा है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया नियुक्ति पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 जून 2023 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त सदस्यों को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया। एक साथ देशभर के 43 केंद्रों पर आयोजित रोजगार मेले के इस छठें इस छठे श्रृंखला में नवनियुक्त सदस्यों को प्रधानमंत्री ने संबोधित भी किया। राँची केंद्र पर आयोजित रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित थे। उन्होंने अपने कर कमलों से नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। राँची केंद्र पर कुल 151 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। देश भर से चुनी गई नई भर्तियां वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग तथा गृह मंत्रालय आदि सहित विभिन्न विभागों में सरकार में शामिल होंगी।मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री दीपक प्रकाश, सांसद, राज्यसभा, झारखंड, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, विधायक, राँची विधानसभा, समरी लाल, विधायक, कांके विधानसभा, सुधीर श्याम, आर्थिक सलाहकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार, मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड, रणवीर सिंह, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड और संजीव कुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया, राँची अंचल उपस्थित थे। स्वागत संबोधन मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन भरत लाल पुनिया, उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया ने किया।



# भाजपा को अब झारखंड के नेताओं पर भरोसा नहीं रहाः कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को अब झारखंड के नेताओं पर भरोसा नहीं रहा इसलिए केन्द्र से नेता भेजे जा रहे हैं।

नौ साल भाजपा को जनता याद नहीं आयी अब चुनावी साल में उनको मनाने में जुटे हुए हैं।राकेश सिन्हा ने कहा कि मोदी के नौ साल देश के लोग मुद्रास्फिती, बेरोजगारी और तानाशाही फैसलों का खामियाजा भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जो जुमलों के दम पर सत्ता में आयी और सत्ता में आने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया। झारखंड दौरे पर आये भाजपा के केन्द्रीय नेता यह बतायें कि 2022 तक किसानों की आया दुगुनी हुई, हर साल दो करोड़ नौकारियों का वादा क्या हुआ, उन्होंने कहा कि नोटबंदी ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। लोग बैंक के लाइनों में मर गए। इस भयावह दृश्य को देश की जनता भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि नौ साल जनता की आवाज को उठाने वाले लोगों को दबाव, कुचलो, बुलडोजर चलाओ, ईडी , सीबीआई का डर दिखाओ, अगर सरकार नहीं है तो पैसे के बल पर सत्ता खरीदों और लोकतंत्र की हत्या करो।

यह नौ साल के विफलता का प्रतीक है। जनता अब भाजपा को स्वीकार करने वाली नहीं है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् लाभुकों के बीच बतख चुजा का वितरण

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वितिय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत बतख चुजा का वितरण किया गया। वितरण किया गया। योजना में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान है शेष 10 प्रतिशत लाभुक से अंशदान लिया गया। वितरण पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 संजय उराँव के देखरेख में प्रमुख विनिता कच्छप, मुखिया निरज कुजूर, जतरू उराँव, तेजु दास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रमुख विनिता कच्छप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बेरोज़गारी दूर करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने लिए यह योजना लागू किया गया है, ताकि इस योजना से स्थानीय लाभुक अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। बतख पालन आमदनी का वेहतर साधन है। बतख पालन कर लोग आत्मनिर्भर बन सकते है। मौके पर पशुधन मित्र बिरसा उराँव, रामु मुंडा, टीआरआईएफ लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बैरटोली कच्छा छप्पा गांव में मंगलवार को लगभग 4.30 बजे अज्ञात डाला टेंपो के चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार नेसार अंसारी 49 वर्ष, गांव- गोबिन्दपुर, थाना- लापुंग निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। नेसार इटकी थाना क्षेत्र गढ़गांव मेहमानी से मोटरसाईकिल न0 जेएच01ईवाई169 में सवार होकर अपना घर गोबिन्दपुर जा रहा था। इसी दौरान हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बैरटोली छप्पा गांव में अज्ञात डाला टेंपो ने चपेट में ले लिया। जिससे नेसार घायल हो गया। घायल नेसार को पूर्व मुखिया सुनिल कच्छप ने ग्रामीणों के सहयोग से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में रिम्स रांची रेफर कर दिया। घायल नेसार का एक पैर टुट कर अलग हो गया है। वहीं सिर और पेट के नीचे गहरा चोट लगा है। इधर बेड़ो पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाईकिल को जप्त कर थाना ले आयी है।



## कोयलांचल से श्रध्दालुओ का जत्था अजमेर शरीफ की यात्रा पर हुआ रवाना

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा और राय कोयलांचल क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जत्था हिन्द वली ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह अजमेर शरीफ की यात्रा पर रवाना हुआ।सोमवार की रात राय और बचरा से दर्जनो लोग गरीब रथ से कोयलांचल क्षेत्र से अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुआ।इस संबंध में श्रद्धालुओ ने बताया कि सभी श्रद्धालु अजमेर शरीफ में हिन्द वली ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के दरगाह पहुंचकर जियारत करेगे,साथ ही कोयलांचल सहित राज्य और देश की अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ करेगें।उन्होंने कहा कि श्रध्दालुओ का यह जत्था प्रत्येक साल अजमेर शरीफ की यात्रा पर जाते है।अजमेर शरीफ से पूर्व दिल्ली मे हजरत निजामउद्दीन ओलिया और हजरत अमीर खुसरो की दरगाह पर भी जियारत करेगें।अजमेर शरीफ की यात्रा पर जाने वालो मे राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार आलम,सेक्रेटरी राजू खान, बचरा अंजुमन के अब्दुल कुदूस,शाहनवाज आलम, मोहम्मद इरफान,पप्पू खान, सादिक अंसारी,मोहम्मद शोएब,मोहम्मद आयान, मोहम्मद आफरान सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।



## ग्रामीणों ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा मांग पत्र

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेंसल मौजा के मिलन चौक, मंजिला टोली में सीआईटी के पास गुजरने वाली अंडरपास और हेसल मोड़ से बसेरा जाने वाले रोड पर बने अंडरपास के दोनों छोरों में सर्विस रोड नहीं देने के कारण हेंसल, मंझिला टोली सिलवे ,मासु,बहेया ,उलातू के ग्रामीणों द्वारा सर्विस रोड की मांग करते हुए रिंग रोड में उतर आए और कार्यपालक अभियंता को बुलाने की मांग की गई, जिससे कुछ देर के लिए काम रोकना पड़ा। संबंधित प्रतिनिधि के द्वारा सर्विस रोड बनने की आश्र्वासन के बाद कार्यपालक अभियंता, NHAI, NH-33 फेज-1, रांची, झारखंड को मांग पत्र सौंपकर सभी ग्रामीण आगे काम करने देने पर राजी हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पहान, समाजसेवी रामपोदो महतो , आजसू नेता पारस उरांव, सिल्वे पंचायत के मुखिया नूतन पहान, सखीचंद महतो, नरेश साहू, सिल्वे पंचायत समिति सदस्य श्रुति मुंडा, सुधांशु महतो, उमेश बड़ाईक, अजय महतो,प्रकाश महतो सहित कई गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित थे।


### Government of Jharkhand
### Directorate of Industries

**Advertisement PR No: Advt. ID : 299842 Dated: 12.06.2023**

**Corrigendum**

The Request for Proposal (RFP) invited from various Chartered Accountant Firms for Selection of an Agency for Scrutiny of Financial Incentive Proposals under various industrial/ sectoral policies and providing technical support in other finance-related works **has been published vide Tender Reference No. 1443, Ranchi, dated 13.06.2023.**

**The Tender Reference No. 1443 dated 12.06.2023 should be read as Tender Reference No. 1483 dated 12.06.2023 in the tender published for Selection of an Agency on 13.06.2023. Other terms and conditions of the** Request for Proposal (RFP) **will remain same.**

**Sd/-**
**Joint Director**

PR 299894 Industries(23-24)D



### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

**Walk in Interview**

राज्य योजना अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित "चलन्त ग्राम क्लीनिक" का संचालन किया जाना है। गुमला जिला में 04 चलन्त ग्राम क्लीनिक हेतु अनुबंध के आधार पर आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की आवश्यकता है। चलन्त ग्राम क्लीनिक हेतु इच्छुक उम्मीदवार **Walk in Interview** में भाग ले सकते है।

Walk in Interview की तिथि – 23.06.2023

समय – पूर्वाह्न 11.00 बजे।

स्थान – सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला।

"चलन्त ग्राम क्लीनिक" में आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक शर्ते –

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष चिकित्सक | 04 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/Unani with working Konwledge of Computer | 21000/- |
| 2 | चिकित्सा सहायक | 04 | B.Sc Nursing/GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/ Diploma in Pharmacy from recognize university/Institution | 15000/- |

निर्धारित तिथि को आवेदक अपना बायोडाटा एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ Walk in Interview में भाग लें।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.299876 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D


## बैठक का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जिला परिषद, खूंटी अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में जिला परिषद, खूंटी के सभागार में आज जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व की बैठक की कार्यवाही अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभाग द्वारा क्रियान्वित याजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर पंचायती राज विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन के आलोक में स्वीकृत योजनाओं की घटनोत्तर तथा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति द्वारा अनुमोदित योजनाओं की स्वीकृति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर पर जिला परिषद, अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि जिले का निरंतर विकास हो रहा है पर, हमलोगों को पलायन पर विशेष काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पलायन पर रोक हेतु प्रत्येक पंचायत से 1,000 लोगों को मनरेगा से जोड़ना होगा। साथ ही खतियान एवं लगान रसीद में हुई त्रुटियों का शुद्धिकरण का कार्य भी करना होगा। मौके पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद सह उप विकास आयुक्त, खूंटी नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि प्रंखड एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं के चयन एवं कार्यान्वयन में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है।



## सम्मान समारोह को लेकर प्रजापति कुम्हार महासंघ ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** प्रजापति कुम्हार महासंघ के द्वारा मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव मे जनसम्पर्क अभियान चलाया गया।संघ के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति के नेतृत्व मे बेंती पंचायत के कई टोला मे यह अभियान चलाया गया, जिसमे मे महासंघ के 14 जून को टंडवा नगर भवन मे होने वाले सम्मान समारोह मे समाज के सभी लोगो से शामिल होने की अपील की गई।संघ के अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति ने बताया कि इस सम्मान समारोह में इस वर्ष मैट्रिक और इंटर परीक्षा में सफल हुए समाज के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।साथ ही समाज की दशा और दिशा सहित समाज से जुड़ी समस्या पर चर्चा की जाएगी।इस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वरचंद प्रजापति और विशिष्ट अतिथि में सिमरिया विधायक किशुन दास,पूर्व विधायक योगेश्वर महतो सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।समारोह को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है।इस मौके पर सिकेन्द्र प्रजापति,अजय प्रजापति, राजेश प्रजापति, विजय प्रजापति, उमेश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।




### कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2023 को सीलम से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 4.30 बजे पूर्वाह्न 10 पीस साल बोटा सहित एक 01 पीकअप नं0– JH01DP 4265, ईंजन नं0– TBK1D49901, चेचिस नं0– MA1ZN2TBKK1D41678 जप्त कर वन परिसर, गुमला में सुरक्षित रखा गया है। 10 पीस साल बोटा सहित एक 01 पीकअप नं0– JH01DP 4265, ईंजन नं0– TBK1D49901, चेचिस नं0– MA1ZN2TBKK1D41678 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 17.06.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR 299879 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D



### झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

**T. Reference No. :- S/R -07/2023-24** **Date 10.06.2023**

| Si.No. | Name of Work | GROUP NUMBER | Estimated Cost (LAKH.) | Bid Security (LAKH) | Cost of BOQ (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of Defunct T/W of 125mm X 115mm X60 mtr. Deep (Av.) Drilled Tube well complete with installation of India Mark -II H.P. with 32mm dia Medium Class G .I. Riser pipe DTH Rig Machine with 1200 blue UPVC casing Pipe including Platform & Drain Etc. complete in Year 2023 -24 | Group No. SRRE-01 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| | | Group No. SRRE-02 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| | | Group No. SRRE-03 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| 2. | Time of Completion | 45 Days | | | |
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 17.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 17.06.2033/04.00 PM. | | | |
| 5 | Bid Submission Start Date | 17.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 7 | Bid Submission End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 8 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 24.06.2023/01.00 PM. | | | |
| 9 | Date of Opening of Tender | 26.06.2023/11.00 AM. | | | |
| 10 | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Office | 0651-3560890 | | | |

नोट :– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR.NO.299909 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.- 04/2023-24 (1st Call)**

**Tender Ref No:– RCD/PID/RANCHI/04/2023-24** **Date:- 12.06.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Land Acquisition Proposal, Detailed Resettlement and Rehabilitation Proposal and Detailed Forest Diversion Proposal for the construction of Four Lane approach road to Cancer Hospital from Kanke Chowk upto Sukurhuttu Ring Road under Road Division, Ranchi in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S)WE dated 22.08.2022 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | **4.570 Km.** |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | * Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. * Bid must be accompanied by Earnest Money Deposits of an amount equal to 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand), Bank draft and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India Pledge in favour of Executive Engineer, Planning& Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 15.06.2023,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 22.06.2023, 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 22.06.2023, 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 23.06.2023, 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi Mob-8083039058 |

**Note :-** Only e-Tender shall be accepted. For more information Please visit the site e-tendering http://jharkhandtenders.gov.in

**Sd./- Executive Engineer,**
**Planning and Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 299872 Road (23-24)_D


## सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय पर एक दिवशीय STI /RTI ट्रेनिंग एवं अहाना EMTCT कार्यक्रम का समीझात्मक बैठक का आयोजन सिविल सर्जन,खूँटी के सभागार पर किया गया। इस बैठक का आयोजन सिविल सर्जन,खूँटी के अध्यछता में किया गया । इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड से चिकित्सा पदाधिकारी,प्रखण्ड डाटा प्रबंधक,स्टाप नर्स,लैब टेक्नीश्यन एवं अहाना EMTCT पदाधिकारी उपस्थित हुऐ। सिविल सर्जन,खूँटी के द्वारा भारत सरकार ने 2024 तक Parent to child Transmmision of HIV and Syphilis के उंन्मूलन का लक्षय रखा गया हैं उक्त लक्षय कि प्राप्ति पर विशेष रूप से सभी को कार्य करने की जरुरत हैं । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एचआईवी एड्स के प्रसार तथा रोकथाम के तरीकों को बताया,यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग की जानकारी,माहवारी संबंधित जानकारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी सिविल सर्जन, खूँटी डॉ रजनी नीलम टोप्पो ,विशिष्ट डॉ प्रभावती टोपनो,जिला आर0 सी0 एच0 पदाधिकारी,खूँटी उपस्थित थे। STI /RTI से सबंधित ट्रेनिंग डॉ प्रभावती टोपनो,जिला आर0 सी0 एच0 पदाधिकारी,खूँटी के द्वारा दिया गया । एवं सुबेन्दु सेन गुप्ता,स्टेट M&E ऑफिसर,अहाना,झारखण्ड के द्वारा न्यू HMIS पोर्टल पर ट्रेनिंग दिया गया हैं। क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक आहाना, सिनी के ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा अहाना EMTCT कार्यक्रम का समीझा एवं नई गतिविधियों पर चर्चा किया गया ।




### ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

(अति अल्पकालीन)

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/25/ Dumka/2023-24** दिनांक–**13-06-2023**

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of Stainless Steel Q-Barricading Work in Q-Complex Ground Floor in the Occasion of Sharawani Mela 2023 at Basukinath Dham Under Jarmundi Block, Dist- Dumka For the Year 2023-24** | **Rs.2,14,82,910.00** | **01 Month** |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 16-06-2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 22-06-2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

**नोडल पदाधिकारी ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,**
**भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।**

PR 299941 Building(23-24)D



### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 08 वर्ष 2023–24, D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 21.06.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 22.06.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 22.06.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत जालिमखूर्द में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुरा में चाहरदिवारी निर्माण। | 2138410.00 | 43000.00 | 5000.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिशद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।
12. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र 8वां निर्गम/पांच वर्षीय, पांच वर्षीय डाकघर संबंधी जमा पासबुक/राश्ट्रीय कृत बैंक गारंटी/बैंक फिक्स डिपोजिट के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। जो झारखण्ड राज्य के बाहर के पोस्ट आफिस एवं बैंक से निर्गत एन0एस0सी0/सावधि जमा पासबुक मान्य नहीं होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 299912 Rural Development(23-24)#D



### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 16/2023–24**

दिनांक 12/06/2023

मद का नाम :– PM-ABHIM and 15th Finance

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विशुनगढ़ | चान्हों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 2 | सदर | बभनवें में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 3 | केरेडारी | सलगा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 4 | कटकमदाग | सिरसी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 5 | चुरचू/डाडी | बलसगरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 6 | चुरचू/डाडी | हेसालौंग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 7 | बरही | बुडू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 8 | बरही | पंचमाधव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 19.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 19.06.23 से 26.06.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 27.06.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.06.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. उपरांकित योजनाओं का भूमि प्रतिवेदन एवं आवंटन प्राप्त होने के पश्चात् ही एकरारनामा किया जायेगा।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 299939 District(23-24)#D



### कार्यालय

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।

वेद व्यास आवास योजना हेतु आवेदन आमत्रंण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश संख्या 06रा0(वि0) दिनांक 06.06.2023 के द्वारा गुमला जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु गुमला जिले में अनुसूचित जातियों के लिए 03 एवं जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 20 कुल 23 वेद व्यास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है । आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर सकते है। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक 26.06.2023 तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है ।

01) विज्ञापन के उपरान्त प्राप्त आवदनों में से लाभुकों का चयन किया जायेगा । पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।
02) सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/समिति के सदस्य/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकडने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
03) प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालकों को दी जायगी।
04) आवास हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घरवाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है । एक परिवार में एक आवास देय है । आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायगी।
05) प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जायेगा ।
06) ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नही दिया जायगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की किसी भी आवास योजना से लाभान्वित हो चुके है ।
08) आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) वर्तमान आवास का फोटो संलग्न करना आवश्यक है।
09) आवेदक (पति/पत्नि) को इंदिरा आवास/अन्य योजनान्तर्गत आवास नही मिला है का प्रमाण पत्र (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्गत) संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
10) लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जायगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नही किया जायगा।
11) किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12) प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कालन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला

PR 299923 Fish(23-24)D

## बड़ा आमड़ा में पूर्व केंद्रीय मंत्री के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर, प्रदेश सचिव प्रेमेन्द्र ने किया उद्घाटन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के गुदड़ी पंचायत अंतर्गत बड़ा आमड़ा गांव में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने 100 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया । ज्ञात हो कि पिछले 6 महीनों से बड़ा आमड़ा गांव में 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था जिससे गांव के 95 उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद बड़ा आमड़ा गांव के ग्रामीणों ने इचागढ़ क्षेत्र के युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी को इसकी सूचना दी, तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी जानकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय को दी । जानकारी मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात कर 24 घंटे के अंदर 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर लगने से गांव में विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई है । ग्रामीणों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय को तहेदिल से बधाई दिया है। मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश भुईया, जिला सचिव रिजवान खान, जिला उपाध्यक्ष सिद्दीक अंसारी, वीरेंद्र नायक सरायकेला प्रखंड अध्यक्ष सचिन हेंब्रम, महफिजूल अंसारी, नुसरहक अंसारी, हुसैन अंसारी, शेख मजीद, अमानत अंसारी, कमाल अंसारी, लतीफ अंसारी, उदय कृष्ण साहू, सद्दाम अंसारी, दिलदार अंसारी, हसन अंसारी, अहमद अंसारी आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल फाउंडेशन का रक्तदान शिविर आज, शहीद निर्मल महतो भवन उलियान में

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शहीद निर्मल महतो भवन उलियान कदमा जमशेदपुर में सुबह 9:00 से 3:00 तक किया गया है। रक्तदान शिविर के आयोजन पर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीना दत्ता ने कहा के हम सबको अपने सामाजिक दायित्व का पालन करना चाहिए रक्तदान महादान है युवाओं को प्रेरित करके ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना हमारा लक्ष्य है। रीना दत्ता ने कहा के संस्था की ओर से शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रक्तदाता सम्मान सर्टिफिकेट एवं तोहफा भेंट किया जाएगा।

## मायुमं सुरभि शाखा के शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा धातकीडीह स्थित ब्लड बैंक में आयजित रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। यह कार्यक्रम सीए मनोज चौधरी, पंकज अग्रवाल एवं सुमित मुनका के सौजन्य तथा शाखा सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका अनीता अग्रवाल एवं चंदा अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में महावीर गोयल, मोहित शाह, कमल सिंघल, गौरव केडिया, मनीष बंसल, सुशील अग्रवाल सहित शाखा की सदस्यों का योगदान रहा। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## पोटका विधायक संजीव सरदार के घर शिव पूजा आज, 34 पंचायत आमंत्रित

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका विधायक संजीव सरदार के उदाल स्थित घर पर कल बुधवार को शिव पूजा होगी।जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। इसको लेकर पोटका प्रखंड के 34 पंचायत के कार्यकर्ताओं को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। इस बाबत पार्टी कार्यकर्ता चक्रधर महतो व समर दास ने बताया कि सुबह नौ बजे से ही पूजा शुभारंभ हो जायेगी व अंत में भोग का वितरण किया जायेगा। वहीं 15 जून से हरिना मेला का आगाज हो जायेगा।

## तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर पलटा, चालक फरार



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते सोमवार की देर रात करीब ढाई बजे कांड्रा- सरायकेला मार्ग पर शेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार आयरन ओर लदा हाईवा अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर पलट गया। रात्रि करीब दो बजे हुई उक्त दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया है कि हाईवा चाईबासा से लौह अयस्क लेकर कांड्रा की ओर आ रही थी। इसी क्रम में सामने खड़े टेलर से बचने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया।

## किरोसिन तेल कीमत में कमी का संघ ने किया हेमंत सरकार का आभार

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश सचिव सह कोल्हान संयोजक फुलकान्त झा ने किरोसिन तेल की कीमत में कमी किए जाने पर राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव बधाई के पात्र है। झा ने कहा कि किरोसिन तेल की कीमत पूर्व में 96 रुपए प्रति लीटर थी जिसमे 25 रुपए की कमी की गई है। इससे राज्य के करीब 72 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

## छोटा गोविंदपुर क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन मरम्मती कार्य शुरु

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने छोटा गोविंदपुर क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर पेयजल पाइपलाइन मरम्मती का कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि सोमवार को छोटा गोविंदपुर में आयोजित उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पाइप लिकेज के कारण हो रही पानी की बर्बादी का मामला संज्ञान में लाया था । उपायुक्त ने मौके पर कार्यपालक अभियंता को पाइपलाइन मरम्मती के निर्देश दिए थे जिसके बाद आज से काम शुरू हो गया । गोविंदपुर क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पीयूष सिन्हा ने जनता दरबार के बाद ही हुडको में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया था वहीं अनुमंडलाधिकारी की अगुवाई में प्रशासनिक टीम भी बनी है जो पेयजल समस्या के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# पंचायत स्तर पर दवा दुकान व औषधि केन्द्र खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 30 जून

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान व औषधि केन्द्र खोला जाना है। इच्छुक व्यक्ति को विहित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट या उसके समकक्ष होनी चाहिए, दवा दुकान खोले जाने वाले स्थान का प्लॉट नंबर, खाता नं, क्षेत्रफल ( 10 वर्ग मीटर), कार्य का अनुभव (यदि हो), निर्धारित नियमानुकूल शुल्क (1000 रूपए) के साथ, **xlnindia.gov.in** पर आवेदन करेंगे। संबंधित गांव के स्थायी निवासी तथा स्वयं के स्वामित्व वाले दुकान के आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी । आवेदन की प्रक्रिया~ आवेदक को सर्वप्रथम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव / मुखिया द्वारा अनुशंसा करानी होगी, तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं औषधि निरीक्षक द्वारा अनुशंसा के उपरांत **xlnindia.gov.in** पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने में कठिनाई की स्थिति में स्थानीय औषधि निरीक्षक कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, पूर्वी सिंहभूम द्वारा इस हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। संपर्क करने का समय पूर्वाह् 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है।

***स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान व औषधि केन्द्र खोला जाना है। इच्छुक व्यक्ति को विहित प्रपत्र में आवेदन करना होगा।***

## डिजनीलैंड जैसे-जैसे समापन की ओर बढ़ रहा, वैसे-वैसे उमड़ रही भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित आमबगान मैदान में फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) के समापन में अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में उमड़ रही भीड़ यह दर्शाता है कि बच्चों एवं बड़ों दोनों वर्ग के लोगों को यह काफी पसंद आ रहा है। फन वर्ल्ड के संयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों के लिए विशेषकर जो झुले लगाये गये हैं उनमें टोरा-टोरा, सुपर ड्रैगन, हेलीकॉप्टर जैसे झुला उपलब्ध है।



इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का झूला जो जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रही है स्टाईल ऑफ मन, ब्रेक डान्स, ड्रेगन ट्रेन, टोरा-टोरा द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल ने संबंधित पदाधिकारियों सहित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ मे बैठक करते हुए कई निर्देश दिए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जाने वाले कार्य एवं गतिविधियों की जानकारी साझा की। बताया कि प्री रिवीजन से संबंधित गतिविधियों के संपादन के लिए 1 जून से 16 सितंबर 2023 तक अवधि निर्धारित की गई है। 21 जुलाई से 30 अगस्त 2023 तक सभी ब्लह डोर टू डोर सर्वे कर नाम जोड़ने (फॉर्म -06) नाम विलोपन (फॉर्म 07) अथवा नाम




सुधार/दोबारा मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना/ दिव्यांग को चिन्हित करने स्थान परिवर्तन करने हेतु (फॉर्म 08) से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे। साथ ही परिवार के मुखिया अथवा परिवार के किसी सदस्य द्वारा बीएलओ रजिस्टर मे हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीएलओ अभियान चलाकर डोर टू डोर सर्वे कर प्रत्येक घर के सदस्यों की जानकारी प्राप्त कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु आवेदन पत्र लेंगे। पत्र प्रविष्टि के क्रम में मतदाताओं का मोबाइल नंबर, पता एवं ईमेल आईडी भी प्रवीष्ट करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने विभिन्न राजनैतिक दल से आए सदस्यों से कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने की बात कही।उन्होंने कहा कार्यक्रम के शत प्रतिशत सफलता हेतु प्रशासन, पुलिस प्रशासन, राजनितिक दल के सदस्यगण एवं समाजसेवी सदस्यों का सहयोग भी आपेक्षित है।

## रघुवर दास ने किया एमजीएम परिसर में बन रहे 500 बेड के नए अस्पताल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डिमना स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में 386 करोड़ की लागत से बन रहे 500 बेड के नए अस्पताल का मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा निर्देशित कार्यक्रम विकास तीर्थ यात्रा के तहत पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अस्पताल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। वहीं, उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे संवेदक एल एंड टी के अधिकारियों से अस्पताल के कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने



एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल केदारनाथ सिंह से भी मुलाकात कर कई आवश्यक चर्चाएं की। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और चिकित्सा मिले, इस ध्येय के साथ वर्ष 2019 में भाजपा की डबल इंजन सरकार में दुमका, हजारीबाग, पलामू और जमशेदपुर के चार अस्पताल का शिलान्यास किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्तमान हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के विकास विरोधी मानसिकता के कारण चाईबासा और कोडरमा में अस्पताल अब तक नही बन पाए हैं।

## पिंकी मंडल बनी सरायकेला-खरसावां झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा के डुमरा निवासी जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल को सरायकेला-खरसावां झामुमो महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जिला कमेटी की ओर से केंद्रीय कमेटी कोअनुशंसा किए जाने के बाद उपरोक्त पद पर उनके मनोनयन की स्वीकृति प्रदान की गई। तत्पश्चात, झामुमो जिला कमेटी की ओर से महिला के कमेटी की घोषणा की गई जिसमें जिलाध्यक्ष पिंकी मंडल, उपाध्यक्ष ललिता महतो, पार्वती गागराई व पिंकी लायक, सचिव रानी हेम्ब्रम, संगठन सचिव अनिता टुडू व श्वेता महतो, संयुक्त सचिव लक्ष्मी गागराई,



मालती हेंब्रम व सुलेखा हांसदा तथा कोषाध्यक्ष गणेश्वरी महतो को बनाया गया है। जिले के कई कार्यकर्ताओं ने नए टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में महाराष्ट्र विधान पार्षद राम शिंदे ने गिनाई केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा में मंगलवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में महाराष्ट्र के विधान पार्षद राम शिंदे, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री सह महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह क्लस्टर प्रमुख जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरूप से शामिल




हुए। सम्मेलन में मौजूद महाराष्ट्र सरकार के विधान पार्षद राम शिंदे ने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। देश और सरकार के प्रति विपक्ष की सोच हमेशा नकारात्मक रही है, जबकि मोदी सरकार सकारात्मक सोच के साथ विकास कार्यो में लगी है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को और मजबूत करें। भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु ने कहा कि पार्टी मोदी सरकार के 9 साल को उत्कृष्टता के 9 साल के तहत मना रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत जमशेदपुर महानगर में चलाए जा रहे विभिन्न कर्यक्रमों की जानकारी दी। सम्मेलन के दौरान मंच संचालन जिला मंत्री जितेंद्र राय, स्वागत भाषण किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी ने किया।

## एसएम स्टील द्वारा भूमि अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत गौरडीह मौजा में एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा आदिवासियों के जमीन को भू माफिया एवं अधिकारियों के मिलीभगत से जमीनों को अधिग्रहण किया जा रहा। गौरडीह ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर आज क्षेत्रीय उपायुक्त के पास ज्ञापन सौंपकर इस मुद्दे का तत्कालीन समाधान करने की अपील की है। जानकारी देते हुए पारंपरिक मुंडा खगेंद्र नाथ सिंह का कहना है कि गौरडीह ग्राम मौजा को



पूर्णरूप से अनुसूचित क्षेत्र घोषित करने के साथ ही उसके विकास को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। कृषि उनके लिए मुख्य आजीविका स्रोत होने के साथ-साथ, उनकी संस्कृति, ऐतिहासिक महत्व और भूमिहीन समुदाय के रूप में उनकी पहचान भी है। ग्रामीणों का यह अनुरोध है कि सरकार उनकी समस्याओं को सुने और इस मुद्दे का तत्कालीन समाधान करें, ताकि उनका विकास हमेशा सुनिश्चित रहे।

## पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एण्ड वेलफेयर काउंसिल झारखंड प्रदेश का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एण्ड वेलफेयर अवेयरनेस आफ इन्डिया काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ़ रिज़वान ख़ान द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.फैयजउद्दिन एंव संगठन महासचिव एम.ए.सत्तार के निर्देश पर संगठन का विस्तार किया गया। जमशेदपुर से सादाब आलम को जिलाध्यक्ष बनाया गया साथ ही जमशेदपुर कमिटी का भी विस्तार हुआ मो सोहेल परवेज़ को उपाध्यक्ष, नसर आलम महासचिव, मो अमीन महासचिव, अजमल हुसैन सचिव, इम्तेयज़ हुसैन सचिव, जावेद हुसैन उपाध्यक्ष,



शादमान मसूदी सोशल मीडिया इंचार्ज। वही इमरान खान को रांची महानगर का अध्यक्ष, क़यूम अंसारी को उपाध्यक्ष, फिरदौस अंसारी को उपाध्यक्ष, हकीम अंसारी को महामंत्री, इरफ़ान अंसारी को उपाध्यक्ष एवं अयूब अंसारी को सचिव बनाया गया। मो असलम को डालटनगंज एंव मो वाहिद को सरायकेला-खारसंवा का जिला अध्यक्ष बनाया गया, सबाज सिद्दीकी को धनबाद जिलाध्यक्ष बनाया गया, एंव नवाज हुसैन को पश्चिम सिंहभूम चाइबासा का जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिला के साथ-साथ प्रदेश कमेटी का विस्तार किया गया। तैहसिन हाशमी को संगठन महासचिव, अख़्तर हुसैन महामंत्री, अब्दुल क़यूम अंसारी उपाध्यक्ष, गुलाम अलाउद्दीन प्रवक्ता एवं एहतेशाम मोहसिनी कोषाध्यक्ष , मो वाहिद को कोल्हान प्रभारी बनाया गया। कमर सुल्ताना को वरीय उपाध्यक्ष, शगुफ्ता अंजुम को सचिव एवं अन्य नेताओ को कई अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

**बोड़ाम में डिग्री कॉलेज के भूमि पूजन के मौके पर विधायक ने कहा**

## जुगसलाई में साढ़े तीन साल में हुआ ऐतिहासिक काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम के जिलिंगडुंगरी टोला में मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। मौके पर टीएसी सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, आंदोलनकारी नेता आस्तिक महतो, झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, लालटू महतो, स्वपन महतो, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, किशनलाल महतो, श्यामा पद महतो, हिमांशु महतो, अश्विनी महतो, छुटुलाल हांसदा, देबुलाल सहिस आदि ने भी नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि साढ़े तीन साल के दौरान जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जो काम हुआ है ऐतिहासिक है। उन्होंने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस का नाम लिए बगैर इशारों में ही कहा कि उन्हें साढ़े तीन क्लास पास बताने वाले ग्रेजुएट व्यक्ति ने यहां काड़ा(भैंसा) लड़ाई, सांड़ा (मुर्गा) लड़ाई और नाचनी नाच (बाई नृत्य) कराया। जबकि साढ़े तीन क्लास पास व्यक्ति ने साढ़े तीन साल के अंदर आज यहां डिग्री कॉलेज का निर्माण शुरू कराया, पटमदा में डिग्री कॉलेज को नैक से बी ग्रेड दिलाया, वर्षो से बंद पड़े माचा अस्पताल को खोलवाया और उसके जमीनदाताओं को नौकरी दिलाने का काम शुरू किया, 228 करोड़ की पाइप लाइन जलापूर्ति योजना लाया, बोड़ाम में सीएचसी की स्वीकृति दिलाने समेत कई उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि क्षेत्र में हेमंत सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करें ताकि भाजपा और आजसू के लोगों को कहीं बैठने का भी मौका नहीं मिले। विधायक ने कहा कि जिलिंगडुंगरी में कॉलेज निर्माण नहीं होने देने के लिए लगातार षड़यंत्र किया जा रहा था। लेकिन उन्होंने ठान लिया था कि कॉलेज यहीं बनेगा ।

## टाटा क्रूसिबल कैंपस क्विज के 19वें संस्करण में देश भर से 1.2 लाख से अधिक छात्र होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बहुप्रतीक्षित टाटा क्रूसिबल कैंपस क्विज 2023 में देश भर 1.2 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया। पंजीकृत उम्मीदवारों को अब पहले क्वालीफायर में अपने ज्ञान का परीक्षण करने का मौका मिलेगा, जो कि गुरुवार 15 जून और रविवार 18 जून 2023 को निर्धारित क्विज का स्तर 1 प्रारंभिक है। कैंपस क्विज के ऑनलाइन संस्करण के लिए देश को 24 क्लस्टर में बांटा गया है। 24 क्लस्टर्स में से प्रत्येक के शीर्ष 100 प्रतिभागी लेवल 2 प्रीलिम्स में आगे बढ़ेंगे और प्रत्येक क्लस्टर से लेवल 2 प्रीलिम्स के 12 उच्चतम स्कोरिंग प्रतियोगी क्लस्टर फ़ाइनल - वाइल्ड कार्ड राउंड के लिए आगे बढ़ेंगे। इन 24 क्लस्टरों को आगे चार जोन- दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर में बांटा गया है और प्रत्येक जोन में 6 क्लस्टर हैं। चार जोनल और नेशनल फाइनल ग्राउंड इवेंट के रूप में आयोजित किए जाएंगे। क्लस्टर विजेता और उपविजेता को 35 हजार रू और 18 हजार रू मिलेंगे।

## संपादकीय

# न्यूनतम समर्थन मूल्य में संतोषजनक वृद्धि

**भाजपा** सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करें, तब स्पष्टतौर वह किसानों के प्रति संवेदनशील दिखायी देती है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और उनका जीवन स्तर बढ़े, इसे लेकर सरकार सजग रहती है। इसी संदर्भ में केंद्र सरकार ने खरीफ और मानसून में उगायी जानेवाली फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पिछले कई वर्षों के मुकाबले सबसे अधिक है। यानी इस बार किसान को उसकी उपज का और बेहतर मूल्य मिल सकेगा। वर्ष 2023-24 के लिए 17 खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति में स्वीकृति दी गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। जिन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई है, उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण फसल धान है, जिसकी बुवाई अधिकतर राज्यों में शुरू हो चुकी है। धान का समर्थन मूल्य 2,183 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 143 रुपये अधिक है। प्रमुख दालों के समर्थन मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। दालों में देखें तो मूंग के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जब से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने मोटे अनाज को लेकर उत्साहजनक वातावरण बनाया है, तब से बाजरा की माँग बढ़ गई है। बाजरा की खेती करनेवाले किसानों को समुचित लाभ मिल सके, इसलिए बाजरा पर न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की लागत से 82 प्रतिशत अधिक घोषित की गई है, जो किसानों को खूब प्रोत्साहित करेगी। वहीं, अरहर के लिए 58, सोयाबीन के लिए 52 और उड़द के लिए लागत की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई है। स्मरण हो कि मोदी सरकार ने किसानों से वायदा किया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को लागत से कम से कम डेढ़ गुना रखा जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य के संबंध में हालिया घोषणा को देखें तो किसानों से किए गए अपने वायदे को निभाने में सरकार सफल रही है। उपरोक्त फसलों के अलावा अन्य फसलों पर भी लागत के मुकाबले न्यूनतम समर्थन मूल्य कम से कम 50 प्रतिशत अधिक रखा गया है। खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि इस वर्ष जो कीमतें तय की गई हैं, उससे किसानों को लाभ होगा क्योंकि अभी खुदरा मुद्रास्फीति की दर, यानी महंगाई घट रही है। बहरहाल, अब सरकार के सामने चुनौती है कि उसने जो मूल्य घोषित किया है, उससे कम पर किसान की फसल न बिके। दरअसल मंडियों में बिचौलियों का कब्जा है, जो सरकार की मंशा को धरातल पर उतरने में बाधक बनते हैं। ये बिचौलिए किसानों की फसल का गलत मूल्यांकन करते हैं। इसके साथ ही मंडी में फसल लेकर आनेवाले किसानों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा कर दिया जाता है, उससे भी परेशान होकर किसान कम दाम में अपनी फसल बेचकर लौटने को मजबूर होता है। सरकार को चाहिए कि वह मंडी में किसानों से उपज खरीदी की प्रक्रिया पर कोई व्यवस्थित एवं पारदर्शी निगरानी तंत्र लागू करे। यदि सरकार इसमें सफल होती है तो वह किसानों की बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रयासों को और प्रभावशाली बना सकती है, जिसके परिणाम और अधिक सुखद होंगे।


वर्ष 2023-24 के लिए 17 खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति में स्वीकृति दी गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। जिन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई है, उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण फसल धान है, जिसकी बुवाई अधिकतर राज्यों में शुरू हो चुकी है। धान का समर्थन मूल्य 2,183 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 143 रुपये अधिक है। प्रमुख दालों के समर्थन मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। दालों में देखें तो मूंग के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक 10 .4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जब से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने मोटे अनाज को लेकर उत्साहजनक वातावरण बनाया है, तब से बाजरा की माँग बढ़ गई है।


## अमृत कलश

# जीवन का मात्र अनुभव करें

**अकसर** हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं। दरअसल, सुख के लिए आप मुश्किलें चाहते हैं। आप चाहते हैं कि आपके सामने चुनौती हो। आप लगातार अपनी दुनिया का विस्तार करना चाहते हैं। है ना? अगर आप चुप रहकर, अपनी आंखें बंद करके लंबे समय तक बैठना जानते हैं, तो आप जल्दी ही समझदार हो जाएंगे। अगर आप दिमाग में चल रही बकवास में ना उलझें, तो आप समझदार बन जाएंगे। केवल जीवन की ओर देखना और अपने तरीके से उसका मतलब निकाले बिना, उसे जानना, निश्चित रूप से आपको जल्दी समझदार बनाने में सहायता करेगा। आप तभी किसी को बहुत समझदार कह सकते हैं, जब कोई अपना जीवन सहजता और बिना किसी उलझन के जीता है। बस, आपको इतना करना है कि आप जीवन का मतलब निकालना छोड़ कर उसका अनुभव करना शुरू कर दें।

## बोध कथा

# देशभक्ति का जज्बा

**अलीपुर** षड्यंत्र केस में फंसे देशभक्तों को छुड़ाने के लिए देशबंधु चितरंजन दास जी-जान से लगे हुए थे। आंदोलनकारियों की सहायता के लिए उन्होंने एक व्यापारी से दो लाख रुपये कर्ज लिए थे। एक दिन वह व्यापारी देशबंधु के घर पर आया और बोला, 'अब आप मेरे दो लाख रुपये दे दीजिए। मैं रुपये लिए बिना यहां से नहीं जाऊंगा।' तभी एक व्यक्ति वहां आया और देशबंधु से एक मुकदमे की पैरवी के लिए विनती करने लगे। वह व्यक्ति देशबंधु को मुकदमे की पैरवी के लिए पांच लाख रुपये देने को तैयार था। देशबंधु व्यस्तता के बीच बोल पड़े, 'इन देशभक्तों के जीवन के सामने, जिनके बचाव के लिए मैं इस मुकदमे में लगा हूं, पांच लाख रुपये क्या? आप अपनी सारी संपत्ति भी दे दें, तो वह मेरे लिए तुच्छ है।' देशबंधु की बातें सुनकर व्यापारी की आंखें खुल गयीं। त्याग के इस देवता के सामने अपनी हरकत के लिए उसे आत्मग्लानि होने लगी। उसने अपनी चेक बुक निकाली और देशबंधु के सामने रखकर बोला, 'आपके इस त्याग को देखकर मेरा सिर श्रद्धा से झुक गया है। आपको जितने रुपयों की आवश्यकता हो इस चेक में भरकर लिख दीजिए। देश के लिए यह मेरी छोटी-सी भेंट स्वीकार कीजिए।'

# जी-20 ने हमें डिजिटल स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण देने का दुर्लभ अवसर प्रदान किया है


**डॉ मनसुख मांडविया**
केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री
भारत सरकार


**आ**ज इंटरनेट के बिना हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें, जहां कंप्यूटर नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़े न हों। इस तरह की संपर्क रहित दुनिया में, एक देश के लोग ऐसी क्षमता के पुनः आविष्कार पर कार्य करना जारी रख सकते हैं जिसे विश्व के दूसरे भाग में वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। लेकिन एक मानकीकृत इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) के बिना, वास्तविकता का हमारा संस्करण मूल रूप से ऐसी व्यवस्था से अलग दिखाई देगा जिसके पास कई स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क तो हैं लेकिन प्लग-इन करने के लिए कोई समान मानक इंटरनेट सुविधा नहीं है। वास्तविकता का यह वैकल्पिक संस्करण उस प्रवाह के समान है जिसका डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र आज सामना कर रहा है- विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के मुहाने पर मौजूद दुनिया इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व से एक मानकीकृत ढांचे और दिशा के साथ-साथ एक निर्णायक पहल की प्रतीक्षा कर रही है ताकि इसके माध्यम से अरबों लोगों को लाभान्वित करने की क्षमता रखने वाले नवाचार को ग्लोबल साउथ में बढ़ावा देते हुए बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके।डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किन्तु प्रभावपूर्ण प्रायोगिकों और उप-क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं परन्तु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इकोसिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है।

**डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की रूपरेखा तैयार करना- भारत में एक महान प्रयोग**

हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था।भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल आधार- कोविन, जहां एक ओर वैक्सीन की उपलब्धता और इसे लगाए जाने की व्यवस्था पर नज़र रखता है तो वहीं दूसरी ओर यह प्रत्येक लाभार्थी के कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण करने के अलावा वास्तविक टीकाकरण प्रक्रिया, टीकाकरण के प्रमाण के रूप में डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य सुविधाऐं भी प्रदान करता है।लोगों और व्यवस्था के बीच सूचना की विषमता को कम करते हुए, कोविन ने टीकाकरण अभियान को लोकतंत्रात्मक बनाते हुए यह सुनिश्चित भी किया कि सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की उपलब्धता को सुलभ बनाया जा सके। अमीर हो या गरीब, यह सभी के लिए टीकाकरण कराने का समान तरीका था और सभी टीका लगवाने के लिए एक ही कतार में खड़े थे। इस सशक्त साधन की क्षमता को देखते हुए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुनिया के लिए एक भेंट के रूप में प्रस्तुत किया।इसी तरह से टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी, जिसके माध्यम से लोगों को अपने घर पर ही आरामपूर्वक डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिली, शीघ्र ही लोकप्रिय हो गया और इसके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परामर्श लिए गए। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक दिन में सर्वाधिक 5 लाख से अधिक परामर्श भी लिए गए।डिजिटल रूप से सक्षम कोविड वार रूम ने लगभग वास्तविक समय पर ही हमें साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता की। एक विशेष निगरानी प्रणाली- कोविड-19 इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक वस्तु सूची की निगरानी भी की। आरोग्य सेतु, आरटी-पीसीआर ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से हमारे देश के डेटा को नीति में परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त किया जिसने हमारी कोविड-19 नीति प्रतिक्रिया को एक परिमाण के क्रम से मजबूत किया।सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए, भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से रोगी अपने मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और इसे प्राप्त करने के अलावा उचित उपचार और उपचार उपरान्त की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। यह रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी दिलाने में मदद करता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समान डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हमारे शिक्षण और संसाधनों को साझा करने के लिए तैयार है ताकि हमारे अनुभव उन्हें डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के लिए किए जाने वाले प्रयासों में मदद कर सकें। विश्व के इन क्षेत्रों में सुविधाओं से वंचित लोग अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों और नवाचारों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और इसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाव कवरेज का सपना साकार हो सकता है।

**वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम क्या है?**

कॉपीराइट व्यवस्थाओं और स्वामित्व प्रणालियों ने डिजिटल समाधानों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। अधिकांश परिवर्तनकारी डिजिटल समाधान आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वे भाषा, सामग्री और उन तक पहुंचने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में असमान रूप से वितरित हैं।प्रासंगिक डिजिटल सार्वजनिक सामान या ओपन-सोर्स समाधान मौजूद होने पर भी, उनकी उपयोगिता सीमित है क्योंकि वे एक मंच, डेटा और नीति से बंधे हैं जिसके लिए कोई समान वैश्विक मानक नहीं हैं। इसके अलावा, डिजिटल स्वास्थ्य के लिए कोई व्यापक वैश्विक प्रशासनिक प्रारूप भी नहीं है जो विभिन्न प्रणालियों में पारस्परिकता का ध्यान रख सके।डिजिटल स्वास्थ्य के संदर्भ में वैश्विक मानकों को निर्धारित करने के लिए कई स्वतंत्र प्रयास भी जारी हैं, लेकिन ये पहल एकाधिकार के तौर पर कार्य कर रही हैं, और लागू होने के लिए किसी भी समर्थन के बिना काफी हद तक असंगठित हैं। ये चुनौतियाँ अवसरों में बदल सकती हैं यदि हम एक वैश्विक समुदाय के रूप में एक प्रभावी एकल मंच पर सभी प्रयासों को समान रूप से साथ रखने का संकल्प कर सकते हैं। इस मामले में जी-20 प्रभावी रूप से डिजिटल स्वास्थ्य हेतु भविष्य के लिए दृष्टिकोण पर विचार करने और इसका निर्माण करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में तैयार है।

**जी-20 में भारत की अध्यक्षता एक डिजिटल स्वास्थ्य सफलता के लिए प्रयासरत**

कल्पना कीजिए कि अगर हम मानवता के लिए डिजिटल स्वास्थ्य के लिए एक प्रभावी वैश्विक प्रारूप बनाते हैं और उसे लागू करते हैं तो इस असाधारण क्षमता को सबके लिए समान रूप से उपयोग किया जा सकता है।इसके लिए हमें सामूहिक रूप से वर्तमान में जारी विभिन्न प्रयासों को डिजिटल स्वास्थ्य पर एक समान वैश्विक पहल में परिवर्तित करने के साथ-साथ एक शासन ढांचे को संस्थागत बनाने, एक समान प्रोटोकॉल पर सहयोग करने, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के रूप में स्वास्थ्य सेवा में आशाजनक डिजिटल समाधानों की पहचान करने और उनका विस्तार करने, विभिन्न विषयों और क्षेत्रों से सभी प्रासंगिक हितधारकों को एक साथ लाने के लिए संस्थाओं को स्थापित करने के अलावा वैश्विक स्वास्थ्य डेटा विनिमय के लिए विश्वास निर्माण और ऐसी पहलों को वित्तपोषित करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है जैसा कि दशकों पहले इंटरनेट के लिए किया गया था।

# अदालतों की सुरक्षा और अपराध बनता चुनौती?

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में स्वयं माफियाराज खत्म करने का दावा करते हैं। सरकार यह ढिंढोरा पीटती है कि राज्य से अपराध का समूल सफाया हो गया है। लेकिन तस्वीर इसके उलट है। अदालतें और जेल भी सुरक्षित नहीं है। लखनऊ के कौसरबाग़ की अदालत में हुईं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव महेश्वरी उर्फ़ जीवा की हत्या कम से कम यही साबित करती है। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है। अदालतों में गोलीकांड की एक नहीं अनगिनत घटनाएं हैं। यही हालात जेलों की है यहाँ भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के बाद ला-एण्ड-ऑर्डर का सवाल उठाया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरा है। पत्रकारों से अपराध का डाटा भी गिनाते दिखे। कन्नौज की घटना पर भी उन्होंने सवाल उठाया है। लखनऊ राज्य की राजधानी है। यह सत्ता का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मंत्रालय , पुलिस महानिदेशक सब यहीं रहते हैं। लेकिन राज्य की राजधानी लखनऊ भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेखौफ होकर अदालत में घुसकर गोलियां बरसाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री के बुलडोजर और एनकाउंटर नीति से जरा भी भय नहीं दिखता। गैंगवार की इस अघोषित लड़ाई में माफिया तो मरते हैं। निर्दोष पुलिस और आम आदमी भी शिकार होता है। जिसका इस लड़ाई से कोई ताल्लुक नहीं होता। पुलिस सुरक्षा और उसकी मौजूदगी में बढ़ती इस तरह की घटनाएं आम से लेकर ख़ास लोगों में भय पैदा करती हैं। जब अदालते नहीं सुरक्षित हैं तो आम आदमी न्याय की उम्मीद कैसे कर सकता है। न्यायधीश को लोग न्याय का देवता मानते हैं। जब उसका मंदिर भी असुरक्षित है तो आम आदमी किससे उम्मीद करे। यह सवाल जायज और चिंता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित लखनऊ की कैसरबाग की अदालत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी जाती है। इस घटना में जहां दो पुलिसकर्मी घायल हुए वहीं एक डेढ़ साल की मासूम और उसकी मां को भी गोली लगती है। जीवा पूर्वांचल के माफिया से राजनेता बने मुख़्तार अंसारी का करीबी बताया गया है। उसने भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या की थी। जिसके बाद उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। जीवा हत्या और दलित उत्पीड़न के मामले में अदालत में पेशी पर आया था। अधिवक्ताओं ने बहादुरी दिखाते हुए गोलीकांड के आरोपी को पकड़ लिया और उसकी अच्छी कुटाई भी किया। वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है कि आखिर इसने जीवा की हत्या क्यों और किसके कहने पर किया। इस घटना के बाद राज्य मुख्यालय में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस महानिदेशक ने अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त करने का आदेश दिया है। अदालत परिसर में इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद जीवा की हत्या करने का आरोपी अधिवक्ता के भेष में सीधे कोर्ट रूम में कैसे घुस गया। अदालत परिसर और कोर्ट रूम के बाहर पुलिस की अच्छी-खासी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। बिना जांच-पड़ताल के न्यायाधीश की अदालत में ऐसे लोगों को क्यों जाने दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवा के अदालत में पेश होने के पहले ही हत्या का आरोपी अधिवक्ता के भेष में वहां बैठा था। यह सब कैसे संभव है। निश्चित रूप से कहीं न कहीं से सुरक्षा व्यवस्था में चूक का मामला है। माफिया से राजनीति में प्रवेश करने वाले अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की भी अप्रैल में कुछ इसी तरह गोली मारकर हत्या कर दी गयीं थी। जब उसे प्रयागराज के काल्विन अस्पताल से मेडिकल जांच के बाद जब पुलिस अभिक्षा में लाया जा रहा था उसी दौरान ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर दोनों भाइयों की हत्या कर दी गयीं। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई और सरकार के कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे। लेकिन इसके बाद भी कोई सबक नहीं लिया गया। पूर्वांचल का माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी की भी जेल में गोली मारकर कर इसी तरह हत्या कर दी गई थी। जबकि अपराधियों के लिए जेल सबसे सुरक्षित मानी जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई खास सुधार नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ की छवि अपराध के खिलाफ बेहद सख्त मानी जाती है। अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर और एनकाउंटर नीति देश की मीडिया में छायी रहीं, लेकिन इसके बावजूद भी अपराधियों के हौसले पस्त नहीं हुए। सबसे सुरक्षित माने जाने वाली अदालत में अब इनकी धमक पहुंच गयीं है। यह वाजिब सवाल है कि हम किसी अपराधी के महिमामंडन की बात नहीं करते हैं। अतीक, असरफ, मुन्ना बजरंगी और जीवा के मरने की वकालत हम नहीं कर रहे हैं। क्योंकि सभी लोग एक अपराधी थे और अपराधी की तरह मारे गए। कहा भी गया है जो जैसा बोएगा वैसा काटेगा। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तो सवाल उठेंगे। क्योंकि यह सरकार और कानून-व्यवस्था से जुड़ा सवाल है।सम्बंधित घटनाओं से यह साबित होता है कि अपराधियों में मुख्यमंत्री के एनकाउंटर नीति का कोई खौफ नहीं है। अगर ऐसा होता तो निश्चित रूप से मेडिकल जांच से आते समय अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या न होती। अदालत परिसर में जीवा खुले आम गोलियां का शिकार न बनता। उदाहरण के लिए यह दो घटनाएं साबित करती हैं कि उत्तर प्रदेश में माफियाराज की जडें अभी काफी मजबूत हैं। उन्हें कहीं न कहीं से खाद-पानी मिल रहा है। अतीक की हत्या करने वाले पत्रकार के वेश में आए थे जबकि जीवा को ठिकाने लगाने वाला अधिवक्ता के रूप में आया। यह साबित होता है कि अपराध अपना ट्रेंड और तरीका भी बदल रहा है। इस तरह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस को भी अपना नजरिया बदलना होगा।




अदालतों में गोलीकांड की एक नहीं अनगिनत घटनाएं हैं। यही हालात जेलों की है यहाँ भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के बाद ला-एण्ड-ऑर्डर का सवाल उठाया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरा है। पत्रकारों से अपराध का डाटा भी गिनाते दिखे। कन्नौज की घटना पर भी उन्होंने सवाल उठाया है। लखनऊ राज्य की राजधानी है। यह सत्ता का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मंत्रालय , पुलिस महानिदेशक सब यहीं रहते हैं। लेकिन राज्य की राजधानी लखनऊ भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेखौफ होकर अदालत में घुसकर गोलियां बरसाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री के बुलडोजर और एनकाउंटर नीति से जरा भी भय नहीं दिखता। गैंगवार की इस अघोषित लड़ाई में माफिया तो मरते हैं। निर्दोष पुलिस और आम आदमी भी शिकार होता है। जिसका इस लड़ाई से कोई ताल्लुक नहीं होता। पुलिस सुरक्षा और उसकी मौजूदगी में बढ़ती इस तरह की घटनाएं आम से लेकर ख़ास लोगों में भय पैदा करती हैं। जब अदालते नहीं सुरक्षित हैं तो आम आदमी न्याय की उम्मीद कैसे कर सकता है।


## नागरिक बोध

# गुजरात मे प्रतिबंधित आतंकी संगठन का भंडाफोड़

**दुनिया** मे आतंकवाद की जड़े इतनी गहरी हो गई है ,जिस पर लगाम लगाना मुश्किल काम है। पाकिस्तान से आतंकवाद की शुरुआत हुई है। धीरे धीरे आतंक की जड़े विश्व मे फैलती गई। आज दुनिया मे कोई भी देश आतंकी संगठनों के जुल्म से बच नही पाया है। भारत मे आतंकी संगठनों ने कई बार बम ब्लास्ट जैसे जघन्य अपराध किये है। निर्दोष लोगों की हर महीने कही न कही देश में बम ब्लास्ट से मौतें होती थी। सरकार आतंकवाद के कहर से बच नही पाती थी। सरकार बदली और एनडीए के घटक संग़ठन की सरकार बनने के बाद देश के कड़क कानून व्यवस्था का अमल किया गया। जिससे, विगत वर्षों में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ है। अब गुजरात के सूरत से आईएसआईएस के आतंकी मॉड्यूल का सूरत में भंडाफोड़ होने के बाद एटीएस की शंका बलवान होती दिख रही है। गुजरात मे आतंकी संग़ठन की जड़े फैली होने की आशंका है। गुजरात मे एटीएस को मिली भारी सफलता के बाद जांच एजेंसियों ने उसी ऐंगल से जांच करने की तैयारी बता दी है। सूरत की महिला सहित चार आतंकियों को पकड़ने के पश्चात गुजरात में और देश मे प्रतिबंधित आतंकी संगठन किस रूप में सक्रिय है। निर्दोष लोगों का खून बहाकर बहादुर बनते आतंकी संगठनों की मोदी सरकार में हालत पस्त हो गई है। लेकिन इनकी करनी का लोहा सरकार को मानना होगा। सरकार की गणित से उल्टी गिनती करने वाले आतंकी संगठन लाशों पर बहादुरी का मेडल जीतकर वाहवाही लूटते है। इनका कोई धर्म नही होता है। लेकिन आज के समय मे आतंकवाद विश्व समुदाय के लिए खतरा बनता जा रहा है। हैंडलर के संपर्क में रहने वाली सुमेराबानू के घर पुलिस की दबिश पर चोंकाने वाले दस्तावेज पुलिस ने बरामद किए है। जिसमे उग्र प्रकाशन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए है। एक बार फिर देश को दहलाने की साजिश की गई थी,लेकिन पुलिस ने इसे निरस्त कर दिया। गिरफ्तार तीन कश्मीरी आरोपी हैंडलर अबु हमजा की मदद से ईरान के रास्ते अफगानिस्तान जाना चाहते थे। देश मे नौ साल पहले आतंकी घटनाए होती थी। अब कोई ऐसी घटना नही हुई है। कट्टरपंथी युवकों को पकड़ने के लिए गुजरात के अनेक स्टेशनों पर पुलिस की कड़ी नजर थी। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कैसे इरादे थे। देश मे आगामी दिनों किस तरह की घटना को अंजाम दिया जाने वाला था। उसका खुलासा पुलिस की एटीएस जांच कर रही है। लेकिन देश मे प्रतिबंध के बावजूद देश पर कहर बनकर टूट पड़ने वाले आतंकवादियो के मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे। मोबाइल फ़ोन, टैबलेट और हथियारों की बरामदगी से आशंका जताई जा रही थी कि आगामी दिंनो में किसी घटना को अंजाम देने के लिए सक्रियता बढ़ा रहे थे। इन साथियों का एक आतंकी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

## देश दुनीया से

# पहले राहुल ने मुँह मोड़ा, अब प्रियंका भी यूपी प्रभारी पद छोड़ेंगी और अपनी प्रधानमंत्री उम्मीदवारी पर ध्यान देंगी

**आम** चुनाव में अब कुछ ही महीने का समय ही बचा है। सभी दलों के नेता गठबंधन करने और चुनाव जीतने के लिए रणनीति बना रहे हैं। उधर, लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं की परिक्रमा कर रहे हैं। सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में सियासी हलचल बढ़ी हुई है। उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के भीतर चुनावी मंथन का दौर चल रहा है, लेकिन पूरे परिदृश्य से कांग्रेस पूरी तरह से गायब है। ऐसे समय में जब कर्नाटक जीतने के बाद कांग्रेस का सियासी पारा बढ़ा हुआ है तब भी यूपी में कांग्रेस 'कोमा' में नजर आ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने तो यूपी से दूरी बना ही ली है, उनकी जगह यूपी कांग्रेस में जान फूंकने आईं कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने भी यूपी की राजनीति से मुंह मोड़ लिया है। कभी कधार ट्विटर के जरिए जरूर प्रियंका अपनी उपस्थिति दर्ज करा लेती हैं। वर्ना तो उनका यूपी से कोई नाता ही नहीं रह गया है। अब तो चर्चा यह भी चल रही है कि प्रियंका वाड्रा का भी यूपी कांग्रेस प्रभारी पद से मन भर गया है। प्रियंका यूपी की राजनीति से पूरी तरह से किनारा करके राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। जहां उनके लिए उम्मीदें ज्यादा हैं। उनके लिए यहां पीएम की कुर्सी के लिए पिच पर टिका रहना ज्यादा आसान लगता है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होना है और राहुल गांधी को मानहानि के एक केस में सजा सुनाए जाने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा हुआ है जबकि सजा सुनाए जाने से पूर्व तक राहुल गांधी को ही कांग्रेस की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार माना जाता था। बदली परिस्थितियों में प्रियंका को अपने लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं। ऐसे में उनका यूपी कांग्रेस का प्रभारी बने रहने का कोई औचित्य भी नहीं बचा है। सूत्रों की मानें तो आगामी चुनाव की तैयारियों को देखते हुए राज्य में कांग्रेस को जल्द ही नया प्रभारी मिल सकता है। दावा है कि कई राज्यों में चुनाव में व्यस्तता के चलते प्रियंका गांधी अपना प्रभारी पद छोड़ सकती हैं। हालांकि पार्टी में नए नामों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कई नाम यूपी कांग्रेस प्रभारी की रेस में हैं। हरीश रावत और तारिक अनवर का नाम इस रेस में सबसे आगे बताया जा रहा है। इनको कांग्रेस का राज्य में प्रभार दिया जा सकता है। हालांकि अभी पार्टी जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहती है। यूपी में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का भी ऐलान होना है, इसको लेकर भी कई नामों पर चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी में क्षेत्रीय अध्यक्षों को जगह दी जा सकती है। राजनीतिक के जानकारों की मानें तो कर्नाटक चुनाव के बाद पार्टी में संगठन स्तर पर कुछ नेताओं की जिम्मेदारी को बढ़ाया जा सकता है। खास तौर पार्टी में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए ये बदलाव काफी अहम होगा। सूत्रों की मानें तो कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भूमिका बदलेगी। वह चुनावी राज्यों में ज्यादा समय देंगी। बता दें कि इस साल के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस की सरकार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में है, जबकि बीजेपी की सरकार मध्य प्रदेश में है। हालांकि कर्नाटक में जीत के बाद अब कांग्रेस ने इन राज्यों में तैयारी तेज कर दी है, लेकिन कांग्रेस के लिए राजस्थान में हालात काफी खराब हैं। यहां कांग्रेस के लिए वापसी आसान नहीं होगी, इसीलिए कांग्रेस ने यहां कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। 200 यूनिट बिजली तो उपभोक्ताओं को फ्री में मिलने भी लगी है।


भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के भीतर चुनावी मंथन का दौर चल रहा है, लेकिन पूरे परिदृश्य से कांग्रेस पूरी तरह से गायब है। ऐसे समय में जब कर्नाटक जीतने के बाद कांग्रेस का सियासी पारा बढ़ा हुआ है तब भी यूपी में कांग्रेस 'कोमा' में नजर आ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने तो यूपी से दूरी बना ही ली है, उनकी जगह यूपी कांग्रेस में जान फूंकने आईं कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने भी यूपी की राजनीति से मुंह मोड़ लिया है। कभी कधार ट्विटर के जरिए जरूर प्रियंका अपनी उपस्थिति दर्ज करा लेती हैं।

# झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का चतरा के करमा पंचायत सचिवालय में हुआ आगमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सोमवार को झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आगमन पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत म्यूरहण्ड प्रखण्ड के करमा पंचायत सचिवालय में हुआ। राज्यपाल के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से नवाजा गया जिसके उपरांत झारखंडी परंपरागत नृत्य और गीत के साथ उन्हें मंच पर आसीन कराया गया।मंच पर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन को पौधा भेंटकर उनका स्वागत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनके आगमन पर आभार प्रकट करता है तथा विधायक श्री किसुन कुमार दास की उपस्थित पर कृतज्ञता प्रकट किया। राज्यपाल को जिला का संछिप्त परिचय देने के उपरांत जिला में किये गए विभिन्न कार्यों से अवगत कराते हुए शिक्षा,



खेल, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में किये गए सभी कार्यों का उल्लेख किया गया।जन संवाद कार्यक्रम के तहत मौजूद लोगों के विचारों से अवगत होने के उपरांत राज्यपाल द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्यपाल का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे लोगों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की जानकारी ले, ताकि शासन तक लोगों की बात को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रायोजन के कारण उन्होंने जनता के बीच जाने का फैसला लिया है। जिससे की लोगों को राजभवन तक आने का कष्ट न उठाना पड़े बल्कि मैं आप सभी के बीच उपस्थित होकर वास्तविक स्थिति से अवगत हो सकूं। आगे उन्होंने कहा कि विकास के काम में कोई भी अवरोध नहीं होना चाहिए। करमा जैसे छोटे छोटे पंचायत, गांव विकसित होगा तो प्रखंड विकसित होगा। जब प्रखंड विकसित होगा तो जिला विकसित होगा और जब जिला विकसित होगा तो राज्य का विकास होगा और तभी देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आज जिले के लोगों को व्यापक सुविधाएं मिल रही हैं और अधोसंरचना विकास हुआ है। उन्होंने चतरा जिले में उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना आदि संचालित योजनाओं का जिला में स्थिति का उल्लेख करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

**परिसंपत्तियों का हुआ वितरण :** करमा पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कल्याण विभाग के तहत एक लाभुक के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। दो लाभुक के बीच शिक्षा विभाग के तहत नियुक्ति पत्र दिया गया। 123 स्वयं सहायता समूह की दीदियों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत 1.2 करोड़ का चेक वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक लाभुक को गृह प्रवेश हेतु चाभी प्रदान किया गया। मनरेगा के तहत दो लाभुकों को जाबकार्ड दिया गया। भूमि संरक्षण के तहत एक सखी मंडल को 5 लाख का चेक वितरण किया गया। परिवहन विभाग अंतर्गत गुड समार्टियन पॉलिसी के तहत एक लाभुक को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सहकारिता विभाग एक सहकारिता समिति को निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अंतर्गत 3 लाभुकों को सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना, 2 लाभुकों को कन्यादान योजना तथा 3 लाभुकों को ट्राइसाइकिल देकर दिव्यांग योजना से लाभान्वित किया गया। उक्त कार्यक्रम में काजल कुमारी पिता पचन भुईयां को अदम्य साहस दिखाते हुए डूबते हुए बच्चे को बचाने के वीरता पूर्ण कार्य के लिए सम्मानित करते हुए वीरता प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## प्रतिमाओं का कराया गया नगर भ्रमण



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जबड़ा बाजार में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में मंगलवार को प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में ढोल बाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु झंडे पताके उठाए हुए थे और लक्ष्मी नारायण के जयकारे लगा रहे थे। श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं को विभिन्न गांव टोलों में भ्रमण करवाया फिर मंदिर मंडपों में मत्था टेकते हुए वापस यज्ञ मंडप लौटे। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि इन प्रतिमाओं को प्राण प्रतिष्ठा और विविध पूजा अनुष्ठान के बाद नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया जाएगा जिसके बाद इनकी विधिवत नियमित पूजा पाठ शुरू हो जाएगी। इधर यज्ञ को लेकर ग्राम वासियों में असीम उत्साह है। बाजार की रौनक बढ़ी हुई है और सर्वत्र भक्ति और आस्था की बयार बह रही है। यज्ञ मंडप में सुबह से शाम तक मत्था टेकने वालों का तांता लगा हुआ है। सांध्य कालीन भजन और प्रवचन में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ के संचालन में यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ ग्रामीण शिद्दत के साथ जुटे हुए हैं और विधि व्यवस्था संभाले हुए हैं। सदस्यों ने आम लोगों से यज्ञ में भाग लेने और पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत बटेश्वर शिव मंदिर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक मंगलवार को की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जेएमएम संतन सोनी ने किया। और संचालन आजसू के पूर्व प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय ने किया।इस बैठक में उपस्थित लोगों ने बैठक को संबोधित करते हुए आगामी 19 जून को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन सिमरिया की धरती कर्बला मैदान में हो रहा है। इसमें आजसू पूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा आजसू पार्टी छोड़कर पूरे संगठन के साथ दल बल के साथ मुख्यमंत्री के द्वारा सदस्यता जेएमएम पार्टी ज्वाइन करेंगे। इसके प्रचार प्रसार के लिए पंचायत के लोगों के द्वारा बैठक की गई। और कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि अधिक संख्या में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बातें को सुने।और मनोज चंद्रा के हाथों को मजबूत करें। मौके पर उपस्थित आजसू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी, बिनोद ठाकुर, कामदेव दांगी, संतन सोनी, जिला उपाध्यक्ष जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा, मुखलाल भोक्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष जयप्रकाश दांगी, मंटू गुप्ता, आजसू के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय, सुरेंद्र दांगी राजू लाल वर्मा रामदेव यादव, आजसू के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रदेव साव, आजसू जिला पूर्व संगठन सचिव सलीम अख्तर, शशि गुप्ता, रंजू देवी, गीता देवी , रीता देवी, अनीता देवी अनेकों लोग उपस्थित थे।

# खबर का असरः मात्र दो दिन में पेयजल समस्या का हुआ समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के सराधू पंचायत अंतर्गत कुड़लौंगा ग्राम के हरिजन मोहल्ला में विकट पानी की समस्या को लेकर दो दिन पूर्व खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके उपरांत मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास ने मामले की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर अपने एक प्रतिनिधि मण्डल को सोमवार को भेजा। जिसमे विधायक के जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे एवं सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने उक्त स्थल पर पहुंचकर पानी की विकट समस्या के पूरे वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधायक एवम् सांसद को अवगत कराया। जिसपर स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास एवम् सांसद सुनील कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कुडलोंगा गांव के हरिजन मोहल्ला में बोरिंग का कार्य करवाया। सांसद



प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने पूजन, अर्चन एवं नारियल फोड़कर बोरिंग का कार्य प्रारंभ करवाया। इस तरह से त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किए जाने पर पूरे ग्रामीण विधायक एवं सांसद के प्रति आभार जताया। आज पूरे क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए इस तरह के त्वरित मानवीय कार्य को लेकर उनके प्रति लोगों के दिलों में अत्यधिक खुशी देखी जा रही है।

# कुष्ठ रोगी को पहचान करने को लेकर स्वास्थ्य केंद्र में एनएम सहिया व सहिया साथी को दिया गया एक दिवसीय ट्रेनिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोगियों को पहचान करने से संबंधित एएनएम, सहिया साथी एवं सहिया को गैर आवासीय एक दिवसीय ट्रेनिंग मंगलवार को करवाया गया। जहां परक्षिक्षुक एनपीडब्ल्यू विकास कुमार ने ट्रेनिंग करवाया। जहां लगभग 100 से ज्यादा महिलाएं ट्रेनिंग ले रही थी। ट्रेनिंग में बतलाया गया कि प्रखंड के प्रत्येक गांव में घर-घर घूम कर प्रतिदिन 20 से ज्यादा लोगों का जांच करना है।एवं इसकी रिपोर्ट जिला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाना है। यह कार्यक्रम 15 जून से 28 जून तक सर्वे करके सभी लोगों को अपने उच्च अधिकारी जिला में रिपोर्ट देना है। और कुष्ठ रोगियों की पहचान लोगों की दाग धब्बे देखकर करनी है। एवं उनके शरीर में नुखिलें वस्तु से चुभा कर देखना है। यदि रोगी के शरीर में वस्तु चुभने से व्यक्ति को दर्द महसूस नहीं होता है। तो वह कुष्ठ रोग से ग्रसित हो सकता है। इन सभी कई यहम जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित एएनएम सबीना कुमारी, मीना कुमारी, उषा कुमारी, शीला सिन्हा, संगीता देवी, राखी कुमारी, नीलू कुमारी, सहिया साथी सुचिता देवी, कविता कुमारी, रवीना देवी, सहिया सुनीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, रेखा कुमारी, रशीदा खातून, उर्मिला देवी, प्रतिमा देवी, गिरजा देवी आरती देवी चंचला देवी एवं सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर सहायक अध्यापकों की बैठक कल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने प्रदेश इकाई एंव जिला कमिटी के निर्देशानुसार 17 जुन को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने को लेकर 15 जून को आपसी बैठक रखा है। जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक मध्य विद्यालय गिद्धौर में शाम 4 बजे से बैठक रखी गई है। इस बैठक में सभी सहायक अध्यापको की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी सिआरसी कमिटी अपने अपने सिआरसी के सभी सहायक अध्यापको को बैठक मे लाना सुनिश्चित करेंगे। एवं आपसी कोई समस्या होगी तो उसका निदान होगा। इस आसय की जानकारी सहायक अध्यापक राम कुमार यादव प्रखंड अध्यक्ष ने बताया है।

## शारदा महेश प्रताप देव डिग्री कालेज को कला एवं वाणिज्य के विषयों में मिली मान्यता

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायतक्षेत्र के वार्ड संख्या 15 अधौरा ग्राम स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को सरकार के द्वारा कला एवं वाणिज्य के विषयों में मान्यता दे दिया गया है.शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय एवं सरकार के द्वारा मान्यता मिलने के बाद श्री बंशीधर नगर पंचायत अंतर्गत पहला डिग्री महाविद्यालय के रूप में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज अपना नाम दर्ज कर लिया है.उक्त जानकारी देते हुए शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि यह क्षेत्र गरीब अभिभावकों का क्षेत्र है जहां उच्च शिक्षण संस्थान का घोर अभाव है.उन्होंने कहा कि मैं सेवा भाव से किसी काम को करने में विश्वास रखता हूं ,राजनीति के क्षेत्र में भी मैंने जब काम करना शुरू किया तब भी सेवा भाव को अपने कार्यों के मूल में रखा. टीडीएम इंटर कॉलेज की स्थापना के बाद मैंने इस क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं को जो बाहर जाकर उचित शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं उनके लिए उनके दरवाजे और आस पड़ोस में एक उच्च गुणवत्ता युक्त कॉलेज खोलने का निर्णय लिया।

# ग्रामीणों के विरोध के कारण नहीं हुआ सेविका का चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम करनदाग में मंगलवार को बाल विकाश परियोजना पदाधिकारी के निर्देसानुसार आंगनबाड़ी सेविका चयन की प्रक्रिया ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें कूल चार आवेदिका किरण कुमारी प्राप्तांक 34, लक्ष्मी कुमारी प्राप्तांक 18, बसंती कुमारी प्राप्तांक 25, अंजू कुमारी प्राप्तांक14, ने अपनी अपनी आवेदन जमा की परियोजना पदाधिकारी अफताब आलम ने ग्रामीणों के बीच ज्ञापांक 05 म स आ के से श*335/2022/2238 दिनांक 30/9/2022 निमावलि के अहर्ता के अनुसार बताया कि सुयोग श्रेणी के अधिकतम प्राप्तांक वाले उमीदवार का चयन किया जाएगा आम सभा के बैठक पंजी में विस्तृत रूप से वर्णित किया जाएगा एवम् सभी निर्णयों को कारण सहित वर्णित किया जाएगा अन्त में निमावली के क्रामंक 6 के अनुसार बतलाए गए प्रस्ताव को अवैध बताकर ग्रामीणों ने स्वीकार नहीं करते हुए चुनाव का लिखित विरोध किया तथा उपस्थित मुखिया भी इस चुनाव में नराजगी जताई परियोजना पदाधिकारी द्वारा अगले तारीख में पुनःचुनाव कराने की ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया।

# दिव्यांगों के बीच किया गया ट्राईसाइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले बनहरदी कोयला खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले दिव्यांगों के बीच मंगलवार को ट्राईसाइकिल का वितरण चंदवा बीडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में बनहरदी कोयला खनन परियोजना के कुल 17 दिव्यांगो के बीच ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया।इस अवसर पर बीडीओ विजय कुमार ने बनहरदी कोयला ब्लॉक क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लाभ के लिए पीवीयूएनएल द्वारा किए गए इस काम और विशेष प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में एके मिश्रा, उप-प्रमुख चंदवा, राजीव रंजन, एजीएम, बनहरदी कोयला खनन परियोजना, आईसीडीएस के अधिकारी और पर्यवेक्षक और पीवीयूएनएल-बनहरडीह कोयला खनन परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग के 2 हेल्थ वेलनेस सेंटर केंद्रों ने बढ़ाई जिले का मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्वास्थ्य विभाग के दो हेल्थ वेलनेस सेंटर केंद्रों ने जिले का मान को बढ़ाई है।बेहतर गुणवत्ता युक्त स्वस्थय सेवा प्रदान को लेकर सदर मुख्यालय के पोचरा व चंदवा सीएचसी अंतर्गत संचालित रूद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर ने लातेहार स्वास्थ्य विभाग का गौरव बढ़ाया है।दोनों ही हेल्थ वेलनेस सेंटर नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टेंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। प्रोग्राम लक्ष्य के तहत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीएचसी चंदवा और डीएच लातेहार पूर्व में ही हो चुके है, सटिस्फाइटेड लक्ष्य कार्य से सम्मानित होने पर स्वास्थ्य विभाग में अपार खुशी देखा जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एक मात्र उद्देश्य है,सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों को बेहतर ढंग से उपलब्ध करना ताकि मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। चयनित हेल्थ वेलनेस सेंटरों का प्रत्येक छः माह पर जांच सेंट्रल टीम एवं राज्यस्तरीय टीम द्वारा किया जायेगा, सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतर गुणवत्ता पूर्ण बनाये रखना ही एक मात्र उद्देश्य है।

# पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अफीम तस्करी पर पुलिस की पैनी नज़र है। बावजूद तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि चतरा पुलिस लगातार छापामारी कर अवैध अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में तस्करों को लगातार गिरफ्तारी कर रही है। इसी कड़ी में विगत 12 जून को एक किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में 27 वर्षीय अंगलेश कुमार दांगी पिता इन्द्रदेव दांगी और 25 वर्षीय कृष्णा कुमार दांगी, पिता भुनेश्वर दांगी शामिल है और दोनों सदर थाना क्षेत्र के दारियातु गांव के रहने वाले हैं उक्त जानकारी केदार नाथ राम, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चतरा ने प्रेसवार्ता के माध्यम से दी।पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम ने बताया कि गिरफ्तारी पुलिस टीम में वशिष्ठनगर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक गुलाम सरवर , सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद याद के अतिरिक्त पुलिस जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि



पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि चतरा से गया जाने वाली जयमंगला बस में दो अफीम तस्कर अफीम के साथ गया की ओर जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री रंजन से प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक (मु0) चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी बशिष्ठनगर थाना एवं सशस्त्र बल शामिल थे। उक्त छापामारी दल द्वारा जयमंगला बस को मोरेनवा टोल प्लाजा के पास रोक कर जाँच की गई। जांचोपरांत व्यक्ति अंगलेश कुमार दांगी, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता इन्द्रदेव दांगी और कृष्णा कुमार दांगी, उम्र 25 वर्ष, पिता-भुनेश्वर दांगी, दोनो ग्राम-दारियातु, थाना सदर, जिला-चतरा को संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर विधिवत उनकी बदन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अंगलेश कुमार दांगी के दोनो पैर में घुटना से नीचे एनकलेट लगाया हुआ पाया गया। जब एनकलेट को उतारा गया तो दोनो एनकलेट के अन्दर कुल 01 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुआ। जो कृष्णा कुमार दांगी के साथ बिक्री करने हेतु ले जा रहे थे। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार तस्करों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि उक्त दोनो व्यक्ति लावालौंग तरफ अफीम का खेती किये थे। उसी से निकाला गया अफीम को बिहार राज्य के डोभी बिक्री के लिए जा रहे थे। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक किलोग्राम अवैध अफीम, पैर में पहनने वाला दो पीस इंकलेट और दो मोबाइल फोन शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ बशिष्ठनगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम के अलावा वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एएसआई लक्षमण प्रसाद यादव, आरक्षी उमेश कुमार चौधरी, प्रकाश उराँव आईआरबी और सैट के जवान शामिल थे।

# करमा पहुंचे राज्यपाल को गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत, काजल के सर पर राज्यपाल ने रखा हाथ, करोड़ों की परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** 3 महीने और 15 जिलों में कार्यक्रमों में शिरकत करनेवाले राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन को चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड स्थित करमा पंचायत सचिवालय में स्टेट की पुलिस टीम के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत किया गया।झारखंड की लोक संस्कृति के झलक और मांदर की थाप पर इन्हें मंच तक लाया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल समस्याओं को लेकर काफी सक्रिय दिखे।जोहार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करनेवाले राज्यपाल अपना वक्तव्य अंग्रेजी में दे रहे थे जिसका हिंदी में अनुवाद जिले के युवा तेजस्वी उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिले भर से आए हुए लोगों ने अपनी समस्याएं जनसंवाद के माध्यम से सीधे राज्यपाल के समक्ष रखा। जिसका संज्ञान फौरी तौर पर राज्यपाल के द्वारा किया गया। करीब आधे घंटे तक जनता से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए राज्यपाल ने कहा केंद्र



सरकार के द्वारा झारखंड के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जो सीधे तौर पर झारखंड राज्य के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले महीने प्रखंड के हुसिया में 3 साल के बच्चे के कुएं में गिर जाने के बाद मौके पर मौजूद 13 साल की काजल ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए 3 साल के बच्चे को बचाने में सफल रही थी। राज्यपाल ने जैसे ही इस बहादुर बच्चे के सर पर हाथ रखा और फिराए वैसे ही पूरा करमा पंचायत सचिवालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हंटरगंज प्रखंड में बीडीओ द्वारा मनमानी और अभद्रता के साथ पेश आने का मुद्दा भी गर्म रहा और यहां पर हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने बीडीओ अभिषेक पांडे की कारगुजारी का पोल खोली। राज्यपाल दिलेरी दिखाते हुए व्हीलरिक्शा प्राप्त करने वाले लाभुकों के पास पहुंचे और उनका हालचाल भी करीब से जाना इस दौरान व्हीलरिक्शा पानेवाले लाभुकों के भी कंधे पर राज्यपाल ने अपना हाथ रखा और इसके बाद व्हीलरिक्शा पानेवाले सभी लाभुक भावुक हो गए और उनकी आंखें नम हो गयी। राज्यपाल के हाथों जेएसएलपीएस समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए करोड़ों रुपए के परिसंपत्ति का वितरण किया गया।गौरतलब हो कि जन संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन प्रखंड प्रशासन और पंचायत के मुखिया का वर्क टीम की अहम भूमिका रही।वहीं आपको बता दें कि राज्यपाल के आगमन से लेकर प्रस्थान तक पुलिस के सशस्त्र जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात थे।महामहिम राज्यपाल का निर्धारित जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से चतरा उपायुक्त अबू इमरान,एसपी राकेश रंजन, डीएसपी केदारनाथ राम, क्षेत्र के विधायक किसुन कुमार दास, स्थानीय थाना प्रभारी रामवृक्ष राम प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा,व प्रखंड और अंचलकर्मी,जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी मयूरहंड 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोष मयूरहंड प्रमुख मिकी देवी पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव,पूर्व जिला परिषद सदस्य पति बमबम भगत उर्फ सत्येंद्र फूलांग पंचायत के मुखिया शंकर रजक, मझगांवा पंचायत के पूर्व मुखिया मोहम्मद इशाक अली, करमा पंचायत के मुखिया पुत्र सह युवा समाजसेवी शिबू यादव मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार बोलेरो रूम तोड़ते हुए अंदर जा घूंसा,एक की मौत पांच घायल

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना केंद्रीय विद्यालय स्थित आज सुबह तेज रफ्तार बोलेरो भीषण सड़क दुघर्टना का शिकार हो गए। जानकारी अनुसार तेज रफ्तार बोलेरो ड्राइवर के आंखें झपकने के कारण चैक पोस्ट के रूम तोड़ते हुए अंदर जा घूंसा। इस भीषण दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत पांच घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायल व्यक्ति घुटवा बस्ती के बताए जा रहे हैं। दुर्घटना इतना भयावह था कि बोलेरो का उपर से बीच तक हिस्सा गायब और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, बोलेरो के अंदर फंसे घायल और मृतक व्यक्ति को साबल हथौड़ा के माध्यम से लोहा काटकर निकाला गया। सभी घायल व्यक्ति को बरकाकाना पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराई गई है।

### बीएसए बरही ने इंडियन एंथम को आठ विकेट से किया पराजित

**बरही :** ब्लॉक मैदान में चल रहे आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी 20 नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को बीएसए बरही व इंडियन एंथम के बीच मैच खेला गया। जिसमें इंडियन एंथम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 60 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसए बरही की टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच सुधीर पासवान को मिला, वही निर्णायक की भूमिका समी अख्तर, शिव शंकर कुमार व स्कोरर सचिन कुमार यादव ने निभाया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बलराम केसरी, संतोष शर्मा, सुधाकर यादव आदि मौजूद थे।

### आजप सदस्य जमीन कब्जा स्थलों का करेंगे निरीक्षण

**सिरका :** आदिवासी जन परिषद के प्रतिनिधियों के द्वारा चुटूपालू के खाता नंबर 42 प्लॉट नंबर 1329 के 42 डिसमिल जमीन कब्जा स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसकी जानकारी मंगलवार को आजप केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया ने दिया। उन्होंने कहां कि चुटूपालू के रैयत रंजीत कुमार महली के द्वारा आजप संगठन को जमीन कब्जा संबंध के बारे में लिखित जानकारी दी गई हैं। इसकी जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय नेतृत्व के साथ आगे कार्य किए जाएंगे। जिसमें आजप के सभी प्रतिनिधि, सदस्य शामिल होंगे।

### रामगढ़ की जनता की हक को लूटने नहीं दूंगी : सुनिता चौधरी

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड मुख्यालय में माननीय विधायक सुनिता चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड के चालू और पूर्ण योजनाओं पर समीक्षा बैठक किया गया । सबसे पहले जनता की शिकायत को ध्यान पूर्वक सुन कर मान्य विधायक सुनीता चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की हक और अधिकार किसी को लूटने नहीं दूंगी द्य जनता के द्वारा की गई शिकायत में मुख्य रूप से अधिकतर शिकायत मनरेगा कूप में अनियमितता का था । जिस पर विधायक के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया । विधायक के द्वारा दीदी बाड़ी योजना, बिरसा मुंडा बागवानी शेड निर्माण , प्रधानमंत्री आवास योजना, डॉ भीम राव अंबेडकर आवास योजना, अमृत सरोवर योजना, खेल मैदान, मिट्टी मोरम रोड की चालू योजनाओं की समीक्षा की गई । सभी को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया । अंचल अधिकारी को ऑनलाइन दाखिल ख़ारिज , रसीद कटने में विलंब और 4 लेन रोड में भुअर्जन पर हो रही अनियमितता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया । किसी भी हालत में ग़लत भुगतान ना हो इस पर ध्यान दिया जाए ।

# भयंकर गर्मी में बिजली कटौती ने बढ़ाई विष्णुगढ़ वासियों की मुसीबतें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी चौबीस पंचायतो में 40ए-42एकी भयंकर गर्मी में बिजली की कटौती घण्टो तक अनिश्चित काल के लिए कटौती की जा रही है,जिससे आम-जन जीवन त्रस्त हो गया है। दिन में बिजली कटौती से दैनिक रोजगार पर असर वहीं दिनभर की थकान से आम-जन राहत की आस में घर पर आते तो बिजली गुल,सोने के बाद रात में बिजली गुल इसमें आमजन को राहत बमुश्किल से मिल पाती है।प्रखंड के लोग बिजली कटौती से काफी नाराज हैं। इधर कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है,परन्तु गर्मी से राहत पाने के साधन एयर कंडीशनर, पंखे, कूलर और अन्य विधुत उपकरण राहत देने की बजाय शोभा की वस्तु बन गई है।इस बाबत विधुत कनीय अभियंता से जब बिजली कटौती के कारण के बारे में पूछा तो उन्होंने डीवीसी द्वारा लोड सेडिग की बात कही तथा आज दिन में बिजली कटौती का कारण हवा की वजह से हाईटेंशन तार पर डाली गिर जाने एवं हवा के झोंको के कारण बिजली कटौती की बात कही।बिजली विभाग की इंफ्रास्ट्रक्चर काफी कमजोर,और पुरानी तकनीक का उपयोग हो रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को बिजली की अच्छी गुणवत्ता नहीं मिल पा रही है।जनता ने सरकार से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार करने,तंत्रों की मरम्मत और नए उत्पादन संयंत्रों की स्थापना की मांग की है। इसके अलावा,विभागीय अधिकारियों को समय पर बिजली कटौती के बारे में सूचना देने और जनता को अपडेट देने की मांग भी की जा रही है।सरकार को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना और तत्परता से समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। गर्मियों में बिजली कटौती की समस्या से निपटने के लिए उचित उपायों को अपनाने की जरूरत है ताकि जनता को अधिकतम सुविधा और समृद्धि मिल सके।

# भुरकुंडा पुलिस ने 13.5 किलो गांजा के साथ व्यक्ति को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा रिभर साईड में पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत छापेमारी अभियान में 13.5 किलो गांजा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। बुध बाजार रिभर साईड भुरकुंडा में गमेश पांडेय एवं अन्य किराना दुकान वह कुछ लोगों के घरों में चोरी चुपके गांजा की बिक्री की जा रही है इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी सूचित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर उक्त स्थान पर छापामारी की गई, जिसमें दोनों दुकान एवं घरों से कुल 13.5 किलो गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में नारकोटिक्स कांड दर्ज की गई जिसमें गमेश पांडेय पिता विजय कुमार पांडेय चीप हाउस रिभर साईड को गिरफ्तार किया गया ।

# अवैध बालू खनन के खिलाफ पतरातू प्रखंड व अंचल अधिकारी ने कि कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** अवैध बालू खनन के खिलाफ पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी हरीनाथ महतो एवं अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे की संयुक्त छापामारी। बताते चलें कि रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर पतरातू प्रखंड के सांकुल घाट डीजल शेड,बारवा टोला घाट,किरी गाढ़ा घाट,एवं टॉकीसूद आदि बालू घाट में छापेमारी की गई अचानक छापामारी पड़ने से बालू तस्करों में हड़कंप मच गया।बालू तस्कर अपनी अपनी ट्रैक्टर जैसे तैसे लेकर भागने लगे।लेकिन अधिकारियों ने टोकीसुद के घाट से एक ट्रैक्टर को जप्त किया।जप्त ट्रैक्टर में ट्रेक्टर ड्राइवर नही होने वजह से अंत में पतरातू बीडीओ हरी नाथ महतो के द्वारा ट्रैक्टर चलाकर पतरातू थाने लाया गया।और ट्रैक्टर को पतरातू थाना में सुपुर्द किया गया एवं आगे की कार्रवाई हेतु आदेश दिया गया।मौके पर अधिकारियों ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की वजह से 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू की खुदाई पर रोक है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कारा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, उपकारा रामगढ़ के अधिकारियों, जिला कारा सुरक्षा समिति के सदस्यों, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# खबर का असर : प्रखंड बरकट्ठा के आदिवासी बहुल इलाका पहाडपुर में स्थानीय लोग चुंआ से पानी पीने को थे मजबूर

**डिप बोरिंग करवा कर पानी मुहैया करवाने का प्रयास किया जा है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी पहाडपुर के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरकट्ठा(हजारीबाग) :** प्रखंड क्षेत्र के अतिपिछड़ा आदिवासी बहुल क्षेत्र ग्राम पहाड़पुर पंचायत गोरहर में पानी की विकट समस्या उत्पन्न थी।पहाडपुर गांव जो प्रखंड कार्यालय से महज आठ किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ियों के तलहटी पर अवस्थित है।मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। आजादी के 75 वर्षो बाद भी आदिवासी समुदाय के पुरूष एवं महिलाएं व छोटे-छोटे बच्चे चुवां से गंदे पानी निकालकर पानी पीने को मजबूर थे।जिस अति महत्वपूर्ण जनसमस्या को पिछले दिनों प्रभात मंत्र के द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।जिसपर संज्ञान लेते हुए स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के द्वारा इस मुद्दा को उपायुक्त महोदया एवं डीडीसी महोदया से मिलकर के अतिशीघ्र समाधान हेतु अनुरोध किया गया था।जिसपर तत्परता से संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के द्वारा आज पहाडपुर गांव में डिप बोरिंग करवाया जा रहा है।जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है।

# स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना का उपायुक्त ने किया शुभारंभ, हरी झंडी दिखाकर मेडिकल वाहन को किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य समृद्धि परियोजना का शुभारंभ कर समाहरणालय परिसर से स्वास्थ्य समृद्धि वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा संचालित एवं डीएमएफटी द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन का क्रियान्वयन राजकुमारी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं।

विस्तृत कवरेज़

एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

भंडार कक्ष

यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

# संपन्न हुआ भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सांसद जयंत सिन्हा हुए उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** मंगलवार को भाजपा की ओर से रामगढ़ जिले में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसका मंच संचालन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी कुशवाहा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद राम ने किया।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मंजुलता दुबे उपस्थित हुई।सर्वप्रथम सभी आगंतुक वरिष्ट नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर महापुरुषों की तश्विरो पर माल्यार्पण के बाद राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।इस संयुक्त मोर्चा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, वरिष्ट उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी, इलारानी पाठक, महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, मंत्री वसुध् तिवारी,दिलीप सिंह, राजीव पमदत्त, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, रमेश, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, किसान मोर्चा के आमंत्रित सदस्य मणिशंकर ठाकुर, बबिता सिन्हा, दीप सिन्हा, कुमेल उरांव, नमेंद चंचल, सैय्यद किरमानी, इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 नए मरीज, प्रदान किया पहले चरण का पोषण किट**

# अदाणी फॉउंडेशन ने स्थापित किया एक नया और बड़ा मापदंड : डा. बीएन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन ने 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत इन मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन ने एक बड़ा मापदंड स्थापित किया है। ऐसी बहुत कम कंपनियां हैं जो दूसरे चरण में भी टीबी मरीजों को गोद लेती हैं। इसलिए अदाणी फॉउंडेशन की यह पहल बहुत सराहनीय है।मौके पर जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि इस नेक पहल के लिए अदाणी फॉउंडेशन का जितना भी आभार व्यक्त किया जाए वो कम होगा। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन हजारीबाग जिले का ऐसा पहला कॉर्पोरेट घराना है, जिसने पिछले साल भी टीबी के 60 मरीजों को छह महीनों तक पोषण किट प्रदान किया था और इस बार भी इसे कायम रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है।कार्यक्रम में जिला टीबी अधिकारी डॉक्टर आरके जायसवाल ने मरीजों से कहा कि दवा के अतिरिक्त जो पोषण आहार उन्हें मिल रहे हैं उनका नियमित रूप से सेवन किया जाना चाहिए।

# रैयतों का एनटीपीसी से जमीन संबंधित मामला ग्रामसभा में निष्पादित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** सामुदायिक भवन सूर्य मंदिर प्रांगण में बड़कागांव अंचल अंतर्गत राजस्व ग्राम लंगातू के भू-रैयतों का स्टेटमेंट 6 एवं परिवारिक सूची का दावा प्रस्तुत करने हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसका कार्यालय अंचलाधिकारी का ज्ञापन संख्या 544 निकाला गया था। जिसे लेकर ग्रामसभा की तिथि 12 जून को निर्धारित की गई थी। इसमें ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपना-अपना दावा प्रस्तुत किया जो बिल्कुल सही पाया गया। किसी रैयत के द्वारा कोई आपत्ति पत्र दाखिल नहीं किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार एवं संचालन बड़कागांव अंचल निरीक्षक अनोज कुमार के द्वारा किया गया । ग्राम सभा में एनटीपीसी के अधिकारी सुशांत कुणाल , राजस्व उप निरीक्षक मनीष पाठक, अंचल अमीन नरेंद्र कुमार, अमीन परमेश्वर कुमार, महेंद्र राम पासवान के अलावा रैयत शामिल थे।

# मंझलाचुंबा चांदनी चौक के एक घर के समीप 26 शेरचंदवा सांप निकले, मचा हड़कंप

**अफरा-तफरी के बीच ग्रामीणों ने सांपों को पकड़ा, जंगल में छोड़ा, हो रही चर्चा**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** मंझलाचुंबा चांदनी चौक में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब यहां के लालधारी राम के घर के समीप सोमवार करीब 26 (शेरचांदवा) सांप निकलने की खबर फैली। इससे उक्त परिवार समेत ग्रामीणो के बीच अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। जैसे- तैसे ग्रामीणों ने सभी 26 सांपो को पकड़कर बोरे में डाल असनागढ़ा जंगल में छोड़ दिया। तब जाकर राहत की सांस लिया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप लालधारी राम के घर के समीप निकला. यहां उनकी पत्नी किरण देवी के द्वारा बीते सोमवार सुबह 6 बजे आंगन में झाड़ू लगाया जा रहा था, इसी दौरान बोरा उठाने के क्रम में एक सांप पैर से सटकर गुजरा। हो हल्ला होने के बाद सांपों की खोज लालधारी राम के पुत्र विकास कुमार, रवि कुमार और पड़ोसी बाबा सिकंदर के द्वारा की गई। शाम को रखे पत्थरों व झाड़ी के पास एक साढ़े तीन फीट और 25 डेढ़ फीट के सांप निकल पड़े। जिसे किसी तरह पकड़ा गया। वहीं सांपों को देखने के बाद ग्रामीणों के बीच और भी सांप रहने व निकलने का डर बना हुआ हैं। इसे लेकर कई प्रकार की चर्चा हो रही हैं।

# अरुण आत्महत्या मामले में पत्नी ने 4 लोगों पर लगाया आरोप, लिया वापस, हो रही चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा जीएम ऑफिस भुईयां टोली में बीते 8 जून को स्वर्गीय अरुण भुईयां के द्वारा आत्महत्या मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद पत्नी उर्मिला देवी ने चुंबा के 4 लोगों समेत एक महिला पर मोबाइल चोरी को लेकर मारपीट करने, प्रताड़ित कर आत्महत्या होने का आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद गिद्दी पुलिस ने कांड संख्या 82/23 दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया। लेकिन बीते दिन सोमवार को मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने एसडीपीओ बड़कागांव, सहायक पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, न्यायिक दंडाधिकारी, गिद्दी थाने को आवेदन देकर चुंबा के 4 लोगों समेत महिला पर लगाए आरोप वापस ले लिए हैं। इसमें बताया कि गुस्से में बिना जांच पड़ताल के ही यह कदम उठाया, मैं किसी निर्दोष को फंसाना नहीं चाहती हूं। साथ ही मुकदमा नहीं लड़ना चाहती हूं। सूत्रों की माने तो 8 जून को स्वर्गीय अरुण भुईयां की पत्नी उर्मिला देवी की ओर से हैसालौंग के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा आवेदन पत्र लिखा गया था। जिसके बाद निर्दोष चार व्यक्तियों के नाम आत्महत्या मामले में जुड़ गए। इसके बाद से ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

# सफाई कर्मियों ने की हड़ताल, प्रबंधन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, वेतन बढ़ोतरी की कर रहे मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अनुबंध पर काम करने वाले सफाई कर्मियों ने मंगलवार को अचानक हड़ताल कर दिया,साथ ही प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, सफाईकर्मियों ने श्रम अधीक्षक को लिखित आवेदन भी दिया ,सफाईकर्मी रोशनी देवी ने बताया कि कमांडो सिक्योरिटी एजेंसी के पदाधिकारी नवल सिंह के घर शादी समारोह में हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सफाई कर्मियों को बुलाया गया था. उन्हें वहां सफाई के काम में लगाया गया था. जब सफाई कर्मियों ने इसका विरोध किया तो कमांडो सिक्योरिटी के सुपरवाइजर सुनील सिंह और अजय यादव ने उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया. यहां तक कि हाथापाई तक की नौबत आ गई।

# अनियमित बिजली कटौती को लेकर विधायक करेंगे जीएम कार्यलय का धरना-प्रदर्शन व घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** एक तरफ जहां प्रचण्ड गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी तरफ़ संपूर्ण झारखंड के साथ हजारीबाग में ध्वस्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और बिजली की अन्य समस्याओं से जनता ऊब रही है। समाज के हर वर्ग के लोग बिजली की कुव्यवस्था का दंश झेलने को मजबूर हो रहे हैं। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति और बिजली की अन्य समस्याओं के खिलाफ हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग का प्रचंड विरोध-प्रदर्शन व घेराव का ऐलान किया है। इस संबंध में विधायक मनीष जयसवाल ने बताया कि ग्रीष्म काल में भी विद्युत आपूर्ति 24 घंटे में मार्च 10- 12 घंटे दी जा रही है, ट्रांसफार्मर जलने के पश्चात पुनः ट्रांसफार्मर मिलने में महीनों लग रहे हैं, विगत कई वर्षों पूर्व लगे जर्जर हो चुके तारों को बदलने के कार्य में लगातार अनदेखी हो रही है, शहर के विभिन्न इलाकों में बस रहे नए मोहल्लों को विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, कई स्थानों में बिजली बिल मासिक रूप से नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं को एकमुश्त जमा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, कई गांवों में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो बिजली बिल निर्गत कर लोगों का भयादोहन एवं दो बिलों की वसूली की जा रही है, बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी और बाबुओं की लालफीताशाही से जनता त्रस्त है।

# मलेरिया नियंत्रण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता




**हजारीबाग :** मलेरिया नियंत्रण एवं बचाव को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में टास्क फोर्स के सचिव सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद एवं आमंत्रित सदस्य जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुनिल कुमार, जिला भीबीडी पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ न्यूटन तिर्की, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव सहित विभिन्न तकनिकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर सचिव टास्क फोर्स ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जून माह में मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाया जाता है। जून माह में जलजामव होने से नये मच्छरों का उत्पन्न होने से मलेरिया का खतरा सर्वाधिक रहता है। अतः मलेरिया बीमारी से बचाव हेतु जानजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मलेरिया रोधी माह मनाये जाने का उद्देश्य अर्न्तविभागीय विविध गतिविधियां संचालित कर जिले में मलेरिया से बचाव तथा नियंत्रण संबंधी विभिन्न उपायों एवं तरीकों से जन समुदाय को अवगत कराने ताकि बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके व्यवहार में परिवर्तन किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु विविध गतिविधियों का संचालन ससमय करें। मौके पर स्वास्थ्य विभाग को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मच्छरदानी का वितरण एवं इसके नियमित उपयोग हेतु जागरूकत करने का निर्देश दिया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लॉन्च किया योगा स्टोर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वस्थ और फिट भारत के भारत सरकार के विजन में योगदान करने के लिए, अमेजन इंडिया ने योगा स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्टोर भारतीय विक्रेताओं की ओर से पेश किए योगा प्रोडक्ट का एक बेहतरीन संग्रह पेश करता है। सर्बानंद सोनोवाल, माननीय मंत्री, आयुष तथा बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग, भारत सरकार ने इस स्टोर को लॉन्च किया है। यह स्टोर न केवल ग्राहकों को एक सेहतमंद लाइफस्टाइल अपनाने में मदद करता है, वहीं यह हेल्थ और फिटनेस श्रेणी में उभरते भारतीय ब्रांडों और निर्माताओं की ग्रोथ में भी मदद करता है। सर्बानंद सोनोवाल, माननीय मंत्री, आयुष तथा बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग, भारत सरकार ने कहा, योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का हिस्सा है। यह हमारे संपूर्ण विकास में योगदान देता है। इसका उद्देश्य जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। मैं लॉन्च का हिस्सा बनकर खुश हूं और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ और फिट इंडिया विजन के अनुरूप योगा स्टोरफ्रंट के सफल लॉन्च पर अमेजन इंडिया को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं।



## डॉ सुकल्याण बने विभावि के जनसंपर्क सह जनसूचना पदाधिकारी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नए वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के जनसंपर्क सह जनसूचना पदाधिकारी बनाए गए हैं. उन्होंने पूर्व जनसंपर्क सह जनसूचना पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार से मंगलवार को प्रभार ग्रहण किया. डॉ सुकल्याण मोइत्रा पूर्व में भी वीसी डॉ अरविंद कुमार के कार्यकाल में सूचना जनसंपर्क अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वहन कर चुके हैं. वे प्रखर पत्रकार के रूप में नेशनल डेली इंग्लिश न्यूजपेपर में अपनी सेवा दे चुके हैं. विभावि के पीआरओ सह जनसूचना पदाधिकारी बनाए जाने पर पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

## प्रखंड़ क्षेत्र के जतघघरा में दीक्षा हाई स्कूल का उदघाटन पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो, ग्राम जतघघरा में दीक्षा हाई स्कूल का विधिवत उदघाटन बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक यादव ने स्कूल के संचालक पिंटू कुमार औऱ प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार को सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए बहुत बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दिए। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में यह विद्यालय परिवार अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेगी।मौके पर गणमान्य स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार यादव,मुखिया प्रतिनिधि सतड़िहा सुरेश यादव,समाजसेवी विजय यादव,महेश यादव, वीनोद यादव,अरुण यादव, संतोष यादव,मुकेश कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## देवोब्रातो गोस्वामी ने यू.पी.एस.सी.की परीक्षा मे सफलता हासिल की

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के देवोब्रतो गोस्वामी ने यू.पी. एस. सी.असिस्टेंट इंजीनियर ग्रेड की परीक्षा मे सफलता हासिल की है, उन्हें मिनिस्ट्री ऑफ़ माइंस के अंतर्गत जीओलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया मे यह पद प्राप्त हुआ है द्य उन्होंने अपनी बारहवीं तक की शिक्षा श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल से प्राप्त की उसके बाद इंजीनियर की पढ़ाई बांकुरा उन्नयनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग कालेज बंकुरा पछिम बंगाल से की उनके पिता आर एस गोस्वामी 32 साल तक गुरु नानक पब्लिक स्कूल मे शिक्षक का काम किये वे 2021 मे अवकाश प्राप्त किये, वर्तमान मे वे गणिनाथ पब्लिक स्कूल मे प्राचार्य के पद पर कार्यरत है.उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं शिक्षको क़ो दिया है.उनके इस सफलता से न केवल रामगढ़ का बल्कि पुरे झारखण्ड का नाम रोशन हुआ है द्यइस मौके पर बधाई देने वालो में ऋषिकेश सिंह महामंत्री भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मौजूद थे।



## हरिडीह व हाकेदाग गांव में आजसू पार्टी चुल्हा प्रमुखों की बैठक का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के हाकेदाग व हरिडीह गांव में सोमवार को आजसू पार्टी चुल्हा प्रमुखों का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी सुशील महतो, मुखिया हरिपद मांझी, आजसू प्रखंड महिला अध्यक्ष सोमरी देवी, ग्राम प्रभारी गिरीधारी, रंजीत साहु, विष्णु महतो आदि शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के समस्याओं एवं समाधान तथा संगठन की मजबुती पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सुशील महतो ने कहा कि चुल्हा प्रमुख पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं में हैं। जिनके माध्यम से ही हर परिवार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने मौजूद चुल्हा प्रमुखों से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने एवं गांव के समस्याओं के समाधान पर तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में संगठन को मजबुती एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर सिल्ली के ग्रामीण इलाकों में आजसू पार्टी चूल्हा प्रमुखों के बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पिसका एवं हाकेदाग पंचायत के लोसेरा लोदमु, बनवाडीह, मिसिरहोटाग आदि गांवो में बैठक संपन्न हो चुका है। बाकी बचे गांव में जल्द ही चुल्हा प्रमुखों का बैठक किया जाएगा।



## टाटीसिल्वे मे चली गोली

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे माया इंटर प्राइजेज मेडिकल स्टोर मे लगभग पोंने पाँच बजे अग्यात अपराधियो ने दुकान मे पर्चा देकर दो गोली चलाई । एक गोली दुकान के अंदर चली, जिसमे किसी को हता हत तो नही कर पाई पर पिछे के शीशा पर पर लगा । दूसरा गोली बाहर चलाते हुए अपराधी बेखौफ होकर अपाचि पुल्सर से फरार हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर ए एस पी रांची तथा टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली सदल बल के साथ पहुँचे। दुकान मे लगे सी सी टी भी कैमरे को भी खंगाल रही है। तांकि फुटेज के आधार पर अपराधी पकड़ा जा सके। अपराधी हेलमेट पहनकर कपड़ा बांधे हुए, दस्ताना लगाये हुए थे। घटना के वक्त दुकान के मालीक सुधीर वर्नवाल एवम सुनील वर्नवाल धनबाद शादी पार्टी मे गये हुए थे। प्रसाशन के अधिकारियों से पूछने पर बताया कि छानबिन चल रही हैं, जो भी अपराधी शामिल है जल्द पकड़े जायेंगे। अपराधीयों कि संख्या दो थी। खोखा भी बरामद किया गया है ।

## मैकलुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ पर कोयला ट्रक व ट्रैक्टर में टक्कर, कोई हताहत नही

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ के हुटाप के पास ट्रैक्टर व ट्रक में टक्कर हो गया। घटना बीती रात्रि लगभग 9ः30 की बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार खलारी की ओर से मैकलुस्कीगंज के तरह आ रही कोयला ट्रक जेएच 19 ए 8985 व मैकलुस्कीगंज की ओर से जा रही (विपरीत दिशा) खाली ट्रैक्टर जेएच 01 पीएच 5368 जा रहा था। इतने में हुटाप ग्राम के पास बीच सड़क में आपस मे टक्कर हो गया। जिससे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही ट्रैक्टर चालक आंशिक रूप से घायल हो गया। दुर्घटना ग्रस्त की खबर मैकलुस्कीगंज पुलिस को मिली तो घटना स्थल पहुँचकर घायल ट्रेक्टर चालक सुरेश गंझू को ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में डकरा सेंट्रल अस्पताल पहुँचाया गया। वही दुर्घटना ग्रस्त ट्रेक्टर को मैकलुस्कीगंज थाना लाया गया। वही कोयला ट्रक तकनीकी खराबी के कारण चौकीदार के देख रेख में रखा गया।



# सर्किट हाउस में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के सर्किट हाउस में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने धनबाद जिला के सभी नगर, प्रखंड के अध्यक्ष व सभी मंच मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्षगण से परिचर्चा किया व आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रणनीति बनाई गई। धनबाद जिला में सभी मोर्चा-संगठन को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हूए बूथ कमिटि को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने मौके पर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भाजपा का झूठा वादा व कांग्रेस की ईमानदार पहल के बीच है। 2014 से आम जनता को विकास का झूठा वादा किया गया है और अच्छे दिन के सपने दिखाए गए। व्यपारी वर्ग से लेकर युवा व महिला वर्ग सभी ठगा महसूस कर रहें हैं। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी ने कहा कि कि 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर धनबाद के सभी विधानसभा के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। जो सभी प्रखंड व नगर कमिटि के साथ सामंजस्य स्थापित कर एक एक बूथ की कमिटि को मजबूत बनाएंगे। बूथ कमिटि मजबूत बनने के बाद सभी बूथ स्तर पर प्रचारात्मक कार्यक्रम अभियान की शुरुआत की जाएगी।



## हिदायत देने के बाद भी अतिक्रमणकारी जमे रहे सड़क पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** मंगलवार को बरही चौक व उसके आसपास अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। जैसे ही अतिक्रमणकारी बरही थाना की वाहन को देखा धनबाद रोड स्थित सब्जी बाजार में हड़कंप मच गई। लोग आनन-फानन में जैसे-तैसे अतिक्रमित स्थान से सब्जी ठेला हटाते रहे। इस दौरान थाना प्रभारी रोहित कुमार ने सब्जी, फल व ठेला दुकानदारों को समझाया और कहा कि सड़क पर दिए गए सफेद लाइन मार्किंग के बाद अपनी अपनी दुकाने लगाएं। उन्होंने खुद पुलिस बल के सहयोग से सड़क पर अतिक्रमित सब्जी ठेला आदि दुकानों को हटाया और सड़क पर बने सफेद मार्किंग के बाहर दुकानों को लगवाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए सब्जी, ठेले आदि का फोटो भी लिए और हिदायत देते हुए कहा कि अगले दिन से सड़क पर अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं नो पार्किंग जोन में खड़ी बाइक, कार ऑनर को हिदायत दिया गया कि नो पार्किंग जोन एवं खासकर बाजार एवं भीड़ भाड़ स्थानों में बेतरकीब ढंग से बाइक एवं चार पहिया वाहन लगाना वर्जित है। फिलहाल हिदायत दिया जा रहा है, अगले बार से प्राथमिकी के साथ जुर्माना काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि बरही चौक और उसके आसपास में किसी तरह का अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## शराब व गांजा पीने से मना किया तो दुकानदार का फोड़ दिया सर, थाना में मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र के भूत नगर डकरा में शराब व गांजा पी रहे व्यक्तियों को मना किया तो दुकानदार के ही सर फोड़ दिया। मामला बीती रात्रि सोमवार का बताया जाता है। जानकरी के अनुसार भुक्तभोगी महेश तुरी (42 वर्ष) पिता-चन्द्रनाथ तुरी जब सोमवार की रात्रि 8 बजे खाना खाकर अपने घर से टहलने के लिए रोड की ओर निकले थे। तभी महेश तुरी की नजर अपने बन्द पड़े दुकान पर कुछ लोगों पर पड़ा, देखा कि बन्द दुकान के बाहर बैठ कर शराब पी रहे है। दुकान के बाहर शराब पीते देख शराब सेवन कर रहे व्यक्तियों के पास पहुंचा। और बन्द पड़े दुकान के बाहर बैठ कर शराब पीने से मना करने लगा। साथ ही उक्त स्थल पर गांजा का भी सेवन कर रहे थे। उसी बीच मेरे मना करने पर मुकेश तुरी, नामक व्यक्ति मुझे गाली-गलौज करते हुए मुझे जाने को कहा कि क्या ये जमीन तेरे बाप का है ? तो जैसे ही मैंने कहा कि हाँ,तभी एक व्यक्ति पीछे से मेरे ऊपर बियर की बोतल से वार कर दिया। जिसका नाम टेनी है व पिता तसलीम अंसारी है। तब लोगों ने मेरी आवाज सुन कर भागते हुए मेरी ओर आऐं और मुझे लहु लुहान देख कर सी. सी. एल. के अस्पताल (डकरा) ईलाज के लिए ले आये। जहाँ पर प्राथमिक उपचार किया गया। जिससे आहत होकर खलारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही। थाना में लिखित शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## एकता मंच के कार्यकारणी सदस्य ने केडीएच के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** एकता मंच के कार्यकारणी सदस्य ने केडीएच के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह और जे अब्राहम से शिस्टाचार मुलाकात किये। केडीएच परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात पीओ ऑफिस में किया गया। इस दौरान एकता मंच का सदस्य नवनियुक्त होने वाले परियोजना पदाधिकारी को पुस्प गुछे देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी ने भी ट्रस्ट एकता मंच के सदस्य को सकारात्मक सहयोग देने का भरोसा दिया। मौके पर जिला परिषद सरस्वती देवी,खलारी पंचायत किरण देवी, पूर्व मुखिया निर्मला उराव, सुरेस साव, फागू गंझू , शाहिद अंसारी, चेयता गंझु, मंगलाल गंझू, इसराइल अंसारी, सिबू महली, रामप्रीत यादव, नसीम अख्तर, लुरका गंझु, अनिल गुप्ता, ललन सिंह, सहित अन्य ग्रामीण विस्थापित उपस्थित थे।

## अभिजीत सिंह बने विधायक प्रतिनिधि विधायक का जताया आभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चरही पंचायत के वर्तमान उप मुखिया अभिजीत सिंह को मांडू विधायक द्वारा अभिजीत सिंह को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। सोमवार को मांडू विधायक द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। सोमवार को जारी पत्र में लिखा गया है की अभिजीत सिंह पिता शिवजी सिंह को गृह विभाग चरही, चुरचू और अंगो थाना का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने के बाद अभिजीत सिंह ने मांडू विधायक के प्रति आभार जताया है साथ ही उन्होंने कहा कि मैं निस्वार्थ सेवा भाव के साथ हमेशा जन कल्याण के लिए तत्पर रहूंगा विधायक जी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उस पर में पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वही प्रतिनिधि नियुक्त करें जाने के बाद अभिजीत सिंह को बधाई देने के लिए लोगों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# विधायक नावाडीह गांव पहुंचे, सभा को संबोधित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतोअपने निजी कार्य बाहर रहने के बाद आज सोमवार को आड़ाल नवाडीह गांव में लोहरा जाति के छूआछूत एवं कुंआ से पानी लेने के मामला को लेकर गांव में पहुँचे एवम पीड़ित परिवारों से मिले । साथ जन समस्याओं से अवगत हुए।गांव के समीप ग्रामीणों के साथ नवनिर्मित हरि मंदिर के समीप बैठक आयोजित की गई बैठक का संचालन रंजीत राय ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा किसमाज के ताने-बाने' को यथावत बनाए रखने की जरूरत है । पिछले कई दिनों से गांव के मुद्दा को सामने रखकर समाज में बांटने का काम किया जा रहा है।जिससे राजनीतिक बदलाव होते हैं तो उसका सीधा असर समाज पर पड़ता है और ऐसे में सामाजिक संरचनाएं टूटती हैं। संरचनाओं के टूटने का असर लोगों की मानसिकता पर गहरा पड़ता है। तय है इससे हर उम्र और हर तबके के लोगों पर प्रभाव पड़ता है। गांव में अब बेहतर शिक्षा के लिए वंचित नहीं होना पड़ेगा इसके लिए बहुत जल्दी स्कूल पर स्मार्ट क्लासेस प्रारंभ की जाएगी उससे बच्चे जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने इच्छुक होंगे उन्हें बेहतर कोचिंग दिया जाएगा। आने वाले दिनों में पूरे गांव में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।इस मोके पर जयपाल सिंह सहायक अभियंता भूपेंद्र कुमार सिंह कनीय अभियंता जीत मोहन सिंह मुंडा, जलेश्वर महतो,प्रो रत्न महतो,भरत महतो,विजय महतो,मनोज कुमार दास,राधा मोहन पातर मुंडा, मेनका देवी,शवानी देवी वीणा देवी, सुरबाला देवी,आदि उपस्थित थे।



## कुर्मी समाज को अलग करने कि सजिश : लालचंन महतो

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुड़मी समन्वय समिति झारखंड बंगाल ओड़िसा एव्म असम के सयोजक लालचंन महतो, ने कहा है कि अडाल नवाडीह में छुआछूत की बात कुर्मी समाज को बदनाम करने की साजिश है। सिल्लीमें प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त बातें बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि गांव की मुख्य समस्या पानी है इसके निपटाने के लिए सांसद विधायक जिप सदस्य समझ जनप्रतिनिधियों की है इन लोगों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई है हम लोहरा समाज के लोगों को पानी निकाल देते हैं यह पीढ़ियों से परंपरा चलती आ रही है।इसको लेकर मीडिया में जो बाते सामने आई है वह समाज को अलग करने की साजिश है।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## खराब सड़क की मरम्मत के लिए सचिदानंद सिंह का पैदल मार्च आज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के मरहता पोता होते हुए मासी पीढ़ी तक जो 20 साल से लगभग लगातार सड़क खराब है। किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है, वहां के स्थानीय जनता सांसद और विधायक के यहां चक्कर लगा लगा कर थक गए, कई चुनाव पार हो गए आज तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया उस सड़क से 20 25 गांव प्रभावित हैं ।उल्लेखनीय है कि वह सड़क मारहेता पौता होते हुए मासी पीड़ी तक रांची पटना हाईवे को जोड़ता है ।आज तक उस पर किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है ।

## सूबे की व्यवस्था में लगे प्रशासन मुख्यमंत्री तक की नहीं सुनते,तो आम लोगो की कीमत क्या होगी : सरोजनी देवी

### मूर्छित सासन व्यवस्था के कारण तेल का खेल का जाँच आस्थगित करने की मांग

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी मंडल भाजपा महिला मोर्चा ने खलारी थाना प्रभारी के (डीजल)तेल का खेल में घोटालों खिलाफ तेल से जुड़ी मामलों में खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर सीसीएल से मिले डीजल का गबन करने के आरोप में पारदर्शिता लाने के लिए मैदान में उतरी थी। परंतु समाचार पत्र में एक लेख में ( आदिवासियों की जमीन 2022 में पढ़ने से पता चला कि झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री (सीएम) ने भू राजस्व विभाग से 2022 को मांगी थी जमीन संबंधी जानकारियां। परंतु आदिवासी जमीन पर कब्जे की जाँच एक साल मे भी पूरा नहीं हुई। जब समाचार पत्र के लेख को गंभीरता से पड़ी तो पता चला कि आदिवासी जमीन के मामले मे राँची जिला प्रशासन मुख्यमंत्री और भू राजस्व विभाग के निर्देशों की भी अनसुनी कर रहा है। खबर पढ़ने के बाद महिला मोर्चा ने थाना प्रभारी के खिलाफ जांच करना एक नादानी है। जिसमे पता चला कि सूबे की व्यवस्था में लगे जिला प्रशासन अपने मुख्यमंत्री तक की नहीं सुनता है वह व्यवस्था/जिला प्रशासन के सामने एक आम इंसान की कीमत क्या हो सकती है यह मैं भली-भांति समझ चुकी हूँ। जिससे आहत होकर तेल के खेल का अधूरी जाँच को अविलंब स्थगित कराने का आदेश देने की कृपा करने की मांग की।

Office of the Executive Engineer Drinking Water And Sanitation Division, Lohardaga.
Email Id – eedwsd.lohardaga1@gmail.com
Notice for EOI Short Tender

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushala/ in District of Lohardaga, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

On behalf of the Government of Jharkhand the **Drinking Water and Sanitation Department** invites scaled tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Lohardaga, Jharkhand"**

The summary of tender details is as below:

| Sl. No. | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBM(G)/DWSD/Gobardhan/01/2023-24/01 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Address of Communication | OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division Lohardaga eedwsd.lohardaga1@gmail.com |
| 5 | Mobile Number | 8084784990 |
| 6 | Contact Person | Sri Anup Kumar Hansda |
| 7 | Email Contact | eedwsd.lohardaga1@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 14-06-2023 |
| Last date and time for submission of bids. | 28-06-2023 at 04:00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 03-07-2023 at 03:00 PM |

**Note :-** Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date, Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date, The **Executive Engineer**, D.W. & S. Division Lohardaga reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel entire process without assigning any reason thereof. Details will be seen on website of https://lohardaga.nic.in

PR 299943 Lohardaga(23-24)D
Executive Engineer D.W. & S. Division, Lohardaga

पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी,का कार्यालय,गोविन्दपुर थाना


प्रेस विज्ञप्ति


अज्ञात भाव के पहचान कराने हेतु प्रेस विज्ञप्ति कराने के संबंध में।

गोविन्दपुर थाना यू0डी0 कांड सं0–08/2023, दिनांक– 09.08.2023 को लगभग 19.15 बजे दिन में गोविन्दपुर थाना अन्तर्गत सहराज पंचायत में हीर नामक सुनसान व बंजर जगह पर एक अज्ञात पुरूष, उम्र करीब 40 वर्ष का शव पाया गया है। शव का हुलिया निम्न प्रकार है:– उँचाई करीब 5 फिट 3 इंच, रंग काला, बाल काला, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुँटना के नीचे काला धब्बा का निशान, पहनावा– ब्लू रंग का हाफ पेन्ट (बरमुडा) पहनाहुआ। इस घटना की सूचना आसपास के लोगों को दी जा चूकी है, परन्तु अब तक उक्त अज्ञात शव का पहचान नहीं हो पाया है और न हि इनके परिजन का कोई अता–पता चल पाया है।

अतः अनुरोध है कि उक्त अज्ञात शव का विवरण समाचार पत्र एवं मिडिया में प्रकाशित करने की कृपा की जाय। साथ ही यह भी पृविष्टि की जाय कि यदि किन्हीं को अज्ञात शव के बारे में कोई जानकारी प्राप्त होतो, कृपया निम्न अंकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।

मृतक अज्ञात पुरूष का फोटोग्राफ





9431743111 (पुलिस अधीक्षक (नगर), धनबाद)
9471191054 (पुलिस उपाधीक्षक (मु0–1), धनबाद)
9431706399 (थाना प्रभारी, गोविन्दपुर थाना)
8252516283 (प्रभारी, डी0सी0बी0 शाखा, धनबाद)

पुलिस निरीक्षक –सह– थाना प्रभारी,
गोविन्दपुर थाना

PR 299966 Police(23-24).D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना

एतद द्वारा निम्नांकित प्रखण्डो में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सतबरवा | भूतल | B-12, B-19, C-01, C-02, C-03 C-04 | 6 | 6000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-05, C-06, C-07, C-08 | 4 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 10 | | | |

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 14.06.2023 से 22.06.2023
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क :– 500.00 (पाँच सौ) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 14.06.2023 से 23.06.2023 तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 24.06.2023 को 11:00 बजे अपराह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू।
8. आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 7903556060, 9006083521 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 299948 District (23-24)_D

## समाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयास से दिव्यांग को मिला व्हीलचेयर व पेंशन योजना का लाभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा, वार्ड संख्या 18 के अध्यक्ष सह पार्षद पद के उम्मीदवार मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के प्रयास से गुलज़ारबाग निवासी दिव्यांग नदीम खान को व्हीलचेयर और मुख्यमंत्री दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाया गया। जिससे दिव्यांग नदीम खान को व्हीलचेयर के सहारे कहीं आने जाने मे सुविधा होगी तथा हर माह उसे पेंशन राशि भी प्राप्त होगा। इस बाबत समाजिक कार्यकर्ता सद्दाम हुसैन ने बताया की वो इस कार्य के लिये काफी दिनों से प्रयासरत थे। इसके लिये उन्होने धनबाद के उपायुक्त महोदय से भी आग्रह किया था। वहीं इस कार्य से दिव्यांग नदीम खान के परिजन काफी प्रसन्न दिखाई दिये। सभी ने इस प्रयास की सराहना की तथा इन समाजिक कार्यकर्ताओं के प्रति अपना आभार प्रकट किया।



## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की केवाईसी आखिरी दिन 15 जून

**गांवा/गिरीडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांवा प्रखंड कार्यालय में दिन मंगलवार को प्रेस वार्ताओं में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक इन्द्रजीत शेखर ने कहा कि गांवा प्रखंड के ऐसे 2700 किसानो की सूची अभी उपलब्ध है। जिनका e-kyc होना बाकी रह गया है। अगर ऐसे में किसान मज़दूरो को 15 जून के अंदर e-kyc नहीं होता है। तो वैसे परिस्थिति में रुके हुए सभी किसानों की किस्त का लाभ लेने से वंचित रह जाएंगे। ऐसे में सभी पंचायतो में पीएम किसान के वंचित लाभुकों को जागरूक अभियान के तहत मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व उपनिरीक्षक, कृषक मित्र के मदद से पीएम किसान लाभार्थी को लैंड सीडींग, आधार सीडींग, e-kyc जैसे समस्याओं को संपन्न कराने हेतु अपने क्षेत्रों में e-kyc 12-15 जून के भीतर सभी लाभार्थी को जागरूक करते हुए केवाईसी कराने को लेकर अपने -अपने पंचायतो में प्रज्ञा केंद्र में जाकर या कैंप के माध्यम से e-kyc करवाने की अपील किया गया।

## बाल विवाह बाल ट्रैफिकिंग बाल यौन शोषण व बाल मजदूरी रोकने के लिए चलाया गया अभियान

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा




संचालित अभियान के तहत बाल विवाह बाल ट्रैफिकिंग बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी को लेकर फुलारीटांड़ लेप्रोसी टोला में पंचायत समिति सदस्य गुंजा देवी की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। उक्त बैठक में चर्चा करते हुए फिल्ड मॉबलाइजर भागीरथ सिंह ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, बाल विवाह के कारण बच्चे शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित होते हैं। बैठक में उपस्थित परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने बाल विवाह के ख़तरें एवं दुष्परिणाम चर्चा किया। बैठक में उपस्थित फुलारीटांड़ पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गुंजा देवी ने अपने पंचायत को बाल विवाह बाल ट्रैफिकिंग बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका बुधनी देवी लक्ष्मी करमाली, रजनी देवी, सुमित्रा देवी, मीरा देवी, गायत्री देवी, गुड़िया देवी, शकुंतला देवी, लखी देवी, रानी कुमारी, लक्ष्मी साव, सुमन कुमारी राहुल कुमार, विजय बाउरी, कारू रविदास आदि शामिल थे।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर,



बरटाँड़, धनबाद में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा आवेदक के लिए नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदकों तथा उपस्थित नियोजकों को अवगत कराया।

## दिनांक 15.06.2023 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03230 पटना-पुरी स्पेशल का परिचालन रद्द


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** अपरिहार्य कारणवष दिनांक 15.06.2023 को पटना जं. से खुलने वाली गाड़ी सं. 03230 पटना-पुरी स्पेषल का परिचालन रद्द रहेगा ।

## जनता दरबार : जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।



जनता दरबार में झरिया से आए राजेश मंडल ने बेलगड़िया आवास शिफ्ट करने को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वह टीबी बीमारी से ग्रसित है जिनका इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। उनका कहना है कि उनके निवास स्थल से मात्र 100 फीट की दूरी पर ओपन माइंस का काम चल रहा है, जिसके कारण वहां धूल 24 घंटे उड़ते रहता है। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल के द्वारा सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा सर्वे में उनका भी नाम दर्ज है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि जल्द से जल्द बेलगाड़ी आवास में उन्हें शिफ्ट किया जाए ताकि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रह सके। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जल्द निष्पादन को लेकर निर्देशित किया।

इस दौरान जनता दरबार में आए डुमरिया के किसान एवं ग्रामवासियों ने खुले में घूम रहे जानवरों के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया उनके गांव में अधिकांश लोग कृषि से ही जीविका निर्वाह करते हैं।

लेकिन खेती में सबसे बड़ी बाधा कुछ जानवर है उन्होंने बताया कि गांव में कुछ लोग जानबूझकर अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। जिससे कि उनकी फसल खराब हो जाती है। जिससे वहां के किसान हताश और निराश है। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में कार्रवाई की अपील की। उपायुक्त ने इस मामले को प्रखंड विकास पदाधिकारी कलियासोल एवं अंचलाधिकारी कलियासोल को निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

इसके अलावे उपायुक्त संदीप सिंह जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## शराब पीने से मना किया तो धारदार हथियार से कर दी हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोरापोखर थाना अंतर्गत जामाडोबा 4 नंबर पावर हाउस के समीप रहने वाले 55 वर्षीय चांदो यादव को सोमवार की रात घर मे घुसकर दो अपराधियों ने दारू पिलाने के बहाने से बुलाकर धारदार हथियार से हत्या कर दिया। चांदो यादव का शव खून से सना हुआ पुलिस को उसके घर के खटाल से मिला है। अपराधियो ने मृतक पर तीन बार गर्दन तथा सर पर हमला किया। मृतक की पत्नी पनाती देवी के अनुसार सोमवार की रात दो व्यक्ति महुआ शराब लेकर उसके घर मे आए थे और चांदो यादव को जबरन शराब पीने को कहा। चांदो ने जब शराब पीने से मना कर दिया तो धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। सुबह जब परिजनों ने चांदो यादव का शव देखा तो जोड़ापोखर पुलिस को सूचना दी। वही सूचना पाकर जोरापोखर थाना प्रभारी बिनोद उराँव दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जाँच में जुट गए हैं। उन्होने कहा की किसने और किस मंशा से हत्या की? सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक जाँच जारी है। वहीं इस घटना से पूरे क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी मानती देवी तथा दो पुत्र और दो पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है।



## सड़क मांग को लेकर मुखिया प्रतिनिधि ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनन्दन कुशवाहा ने कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग की है। मुखिया प्रतिनिधि ने ज्ञापन देते हुवे मांग की है की बदवारा पंचायत को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पारडीह से बदवारा के पतरो नदी एवं बदवारा मोड़ से चौरा होते हुए साहियारी, खोशोखार तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण की सख्त जरुरत है। बताते चले की मुखिया प्रतिनिधि द्वारा जिस सड़क की मांग की गई है उसकी मांग ग्रामीणों द्वारा वर्षो से की जा रही है। इस सड़क से आधे दर्जन से अधिक गांव के करीब हजारो लोग प्रतिदिन आना जाना करते है यह एक मात्र सड़क है जो लोगो को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ता है।

## कोल इण्डिया सुरक्षा समिति के द्वारा कुसुण्डा क्षेत्र का निरीक्षण

## सुरक्षित ढंग से कोयला उत्पादन करना पहली प्राथमिकता : रामधारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोल इण्डिया सुरक्षा समिति सदस्य सह धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री रामधारी ने मंगलवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के कुसुण्डा क्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया। सबसे पहले महाप्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों से नक्सा देख कर कोयला उत्पादन, परियोजना व सुरक्षा की विस्तृत जानकारी ली। उसके बाद कुसुण्डा के एडीआईसी उत्खनन परियोजना पहुँच कर कार्य स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने स्टुचरी मेन पावर बढ़ाने पर जोर देते हुए टीम ने परियोजना के हाईवाल देख आपत्ति जताई। लाईटींग को सुरक्षा के दृष्टी से और भी दुरूस्त करने की बात कही। उन्होने ने प्रबंधन को हॉल रोड का ग्रेडियन को ठीक करने, वातानुकुल मौसम के अनुरूप रेस्ट सेल्टर में सुख-सुविधा, सेल्टर में पीने का पानी व्यवस्था, बेंच को ठीक करने, परियोजना में प्रकाश का समुचित व्यवस्था आदि करने पर जोर दिया। अधिकारियों के साथ ब्लास्टिंग स्थल, पम्प हाउस एवं सब स्टेशन का मुआयना किया और कहा कि आज माइंस में जो कमियां है उसे देखने आये हैं। सुरक्षा एवं उत्पादन में जो त्रुटियाँ मिली है जिसे उच्च प्रबंधन को अवगत करायेगें। हमारा प्रयास रहेगा कि सुरक्षित ढंग से कोयले का उत्पादन हो और नियमित जल छिड़काव करने की बात कही। सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर चिन्ता जताई और कहा कि सुरक्षा में चुक के कारण हीं खदानों में दुर्घटना घटती है।



ध.को.क.संघ के अध्यक्ष सह सुरक्षा समिति सदस्य बीसीसीएल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान परियोजना में सुरक्षा की कई खामिया पाई गई है जिससे प्रबंधन को दुरूस्त करने की बात कही गई। मौके पर संघ की ओर से वीरभद्र सिंह उपाध्यक्ष सह प्रभारी, राजेन्द्र सिंह क्षेत्रीय सचिव, महाबीर चौहान क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य, कृष्ण कुमार सिंह क्षेत्रीय संगठन मंत्री, बजरंगी कुमार शाखा सचिव धनसार कोलियरी, सतेन्द्र कुमार दांगी शाखा सचिव गोधर कोलियरी मौजूद थे।

## स्विमिंग पुल में डूबने से असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी आइएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर की स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान मौत हो गई है। वह रोज की तरह आज भी अपने मित्रों के साथ आईआईटी आइएसएम परिसर स्थित स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। इसी दौरान वे पूल में डूब गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस वजह आईआईटी आइएसएम में आज होने वाले कई कार्यक्रमों को भी स्थगित कर दिया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शिरकत करने वाली थी।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आईआईटी आइएसएम में माइनिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला (40) हर दिन की तरह आज सुबह करीब पौने आठ बजे अपने मित्रों के संग आईआईटी आइएसएम परिसर स्थित स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। इसी दौरान उन्होंने स्विमिंग पूल में ऊपर से छलांग लगाई, लेकिन उनके काफी समय तक बाहर नहीं आने पर उनके मित्रों ने स्विमिंग पूल में उतर कर उन्हें बाहर निकाला, तो वह बेहोश पाए गए। इसके बाद उन्हें आईआईटी आइएसएम के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहाँ से उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



इस दौरान एसएनएमएमसीएच में आईआईटी आइएसएम के निदेश प्रोफेसर पी राजीव शेखर, उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार सहित अन्य प्रोफेसर और कर्मी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार मृत असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला मूल रूप से ओडिसा के रहने वाले थे। फिलहाल उनका परिवार पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रह रहा है। उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## पूर्वी टुंडी में कई लोग हुए झामुमो में शामिल



**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैयरानवाटाड पंचायत में यूथ फोर्स के नेता परिमल दे,ने दर्जनों युवाओं के साथ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की विशेष उपस्थिति में झामुमो पार्टी का दामन थाम लिया। विधायक मथुरा महतो ने सभी लोगों को फूल माला पहना कर पार्टी में आने पर स्वागत किया। विधायक महतो ने कहा कि आप सभी को किसी प्रकार की समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क साध सकते हैं। हम हर पल आपके साथ हैं। युवाओं में भोला कुमार दा, कृष्णा कुमार दे, धनंजय कुमार दा, पांडू दा, दिलीप रक्षित आदि युवा शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने अपनी निजी जमीन किया दान, स्वास्थ्य उप केन्द्र बनने का रास्ता हुआ साफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** देश की आजादी के 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी प्रखंड का पूर्वी भाग एक अदद अस्पताल के लिए तरसता रहा है। इस बीच बलगो पंचायत के मुखिया कुसुम देवी के पति दीपक कुमार दास एवं प्रखंड उप प्रमुख शेखर शरण दास के अथक प्रयास ने रंग लाना शुरू कर दिया है। मानव सेवा को देखते हुवे अस्पताल निर्माण के लिए व्यास राय, सलेंद्र राय, कृष्ण कांत राय वगैरा ने 20 डिसमिल जमीन दान कर दिया जिसकी स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना कर रहे हैं। बता दें कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र नही रहने से यहां की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ हीं साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी काफी परेशानी होती है। इसे लेकर यहां के मुखिया लगातार प्रयास करती रही है कई बार स्वास्थ्य केंद्र के जिला चिकित्सक प्रभारी को ज्ञापन के माध्यम से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का मांग किया गया था, जिसका प्रतिफल अब मिलने वाला है। वही मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने कहा की मंगलवार को ग्राम बलगो में उपस्वास्थ केंद्र निर्माण के लिए जमीन की मापी की गई इसके बाद बहुत जल्द उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास होगा फिर विधिवत तरीके से काम को शुरू किया जायेगा। उपस्वास्थ केंद्र भवन के बनने से बलगो पंचायत के अलावा अगल बगल पंचायत के लोगो को भी लाभ मिलेगा। उपसवास्थ बनने के ख़बर से अगल बगल एवम पंचायत के जनता मे खुशी का माहोल है।

## सम्मान सह मिलन समारोह की तैयारी को लेकर गांधी रोड में आजसू पार्टी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी 17 जून को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सूदेश महतो का धनबाद आगमन होने जा रहा है।वे बैंक मोड़ स्थित गुर्जर क्षत्रिय धर्मशाला में आजसू पार्टी का सम्मान सह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी प्रखंडो में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो की अध्यक्षता में एक बैठक गांधी रोड स्थित दिलीप सिंह के आवास में संपन्न हुआ। बैठक का संचालन धनबाद महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने किया। मंटू महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए विस्तार पूर्वक कार्यक्रम की जानकारी दी।उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में विभिन्न दलों को छोड़कर सैकड़ों लोग पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।



## नवडीहा ओपी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया अखारी पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा ओपी क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के लगभग गांव में मंगलवार को धूमधाम से अखारी पूजा मनाया गया। किसानो द्वारा धान रोपा से पूर्व बारिश के लिए माँ दुर्गा की आराधना की जाती है और यह पूजा हिन्दू केलेण्डर अनुसार असाड महीने में होता है अधिकतर यह पूजा मंगलवार दिन को मनाया जाता है। मान्यता और परम्परा अनुसार बकरे की बलि देकर आदि शक्ति माँ दुर्गा की पूजा की गई वही कई लोग इस दिन महिलाओ द्वारा भिक्षाटन कर लाई धान से चावल निकाल कर प्रसाद बना कर माँ की पूजा की । इस दिन पूजा के प्रसाद ग्रहण करने दूसरे गांव से दोस्त रिश्तेदार भी काफी संख्या में पहुंचे थे। यह पूजा सार्वजनिक पूजा में आता है इसलिए समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह पूजा संपन हुवा। पूजा में क्षेत्र के सभी ग्रामीणों मे काफी उत्साह देखने को मिला। सभी गावों के दुर्गा मंडप में सुबह से मंत्रोचारण होने लगा जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। पूजा को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी चौक चौराहे और बाजार मे काफी भीड़ भाड़ देखने को मिला।

## इंटर स्कूल अंडर 14 टूर्नामेंट क्रिकेट लीग

### बड्स गार्डन स्कूल ने डीएवी कोयला नगर को 5 विकेट से हराया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को इंटर स्कूल अंडर 14 टूर्नामेंट क्रिकेट लीग के तहत स्टीलगेट, सीसीडब्ल्यूओ स्टेडियम खेल मैदान पर खेले गए मैच में बड्स गार्डन ने डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर को 5 विकेट से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर ने 19.3 ओवर में 108 रन बना कर ऑल आउट हो गई। डीएवी कोयला नगर की ओर से रोहित ने बल्लेबाजी करते हुए 34 रनो की शानदार पारी खेली। बड्स गार्डन की ओर से मोहित ने 4, हिमांशु ने 3 और सुशांत ने 2 विकेट लिए।

## सोना सोबरम योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरम के तहत आज़ टुंडी व्यापार मंडल से इस योजना की शुरुआत की गयी जिसमें टुंडी मुखिया के कर कमलों द्वारा सभी असहायों एवं लाल कार्ड धारकों को धोती साड़ी का वितरण किया गया। विदित हो कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में झामुमो की सरकार बनते ही इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने की बात कही थी।इसी के तहत आज इस योजना की शुरुआत टुंडी व्यापार मंडल से की गई। झारखंड सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से सभी असहाय लाभान्वित हो रहे हैं और इस तरह के योजना के लागू होने से सभी असहाय लाल कार्ड धारियों ने वर्तमान सरकार को काफ़ी प्रशंसा किया गया। आज के इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी मुखिया रेखा देवी, उपमुखिया संतूलाल किस्कू, व्यापार मंडल के वितरक राजेन्द्र मंडल, लीलावती देवी समेत बड़ी संख्या में जनवितरण प्रणाली दुकानदार उपस्थित थे।


**AFFIDAVIT**

मैं गिरजा देवी पती-केवल साव, साकिन राजमनिया, पो-रूपायडीह, थाना-बिरनी, जिला-गिरिडीह शपथ पूर्वक बयान करती हूं की मेरी उम्र लगभग 61वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या 684068305454 में मेरा नाम गिरजा देवी दर्ज है, मेरे इलाहबाद बैंक वर्तमान में इंडियन बैंक शाखा कपिलो में बचत खाता संख्या 219807875378 में मेरा नाम सोबिया देवी दर्ज है, गिरजा देवी और सोबिया देवी दोनों एक ही महिला का नाम है जो स्वयं मैं ही हुं, मैं अपने गाँव पंचायत में दोनों नामों से जानी पहचानी जाती हुँ, लेकिन मेरा शुभ नाम गिरजा देवी है। मैं शपथ पत्र में अपने दोनों नामों की पुष्टि करने के सम्बन्ध में कर रही हुँ, मैं गिरजा देवी शपथ पूर्वक बयान करती हुँ की मेरे द्वारा दिया गया बयान सही सत्य व दुरुस्त है।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक दिए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ. रामेश्वर उराँव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड द्वारा आज शहरी जलापूर्ति योजना ग्रामीण जलापूर्ति योजना और विद्युत आपूर्ति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गई। शहरी जलापूर्ति की समीक्षा में माननीय मंत्री द्वारा वर्तमान आवश्यकता, वास्तविक जलापूर्ति और अंतर के संबंध में प्रेक्षा की गई। इसमें प्रशासक, नगर परिषद द्वारा बताया गया कि वर्तमान जनसंख्या के अनुसार शहर में 4.7 एमएलडी पेयजलापूर्ति की आवश्यकता है और 3.58 एमएलडी जलापूर्ति की जा रही है। अंतर 1.12 एमएलडी है। शहर के अगले तीस वर्षों की पेयजलापूर्ति के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा एक सर्वेक्षण कर योजना तैयार की गई है जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। यह राज्य संपोषित योजना है। वर्तमान में शहर में 400 हैंडपंप हैं और 15 वाटर टैंक हैं। शहर के खराब चापाकलों को ठीक करने के लिए दो टीमें हैं। विद्युत विभाग द्वारा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण पेयजल की आपूर्ति में कठिनाई आ रही है। साथ ही,नये बरवाटोली में पाईपलाईन शिफ्ट किये जाने की भी आवश्यकता है। मंत्री द्वारा पाईपलाईन शिफ्ट किये जाने के संबंध में आवश्यक विभागीय कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में माननीय मंत्री द्वारा जलजीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम की समीक्षा की गई। इसमें माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि जो भी योजनाएं पेयजलापूर्ति के अंतर्गत बनी हैं उसका सर्वेक्षण करा लें कि उनमें कितनी ठीक हैं, कितनी नहीं। अगर वे योजनाओं ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति को हस्तगत की गई हैं तो क्या वे योजनाएं अभी भी ठीक हैं। ऐसी योजनाओं की एक सूची बना कर उसे ठीक कराने हेतु प्रस्ताव दें ताकि बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा सके, सरकार से राशि की मांग की जा सके। एक सप्ताह में यह सर्वेक्षण कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा दिया गया। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में पांच चापानल की पूर्व की योजना में कितने बने और कितने बाकी हैं, का भी अद्यतन स्थिति प्रतिवेदन के रूप में उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा उत्का स्थित प्राथमिक विद्यालय में चापाकल खराब की शिकायत की गई जिसे ठीक कराने का निदेश माननीय मंत्री द्वारा दिया गया। विद्युति आपूर्ति की समीक्षा में माननीय मंत्री द्वारा ट्रांसमिशन, वितरण, ट्रांसफार्मर की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा 30 गांवों को सोलर ग्राम के रूप में जोड़े जाने का प्रस्ताव माननीय मंत्री के समक्ष दिया। आज की बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अनुप कुमार हांसदा, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल दीपक खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर देने के नाम से महिला से हुई ठगी, लगाई थाने में अर्जी




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मामला सेन्हा थाना क्षेत्र की है जहाँ ट्रैक्टर मिलने के नाम पर उरु पतरा टोली की महिला धोखाधड़ी का शिकार हो गई, उनके सेन्हा थाना में अर्जी लगाते हुए कारवाई करने की मांग की है। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पतरा टोली निवासी तिवारी उरांव की पत्नी बालमुनी उरांव ने सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए बताई की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कार्यालय से बोल रहा हूँ बताते हुए कहा कि आप का ट्रैक्टर पास हो गया है। जिसमें ट्रोली एवं ट्रैक्टर के अन्य सम्मान लेने के लिए आप के खाता में तीन लाख 95 हजार रूपया भेजा जाएगा। जिसका लाभ उठाने के लिए पंजीयन कराना होगा जिसका पंजीयन शुल्क लगेगा। साथ ही जिसमें पहला किस्त 7 जून को 35 हजार 100 रूपया खाता संख्या 153710400091075 में भेज दिया। जो सरिता देवी के नाम से है। उसके बाद मुझे ट्रैक्टर नही मिला। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कांड संख्या 78/23 धारा 419, 420, 66 (सी) 66 (d) के तहत धोखाधड़ी मामला पर पुलिस कारवाई किया जा रहा है।

## एमआईपी एमएम का लोहरदगा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष बने असलम अंसारी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया पसमंदा मुस्लिम महाज की राष्ट्रीय टीम के जानीब से एमआईपीएमएम के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कलीम एवं एम आई पीएमएमके प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी द्वारा मोहम्मद असलम अंसारी ग्राम नवा डीह किसको लोहरदगा के रहने वाले हैं इन्हें एमआईपी एमएम का जिला लोहरदगा युवा मोर्चा अध्यक्ष चयन किया गया। महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस, राष्ट्रीय महासचिव अकरम कुरैशी और झारखंड प्रभारी नौशाद अंसारी एवं झारखंड राज्य के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है। और टीम आशा करती है की पसमांदा समाज को आगे ले जाने में युवाओं में एक नुमाया किरदार अदा करेंगे। एमआरएम के राष्ट्रीय सह संयोजक सह एमआईपी एमएम के मौलाना अशरफी ने बताया कि असलम अंसारी एमआरएम जिला लोहरदगा के युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भी हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में किसको प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत देव दरिया पंचायत के खर्चा ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार जनहित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आज नागरिकों मूलभूत अधिकार के लिए काम कर रही है चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर में जल पहुंचाने की योजना, हर परिवार को शौचालय, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा, कौशल विकास योजना, मुद्रा बैंक के माध्यम से बेरोजगारों एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को रोजगार आदि बहुत सारी योजनाओं जिससे क्षेत्र का विकास में महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रही है। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, कीसको प्रखंड के पूर्व प्रमुख मुनीलाल उराव, सुरेश लोहरा, देवदरिया के उप मुखिया आशीष साहू, महावीर उरांव, कृष्णा गंजू, गणेश लोहरा, मनोज साहू, सागर कुमार, विकी सिंह, रोहित कुमार, राजू लोहरा, रंजीत कुमार, मिथिलेश पाठक, नैतिक राज, सत्येंद्र प्रसाद, वृंदा सोनी, सुनील चंद आदि उपस्थित थे।

# जिलाध्यक्ष चुन्नी राम के निधन पर कैरो रविदास मंच ने शोकसभा कर जताया गहरा शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो रविदास विकास मंच के द्वारा रविदास मुहल्ला कैरो में रविदास विकास मंच लोहरदगा के मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ समाज को एक सूत्र में बांधने वाले अध्यक्ष चुन्नी राम जी की सोमवार को निधन हो गया था। कैरो रविदास मंच के द्वारा पुण्य मृत आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए शोक सभा आयोजित कर मौन धारण किया गया। रविदास विकास मंच लोहरदगा के आजीवन अध्यक्ष रहे स्व. चुनी राम जी का इस धराधाम को छोड़ कर जाना दलित समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है द्य नियति के आगे किसी का वश नही चलता जो इस संसार में आया है उसे एक न एक दिन जाना जरूर है लेकिन समय की रेत में जो अपना अमिट छाप छोड़ जाय उनका जीवन सफल है। चुन्नी राम जी एक ऐसे ही सफल जीवन को जीए हैं समाज उनका हमेशा ऋणी रहेगा। 80 वर्ष के उम्र में भी समाज के हित के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। बूढ़े शरीर में भी थकान नही देखा जहां समाज की बात आती चल देते अपना कर्तव्य समझकर समाज को सही दिशा और दशा देने के लिए चिंतित रहने वाले आज चिर निद्रा में सो गए लेकिन समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि समाज उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर चल कर देगी ऐसी कामना करता हूं ।वो हमेशा लोगो को पढ़ने लिखने, मिल जुल कर रहने, एक दूसरे की सहायता करने, ईर्ष्या द्वेष की भावना को त्याग कर एक साथ समाज के विकास करने की बात करते थे। शोक सभा में रमेश रविदास, बानेश्वर राम, निरंजन राम, संदीप रविदास, बबलू राम, सुलेन्द्र राम, प्रभु रविदास, जगरनाथ राम, मुन्ना राम, विनोद रविदास, बासुदेव रविदास, अजय राम, संजय बैठा, सोनू राम, अमरेश बैठा, दुखिया राम, गहनू राम, दीपेश्वर बैठा, ढुनुवा राम इत्यादि लोगो ने दिगवंत आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

## रथ मेला के सफल आयोजन को लेकर स्वयं सेवी दल का किया गया गठन : राधा मोहन शर्मा



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा में लगने वाली ऐतिहासिक रथ मेला की तैयारी जोरों पर है। मेला टांड़ में झूला, मौत कुंआ, ब्रेक डांस, मीना बाजार, टोरा-टोरा सहित कई तरह के झूला पहुंच गए है। इससे बच्चों में काफी उत्साह है। मेला टांड़ में तो अभी से ही बच्चों के झूले तैयार हो गए है। जिसमें रोजाना बच्चे जंपिंग झूला में लुत्फ उठा रहे है। मेला आयोजन समिति द्वारा रथ निर्माण कार्य भी शुरु करा दिया गया है। प्रधान सेवक राधा मोहन शर्मा ने कहा कि रथ मेला के सफल आयोजन को लेकर स्वयं सेवी दल का गठन किया जा रहा है, ताकि मेला में किसी भी तरह का किसी भी व्यक्ति को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि 20 जून को चलती रथ यात्रा तथा 29 जून को घुरती रथ यात्रा है। तथा चलती रथ यात्रा के एक दिन पूर्व पुजारियों द्वारा विधिवत भगवान जगनाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा का नेत्रदान का अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए पुजारी की नियक्ति कर दी गई है।

## एलजीएसएस ने अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के सढाबे पंचायत के ग्राम सढाबे मे 12 जुन सोमवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान मे अंतरास्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस मनाया गया। जिसमे स्वयं सहायता समूह, किशोरियों एवं ग्रामीणों के बीच जागरुकता करने के लिए बैठक किया गया। एवं रैली निकालकर शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें एलजीएसएस संस्थान के फील्ड फैसिलिटेटर संदीप रविदास ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से दिहाड़ी-मजदूरी जैसा गैर कानूनी काम न कराया जाय यह दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। बाल्यावस्था पढ़ाई करने के लिए है। शिक्षा के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के शिक्षा व्यवस्था किया गया है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से गरीबी दूर होगा। अंतरास्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर सड़ाबे पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उपमुखिया जगबन्धन भगत वार्ड सदस्य सुमती टाना भगत, जेएसएलपीएस के सक्रिय दीदी संगीता उराँव, सविता देवी, स्वस्थय सहिया और भारी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त कहा होगी करवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू खान के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए डांडू पथ से एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू कोयल नदी से अवैध बालू ट्रैक्टर में लोड कर परिवहन करते हुए सेन्हा थाना पुलिस के द्वारा जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं सहायक खनन पदाधिकारी सूचनार्थ करते जप्त ट्रैक्टर को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में छपेमारी अभियान शस्त्र बल के सहयोग से चलाया जा रहा था। इसी दरमियान डांडू पथ में अवैध बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू खनन एवं पत्थर खनन के विरुद्ध लगतार प्रशासनिक कारवाई वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार जारी रहेगा।

## आंधी तूफान में गरीब परिवार के घर का उड़ा एलबेस्टर मुआवजा का लगाया गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा सहित उगरा में अचानक मौसम खराब आंधी तूफान में कई गरीब परिवर के मकान का एलबेस्टर उड़ा परिवार के बीच रहने की समस्या हुई उतपन लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में अचानक मौसम में बदलाव के साथ काफी तेज आंधी आया जिसमे सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर के पत्नी सविता देवी प्रदीप साहू के अलावे उगरा में शनीचरवा उराँव का एवं अन्य गरीब परिवार के मकान का एलबेस्टर उड़ गया। जिससे गरीब परिवार बेघर हो गया है। वहीं आंधी तूफान में मकान का एलबेस्टर उड़ने से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावे कोयनारा टोली में बिरसा उरांव का भी खपरैल मकान का नुक्सान हुआ है। सविता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा को आवेदन देकर कहा है की मेरा नया मकान को आंधी से नुक्सान हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अस्वस्थ किया की जांच के बाद उचित मुवाजा दिया जाएगा। सीओ विजय कुमार ने कहा की जिसका आंधी तूफान से नुक्सान हुआ है और अंचल में आवेदन प्राप्त होगा उसे आपदा राहत कोष से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## नंदनी जलाशय में जलस्तर कम होने के बावजूद 1500 घरों में पानी की हो रही है आपूर्ति



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड में इस बेतहासा गर्मी से आम जनता के साथ-साथ मवेशियों को भी पानी नहीं मिल रहा है। भंडरा प्रखंड के सभी नदी-तालाब सुख चुकें है। हालांकि इस वर्ष नंदनी जलाशय का जलस्तर विगत वर्ष की तुलना में ठीक है। इससे कुम्हरिया नंदनी जलाशय से पानी का सप्लाई अभी सुचारु रुप से चल रहा है। जबकि विगत वर्ष नंदनी जलाशय का जलस्तर सूख जाने से पानी की आपूर्ति भी बंद हो गई थी। कुम्हरिया के ग्रामीण कहते है कि इस वर्ष भी नंदनी जलाशय का जलस्तर कम हुआ है, परंतु नहर निर्माण कार्य चलने के कारण अभी नहर में पानी नहीं जा रहा है। इससे विगत वर्ष की तुलना में नंदनी जलाशय में पानी है। इससे कुम्हरिया, आकाशी, अंबाटोली, भीठा के अलावे कैरो प्रखंड के नगजुआ, अंबवा के 1500 लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति हो रही है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि कुछ दिन और इसी तरह से गर्मी रहा तो आने वाले दिनों में नंदनी जलाशय से पानी की सप्लाई बंद होने की संभावना है।

# विकास कार्यों के साथ सांस्कृतिक विरासत को बचाना हमारा परमकर्तव्य है : डॉ रामेश्वर उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा पेशरार प्रखंड के विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल। मंत्री महोदय के द्वारा पेशरार प्रखंड के झमटबार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्धघाटन किया गया। एवं प्रखंड मुख्यालय के समीप कानीटोली में नवनिर्माण हेतु आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रशासन एवं पेशरार प्रखंड के ग्रामीणों के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत ढोल नगाड़ा के साथ किया गया। मौके पर मुख्य अथिति लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे कहा कि विकास कार्यो के साथ सांस्कृतिक विरासत को बचाना हमारा परमकर्तव्य है, गांव में सरकार की कल्याणकारी योजना, प्राथमिक सुविधा और सांस्कृतिक विकास का समावेश आधुनिक युग में अतिआवश्यक है। ऐसे में पेशरार प्रखंड में आदिवासी समाज एवं संस्कृति के लिए हमारे द्वारा पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों पर विकास का कार्य हो सके इसके लिए सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिससे सामूहिक तौर पर आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति का विकास हो सके यह कार्य हमारे लिए गौरवपूर्ण है। हमारे विधायक मद से पेशरार प्रखंड के 27 गांव में आदिवासी संस्कृति त्यौहार को बेहतर ढंग से मनाए इसके लिए सभी गांव में आंकड़ा का निर्माण किया गया एवं किया जा रहा है। जिससे आदिवासी समाज का विकास हो सके। साथ ही विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने जनसूनवाई कार्यक्रम के तहत पेशरार प्रखंड मुख्यालय पंहुच प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में आम ग्रामीण जनता के साथ जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं दीप प्रज्वलित कर जनसुनवाई कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। पेसरार प्रखंड के जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न गांव से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से लगभग 100 आवेदन माननीय मंत्री महोदय के समक्ष रखी गई। मौके पर वित्त मंत्री द्वारा प्राप्त आवेदन के निष्पादन हेतु कार्यक्रम में उमस्थित संबंधित विभाग जिला एवं प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों को दिया गया। एवं अधिकारियों को त्वरित कारवाई करने को कहा । जनता को भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र ही प्राथमिकता के आधार पर कारवाई की जाएगी और सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा । संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन निष्पादन हेतु दी गई है एवं अन्य जो भी कार्य हमारे विधायक मद एवं अन्य विभागों से पेशरार प्रखंड के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार गांवों की सरकार है। और बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ बहुमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारे द्वारा प्रत्येक का प्रखंड मुख्यालय पहुंच जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे आम ग्रामीण जनता के द्वारा अपनी समस्या रखी जा रही है। हम जनता से है और जनता के समस्याओं का निदान ही हमारी प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम से जनता का समस्या का हल हो सके इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा विधानसभा के सभी प्रखंड मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, रोहित उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, प्रखंड प्रमूख, उपप्रमुख, प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र सिंह,सामुल अंसारी, हाजी सदरुल, डोमना उरांव, युवा कांग्रेस महासचिव फहद खान, जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग,संजर अहमद, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष हाजी सिकंदर, महिला अध्यक्ष सीमा परवीन, सेवादल अध्यक्ष शंभू प्रजापति, दीपक महतो, संतोष महतो, तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, संजय नायक, जमील अंसारी, नुसरत अंसारी, रौनक इकबाल, दीनू महली, विनय उरांव, शिव उरांव, बालेश्वर माहली,कांग्रेस पार्टी के सभी पंचायत अध्यक्ष प्रशासनिक के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे ।

## चलते चलते एक नजर

### जनता का निजी डेटा सुरक्षित नहीं : खड़गे



**नई दिल्ली :** कोविड वैक्सीनेशन के पोर्टल कोविन से डेटा लीक होने की खबरों के बाद से राजनीति तेज हो गई है. हालांकि केंद्र सरकार ने कोविन पोर्टल से डाटा लीक होने के दावे को खारिज कर दिया है.इस डेटा लीक की खबर से विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया है. इस बीच कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मामले में सरकार पर निशाना साधा है. खरगे ने कहा कि एक गैरजिम्मेदार मोदी सरकार डाटा लिक पर चाहे जितनी भी लीपापोती करे, लेकिन डेटा लीक हुआ है. मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट करते हुए तीन बातें सामने रखीं. पहली, जनता का निजी डेटा सुरक्षित नहीं है. सभी भारतीय जानते हैं कि 2017 में किस तरह मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित करने का कड़ा विरोध किया था. देश में साइबर अटैक और डेटा लीक के मामले लगातार बढ़े हैं. फिर चाहे वो 2018 का 卐विश्व का सबसे बड़ा卐 आधार डेटा ब्रीच हो या फिर एम्स पर नवंबर 2022 का साइबर अटैक हो.उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सितम्बर 2018 में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि आधार डेटा 13 फीट ऊंची और पांच फीट मोटी दीवारों में सुरक्षित है. डिजिटल इंडिया का ढोल पीटने वाली मोदी सरकार के कार्यकाल में साइबर अटैक कई गुना बढ़ गए हैं. खरगे ने कहा कि कुछ मिलाकर स्थिति स्पष्ट है कि न मोदी सरकार को 140 करोड़ लोगों के निजात के मौलिक अधिकार की परवाह है और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई मतलब है. डेटा प्राइवेसी को लेकर कानून बनाया नहीं है. इसके साथ साइबर अटैक पर राष्ट्रीय सुरक्षा नीति लागू नहीं की है.

### छोटा परिवार स्वास्थ व सुखी रहता है : डॉ. लाल माझी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** डॉ लाल माझी, राज्य नोडल पदाधिकारी, परिवार नियोजन कोषांग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरएमएनसीएच+ए के तहत जिलें में कार्यरत कॉन्सेलर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण (13, 15 जून 2023) किया जाना हैआरएमएनसीएच + ए (प्रजनन, मातृ, नवजात और बाल स्वास्थ्य और किशोरावस्था) कार्यक्रम की एक बड़ी और अधिक व्यापक छतरी के तहत परिवार नियोजन प्रयासों के लिए एक अच्छी तरह से परिभाषित फोकस रखा गया है। राज्य नोडल पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थायी विधि के रूप में महिला एवं पुरूष नसबन्दी की सेवा राज्य के आम जनता को देना है साथ ही अस्थाई विधियो में निरोध, आईयूसीडी तथा अन्तरा एवं छाया इंजेक्शन की सुविधा भी सभी को उपलब्ध कराना है । यदि महिलाओं को परिवार नियोजन अपनाने हेतु स्वतन्त्रता दी जाए तो अधिकांश महिलाएं सिर्फ दो बच्चों को ही जन्म देना स्वीकार करेगी। सिर्फ दो बच्चो के पर्याप्त अन्तर से जन्म लेने की वजह से माता का स्वास्थ अच्छा रहता है। वह परिवार की देखभाल अच्छी तरह से करती है। माताओ और शिशुओं के स्वास्थ सम्बन्धी खतरे बहुत कम हो जाते है। छोटा परिवार स्वास्थ, सुखी और सतुंष्ट रहता है। इस अवसर पर गुंजन खलखो, राज्य परिवार नियोजन समन्वयक, नवल किशोर यादव, जपाईगो के प्रतिनिधि, अभिजीत मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीतनराम मांझी के बेटे संतोष ने दिया नीतीश कैबिनेट से इस्तीफा



एजेंसी

**पटना :** बिहार में महागठबंधन में दरार पड़ती नजर आ रही है. नीतीश कुमार मंत्रिमंडल से संतोष मांझी ने की इस्तीफ़े की पेशकश कर एक नया मुद्दा उठा दिया है. संतोष मांझी पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी के पुत्र हैं. संतोष मांझी ने इस इस्तीफ़े की पेशकश संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी को की है. बता दें कि विजय चौधरी, सरकार में किसी हिस्सेदारी को लेकर नीतीश कुमार द्वारा मांझी से बात करने के लिए अधिकृत हैं.

संतोष मांझी नीतीश कुमार की सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग संभाल रहे थे. संतोष मांझी का कहना है कि उन लोगों पर जनता दल यूनाइटेड द्वारा विलय का प्रस्ताव दिया गया था, जो उन्हें नामंज़ूर हैं, इसलिए उन्होंने इस्तीफ़ा दिया है. संतोष मांझी का कहना है कि पार्टी का जेडीयू में विलय हमारे कार्यकर्ताओं के सम्मान और उसूलों के खिलाफ होता है.

हमने बड़ी मेनहत से अपनी पार्टी का निर्माण किया है और जनता की आवाज बने हुए हैं. अगर हम अपनी पार्टी जेडीयू में मिला देते, तो यह आवाज खत्म हो जाती है, इसलिए मैंने कैबिनेट से इस्तीफा देने का फैसला किया.संतोष मांझी का कहना है कि उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया हैं, लेकिन महागठबंधन के हिस्सा वे अभी तक हैं.

निश्चित दौर पर विलय के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा था. हमारी पार्टी का अस्तित्व ख़तरे में था. हम लोगों के पास विलय का प्रस्ताव जनता दल यूनाइटेड के तरफ़ से आया था. नीतीश जी का सम्मान करते हैं. उनका कुशल नेतृत्व हैं, लेकिन प्रस्ताव को हमने स्वीकार नहीं किया.

## ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को भेजा समन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने जमीन घोटाला मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को समन भेजकर कर 21 जून को हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले आठ मई को भी जमीन घोटाले मामले में विष्णु अग्रवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। विष्णु अग्रवाल ईडी कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन उन्होंने ईडी के अधिकारियों से कहा था कि वह बीमार है।

उनका हाल ही में ऑपरेशन हुआ है। उन्हें पेट में दर्द है। उन्हें जाने दिया जाये। इसके बाद ईडी ने कागजी कार्रवाई पूरी कराने के बाद उन्हें जाने दिया था।

## भारत आने वाला है दुनिया का सबसे



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले कुछ दिनों में अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं. इस दौरान वो अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडेन से भी मिलेंगे. माना जा रहा है कि इस दौरान एमक्यू-9 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की घोषणा हो सकती है. इसी ड्रोन से अलकायदा के सरगना अयमान अल-जवाहिरी को मारा गया था. इस ड्रोन की खासियत यही है कि उसके आने-जाने की खबर तक नहीं चलती, जब तक वह हमला नहीं कर देता. एमक्यू 9 प्रीडेटर दुश्मनों पर चुपके से नजर रखता है. जरुरत पड़ते ही मिसाइल से हमला कर देता है. अमेरिका इसे हंटर-किलर यूएवी कहता है. एमक्यू 9 प्रीडेटर लॉन्ग रेंज एंड्योरेंस ड्रोन है. जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों से लैस रहता है. इसमें लगे आर 9एक्स हेल्फायर मिसाइल से जवाहिरी के अड्डे पर हमला किया गया है.एमक्यू 9 प्रीडेटर को रिमोट से उड़ाया जाता है. इसे अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स बनाती है. यह किसी भी तरह के मिशन के लिए भेजा जा सकता है. जैसे- सर्विलांस, जासूसी, सूचना जमा करना या फिर दुश्मन के ठिकाने पर चुपके से हमला करना. एमक्यू 9 प्रीडेटर ज्यादा समय तक और ज्यादा ऊंचाई से निगरानी करने में सक्षम हैं.इसकी रेंज 1900 किलोमीटर है. यह अपने साथ 1700 किलोग्राम वजन का हथियार लेकर जा सकता है. इसे चलाने के लिए दो कंप्यूटर ऑपरेटर्स की जरूरत होती हैं, जो ग्राउंड स्टेशन पर बैठकर वीडियो गेम की तरह इसे चलाते हैं.इस ड्रोन की लंबाई 36.1 फीट, विंगस्पैन 65.7 फीट, ऊंचाई 12.6 फीट होती है. ड्रोन का खाली वजन 2223 किलोग्राम होता है. जिसमें 1800 किलोग्राम ईंधन की क्षमता होती है. इसकी गति 482 किलोमीटर प्रतिघंटा होती है. जो 50 हजार फीट की ऊंचाई से दुश्मन को देखकर उसपर मिसाइल से हमला कर सकता है.

आमतौर पर 25 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ाया जाता है.

## 51 ट्रैक्टर पर निकली किसान के बेटे की बरात



एजेंसी

**बाड़मेर** . बड़ी बड़ी और महंगी गाड़ियों और यहां तक कि हेलीकॉप्टर में बारात ले जाने का ट्रेंड है तो वहीं राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक किसान ने अपने बेटे की बारात ट्रैक्टर पर निकाली. सोमवार को 51 ट्रैक्टरों के काफिले से साथ बारात निकली. जो कि एक किलोमीटर से अधिक लंबा ट्रैक्टरों का काफिला था. इतने सारे ट्रैक्टरों पर बारात को गुजरता देख हर कोई दंग रह गया. सबसे खास बात यह है कि दूल्हा खुद ही ट्रैक्टर चलाकर अपने ससुराल पहुंचा. जानकारी के अनुसार सगराणियों की बेरी निवासी 22 वर्षीय प्रकाश चौधरी की शादी सोमवार को रोली गांव निवासी ममता के साथ हुई. दूल्हा प्रकाश बारातियों के साथ ट्रैक्टर खुद चलाकर करीब 15 किलोमीटर दूर ससुराल पहुंचा. 1 किलोमीटर से ज्यादा लंबी ट्रैक्टरों पर निकली इस बारात को देखकर हर कोई हैरान था. सभी उत्सुकतावश बारात की जानकारी इकट्ठा करते दिखे.दूल्हे प्रकाश ने बताया कि मैं किसान परिवार से हूँ और ट्रैक्टर किसान की पहचान है. इसलिए 51 ट्रैक्टरों पर बारात निकाली. प्रकाश की शादी रोली गांव निवासी ममता के साथ हुई है. किसान जेठाराम ने बताया कि खेती बाड़ी का काम करते हैं और धरती पुत्र किसानों की ट्रैक्टर पहचान है. इसके साथ ही बेटे की बारात में किसान साथियों को ले जाना था इसलिए किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ बारात में शामिल हुए. जेठाराम ने बताया कि 51 ट्रैक्टर हमारी सूची में थे. इसके अलावा 10 -15 किसान अपने अपने ट्रैक्टरों को लेकर बारात में शामिल हो गए. तकरीबन 150 - 200 लोग बाराती बनकर शादी में शामिल हुए जेठाराम ने बताया कि उनके पिता की बारात ऊंट गाड़ी पर निकली थी परंतु उनकी बारात भी ट्रैक्टर पर ही निकली थी. बेटे की बारात ट्रैक्टर पर ले जाने का पहले से ही सोच रखा था.

## सौर ऊर्जा से पश्चिमी सिंहभूम के दुरूह गांव हो रहे रोशन

### मूलभूत सुविधाओं से अबतक महरूम ग्रामीणों तक पहुंच रही सुविधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश में पश्चिमी सिंहभूम के सुदूरवर्ती गांव में निवास करने वाले ग्रामीणों को अब मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है, जिससे वे दशकों तक वंचित थे। सरकार की संवेदनशीलता की वजह से यह संभव हो पा रहा है। अब दुरूह गांव तक सरकार और सरकार की योजनाएं भी पंहुच रही है। नक्सल प्रभाव में रहे चाईबासा की आबो हवा को बदलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**रोशन हो रहे दुरूह क्षेत्र, लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधा:** जिले में दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचालित पुलिस पिकेट एवं सीआरपीएफ कैंपों में बिजली सुविधा की अनुपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए 13 पुलिस पिकेट एवं कैंप में 25ऋङ्खश्च क्षमता के सौर ऊर्जा आधारित ऑफ ग्रिड पावर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य किया गया है। दुर्गम क्षेत्रों में क्रियान्वित कैंप एवं पुलिस पिकेट में बिजली की उपलब्धता बहाल रहने से बिजली चालित उपकरणों का बेहतर क्रियान्वयन तथा वहां मौजूद जवानों को कर्तव्य निष्पादन में सहूलियत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

वहीं दूसरी ओर, चाईबासा के घोर नक्सल प्रभावित एवं सुदूर गांवों में जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है। अंजदबेड़ा, टोन्टो, तग्रातुम्बाहाका जैसे दर्जनों गांव हैं जहां कैंप का आयोजन विगत दिनों हुआ है, जिसमें सदर अस्पताल, चाईबासा के टीम की द्वारा विभिन्न बिमारियों से ग्रसित ग्रामीणों का इलाज किया गया। वृद्ध एवं बच्चों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई है।

**आम लोगों के लिए पोर्टल की सुविधा:** पश्चिमी सिंहभूम के दूरदराज क्षेत्रों में वासित जनमानस जिन्हें अपने समस्या/शिकायत के समाधान हेतु जिला मुख्यालय आना पड़ता है, उन सभी को अपनी बातों को जिला प्रशासन के समक्ष रखने के लिए पब्लिक हेल्प सेल संपर्क सूत्र- 06582-256301, व्हाट्सएप नंबर- 9279452376, ईमेल आईडी apkasahayakdcws@gmail.com का शुभारंभ किया गया है। इससे पोर्टल पर दर्ज समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने में जिला प्रशासन को काफी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पोर्टल के माध्यम से संपर्क करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं क्रियान्वित योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा।

> **चाईबासा वासियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ एवं उन्हें मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर हमारी प्राथमिकताओं में दुरूह गांवों में निवास करने वाले ग्रामीण हैं।**
>
> **अनन्य मित्तल**
> **उपायुक्त चाईबासा**

**युवाओं के लिए ओपन जिम:** युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक तौर पर दक्ष बनाने के उद्देश्य से कल्याण विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, झारखण्ड बालिका विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं स्किल सेंटर के माध्यम से भावी पीढ़ियों को 28 आवासीय शिक्षण संस्थान में ओपन जिम का अधिष्ठापन किया गया है। सरकार की सोच है कि शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को विकसित करने से भावी पीढ़ियों के सर्वांगीण विकास में लाभकारी हो सकता है।

## भोपाल के सतपुड़ा भवन में आग पर गरमाई सियासत



एजेंसी

**भोपाल :** भोपाल के सतपुड़ा भवन में लगी आग भले ही काबू में आ गई हो, लेकिन अब इस पर सियासत सुलगने लगी है. विपक्ष ने सरकारी फाइलें जलाने का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की. जिस पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि सभी फाइलें हार्ड डिस्क और पेन ड्राइव में सुरक्षित है. भोपाल के सतपुड़ा भवन में लगी आग पर करीब 14 घंटे बाद काबू पा लिया गया है. लेकिन अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है. सतपुड़ा भवन आग लगने के बाद विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया है. मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने आग लगने की घटना की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है. उनका कहना है कि आग में करीब 12,000 सरकारी फाइलें खाक हो गई हैं. राज्य सरकार का कहना है कि सभी फाइलें हार्ड डिस्क और पेन ड्राइव में सुरक्षित हैं, थोड़ी मेहनत लगेगी लेकिन सभी मिल जाएंगी. इधर इस मसले पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक समीक्षा बैठक भी की है. मुख्यमंत्री ने जांच के लिए 4 सदस्यों की कमेटी का गठन किया है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये सतपुड़ा भवन की तीसरी मंजिल पर एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी. जिसके बाद ये आग चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल पर फैल गई. दमकल विभाग, स्ष्ठक्रस्न की टीम की मदद से आग बुझाई गई. आग बुझाने के लिए ष्टढ्ढस्स्न, एयरपोर्ट अथॉरिटी की भी मदद ली गई. सतपुड़ा भवन की तीसरी मंजिल आदिम जाति कल्याण विभाग है. आग लगने के बाद मुख्यमंत्री ने जांच के लिए 4 सदस्यों की कमेटी का गठन किया है. ये कमेटी जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपेगी. इस मामले पर मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक भी की है.

## अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ बीजेपी ने किया प्रदर्शन




एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले सभी दलों की तरफ से तैयारी जारी है. इस बीच मंगलवार को बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने जयपुर में अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. गौरतलब है कि पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर बीजेपी गहलोत सरकार को लगातार घेर रही है. बीजेपी कार्यकर्ता सचिवालय का घेराव करने सड़कों पर उतरे तो इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, बाद में पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया. बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के कई वीडियो सामने आए हैं.राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए, भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी मीणा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी मंत्री शांति धारीवाल के भ्रष्ट आचरण और राज्य में खानों और जल जीवन मिशन से जुड़े घोटालों का पर्दाफाश करेगी. प्रदर्शन से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मीणा ने दावा किया कि सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग में 5,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था, लेकिन जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जांच की अनुमति मांगी, तो मुख्यमंत्री ने इनकार कर दिया.मीणा ने दावा किया कि देश में पहली बार एक सरकारी भवन की अलमारी से 2.31 करोड़ रुपये नकद और सोना बरामद किए गए हैं. नकदी और सोना पिछले महीने योजना भवन के तहखाने में बंद अलमारी से जब्त किया गया था, जिसके बाद जयपुर पुलिस ने डीओआईटी के एक संयुक्त निदेशक को गिरफ्तार किया था. मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. राजस्थान में एक साल में प्रतियोगी परीक्षाओं के सोलह पेपर हुए और वे सभी लीक हुए हैं. अब प्रवर्तन निदेशालय ने आकर जांच शुरू कर दी है, इसलिए गहलोत डरे हुए हैं. बताते चलें कि इस महीने की शुरुआत में, प्रवर्तन निदेशालय ने परीक्षा पेपर लीक मामले में राजस्थान में कई स्थानों पर तलाशी ली थी.

## बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र बनाने में बरतनी होगी सावधानी : के. रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड में पहचान पत्र बनाने, उसमें सुधार करने, नाम जोड़ने को लेकर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पहचान पत्र से संबंधित जो कार्यक्रम चलाए जा रही है उसकी जानकारी दी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात उन्होंने डुमरी विधानसभा उप चुनाव और बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर कहा।

**डुमरी चुनाव का घोषणा कभी भी:** शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद डुमरी विधानसभा का सीट रिक्त पड़ा हुआ है इस पर उपचुनाव होना है । बीच में कयास लगाए जा रहे थे , कि दिवंगत शिक्षा मंत्री के बेटे या पत्नी को मंत्री बनाकर पेश किया जाएगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ । वहीं के रवि कुमार ने बताया कि अभी उपचुनाव को लेकर किसी तरह का आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है, लेकिन कभी भी उपचुनाव की घोषणा केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा कभी भी की जा सकती है। वहीं बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कहा कि पहले सत्यापन होगा, उसके बाद वैसे लोगों का पहचान पत्र बनाया जाएगा, जो भी निर्देश केंद्रीय निर्वाचन आयोग से आएगी उसको देखते हुए यहां पर भी की जाएगी।

**2024 में होने वाले चुनावों को लेकर पहचान पत्र जरूरी:** अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग अपनी तैयारियों में लग चुका है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में इससे संबंधित जानकारी पत्रकारों को दी, उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम राज्य में जून महीने की शुरूआत से जारी है। यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके जरिए तैयार होनेवाले मतदाता सूची के आधार पर ही आगामी लोकसभा चुनाव का संचालन होगा। ऐसे में यह जरूरी है कि सभी योग्य नागरिकों का निबंधन इस कार्यक्रम के जरिये मतदाता सूची में कर लिया जाए, एक भी वोटर मताधिकार से वंचित ना रहे यह प्राथमिकता में है।




**घर-घर होगा सत्यापन:** के रवि ने बताया कि राज्य में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ अपने अपने क्षेत्र के घर-घर सत्यापन करने जायेंगे। वोटर लिस्ट, फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निवारण 22 अगस्त से 29 सितंबर तक होगा। 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक मतदाता सूची में नाम और अन्य कार्यो से संबंधित दावा और आपत्ति संबंधी आवेदन दिए जा सकेंगे। 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

**वोटरों की बढ़ी संख्या:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि के अनुसार पिछले पांच पुनरीक्षण कार्यक्रम से मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। 10 जनवरी 2018 को पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कुल वोटरों की संख्या 21835434 थी, इसी तरह 30 जनवरी 2019 को जारी सूची में एक फीसदी की वृद्धि के साथ यह संख्या 2 करोड़ 98 लाख 1479 हो गई, 12 अक्टूबर 2019 को यह आंकड़ा 22617612 हो गई, 15 जनवरी 2021 को जारी सूची के मुताबिक 23539328 वोटर (2.18 प्रतिशत की वृद्धि) हो गया, 5 जनवरी 2022 को सूची में 2.70 फीसदी बढ़ोत्तरी के साथ 24473937 वोटर हुआ, पिछली बार (5 जनवरी 2023) को जारी सूची में 2.25 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल वोटर 24529841 हो गया।